RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 251
नई दिल्ली, बुधवार, 20 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





फिल्म तेहरान में नजर आएंगी मानुषी छिल्लर
राष्ट्रीय-9


# नूंह में अवैध खनन रोकने पहुंचे डीएसपी को डंपर से रौंदा, मौत

- मुठभेड़ में गोली लगने के बाद एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश
- मुख्यमंत्री ने कहा- दोषियों को बख्शेंगे नहीं विपक्ष ने साधा निशाना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



नूंह में अवैध खनन को लेकर डीएसपी को रौंदे जाने के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस। (इनसेट -मृतक डीएसपी की फाइल फोटो)

**हरियाणा** के नूंह जिले के अरावली क्षेत्र में अवैध पत्थर खनन की जांच कर रहे पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) को उस समय एक डंपर से कुचल दिया गया, जब उन्होंने चालक को रुकने का इशारा किया। डीएसपी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने एक हत्यारोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है।

राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि घटना में शामिल किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार, तावडू के डीएसपी सुरेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ तावडू के निकट पचगांव में अरावली पहाड़ियों में अवैध पत्थर खनन पर रोक के वास्ते छापे मारने गए थे और करीब 11 बजकर 50 मिनट पर उन्होंने पत्थर लदे डंपर को रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने रफ्तार बढ़ाते हुए डंपर उन पर चढ़ा दिया। डीएसपी के चालक और सुरक्षाकर्मी ने सड़क के किनारे कूदकर अपनी जान बचाई, लेकिन सुरेंद्र सिंह ट्रक की चपेट में आ गए। पुलिस ने बताया कि सिंह को फौरन पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हरियाणा पुलिस में डीएसपी सिंह की भर्ती 1994 में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर हुई थी और वह कुछ महीनों में ही सेवानिवृत्त होने वाले थे। मूल रूप से हिसार जिले के सारंगपुर गांव के निवासी सिंह कुरुक्षेत्र में अपने परिवार के साथ रह रहे थे।

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पी.के. अग्रवाल ने नूंह में घटनास्थल का दौरा किया और पत्रकारों से कहा कि हत्या का मामला दर्ज किया गया है। एक संदिग्ध को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है। संदिग्ध को मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगी है। डीजीपी ने कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति मुख्य अरोपी नहीं है। पुलिस टीम डंपर चालक की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है। अग्रवाल ने कहा कि अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना में शामिल सभी दोषियों के साथ कानून के दायरे में सख्ती से निपटा जाएगा। हरियाणा पुलिस किसी भी अपराधी को नहीं छोड़ेगी। डीजीपी ने कहा कि पुलिस टीम हत्या में शामिल अन्य लोगों की धरपकड़ के लिए छापे मार रही है। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2015 से प्रतिवर्ष नूंह में अवैध खनन की करीब 50 शिकायतें दर्ज की जाती हैं। उन्होंने बताया (शेष पेज 8)

## पीड़ित परिवार को एक करोड़ और नौकरी देंगेः खट्टर

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया है। उन्होंने हिन्दी में ट्वीट किया कि तावडू (नूंह) के डीएसपी सुरेंद्र सिंह जी की हत्या के मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दे दिए गए हैं, एक भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। खट्टर ने डीएसपी के परिवार को एक करोड़ रुपए की सहायता और परिवार के सदस्य को नौकरी देने की भी घोषणा की है। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि उन्होंने पुलिस को सख्त कार्रवाई करने और इस घृणित कृत्य के लिए जिम्मेदार सभी दोषियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है।

# श्रीलंका संकटः वित्तीय विवेक, मुफ्त संस्कृति से बचने के सबक



मंगलवार को नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर। साथ में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी और पुरुषोत्तम रूपाला

- सर्वदलीय बैठक में बोले विदेश मंत्री, पड़ोसी देश में स्थिति बहुत गंभीर, भारत चिंतित
- अपने देश में ऐसी स्थिति बनने की आशंकाओं को सिरे से किया खारिज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**पड़ोसी** देश श्रीलंका में जारी आर्थिक और राजनीतिक संकट को लेकर भारत चिंतित है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को सर्वदलीय बैठक में कहा कि श्रीलंका जिस संकट से गुजर रहा है उससे वित्तीय विवेक, जिम्मेदार शासन और मुफ्त की संस्कृति से दूर रहने का सबक लेना चाहिए। सरकार ने श्रीलंका संकट को लेकर मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रारंभिक टिप्पणी की। सरकार की ओर से बैठक में हिस्सा लेने वालों (शेष पेज 8)

## 44 साल में पहली बार श्रीलंका की संसद राष्ट्रपति का चुनाव सीधे करेगी

**कोलंबो (भाषा)।** श्रीलंका की संसद 44 वर्षों में पहली बार बुधवार को त्रिकोणीय मुकाबले में सीधे तौर पर राष्ट्रपति का चुनाव करेगी, जिसमें अंतिम क्षणों में राजनीतिक पैंतरेबाज़ी से कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे पर दुल्लास अल्हाप्पेरुमा की बढ़त का संकेत मिलता है।

विपक्षी दलों के साथ-साथ उनकी मूल पार्टी के अधिकतर सांसदों का उन्हें समर्थन है। विक्रमसिंघे, अल्हाप्पेरुमा और वामपंथी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) नेता अनुरा कुमारा दिसानायके को मंगलवार को सांसदों द्वारा 20 जुलाई के राष्ट्रपति चुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों के रूप में प्रस्तावित किया गया था।

देश में अब तक के सबसे भीषण आर्थिक संकट से निपटने में नाकाम रहने पर भड़के विरोध प्रदर्शनों के चलते देश छोड़कर भागे गोटबाया राजपक्षे के राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद नए राष्ट्रपति के लिए कल चुनाव होगा। एसएलपीपी के अध्यक्ष जी एल पीरिस ने मंगलवार को कहा कि सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) पार्टी के अधिकतर सदस्य इससे (शेष पेज 8)

# दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी सभी राज्यों की सहमति से लगाया

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि गैर-भाजपा शासित राज्यों समेत सभी राज्यों से मंजूरी मिलने के बाद आटा समेत अन्य वस्तुओं पर पांच प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाया गया है। दूध, दही और आटा जैसे दैनिक इस्तेमाल के उत्पादों पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाने को लेकर आलोचनाओं के बीच सीतारमण ने यह बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि गैर-भारतीय जनता पार्टी शासित राज्य पंजाब, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल ने पांच प्रतिशत जीएसटी लगाने पर सहमति जताई थी। सीतारमण ने ट्विटर पर लिखा है कि जीएसटी व्यवस्था से पहले राज्य खाद्यान्न पर बिक्री कर या वैट लगाते थे। अनाज, आटा, दही और लस्सी पर जीएसटी लगाने का उद्देश्य कर चोरी पर लगाम लगाना है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय जीएसटी परिषद की बैठक में आम सहमति से लिया गया है। इस बैठक में सभी राज्य शामिल थे। केंद्रीय वित्त मंत्री की तरफ से यह बयान दरअसल संसद के मानसून सत्र के पहले दो दिनों में कोई काम-काज नहीं होने के बीच आया है।

विपक्षी पार्टियां रोजमर्रा इस्तेमाल के उत्पादों पर जीएसटी लगाने समेत अन्य मुद्दों पर संसद में जोरदार विरोध कर रही हैं। सीतारमण ने कहा, क्या ऐसा पहली बार है जब इस तरह के खाद्य वस्तुओं पर कर लगाया गया हो? नहीं। जीएसटी व्यवस्था से पहले राज्य खाद्यान्न से महत्वपूर्ण राजस्व एकत्र कर रहे थे। अकेले पंजाब ने खाद्यान्न पर खरीद कर के जरिए 2,000 करोड़ रुपए से अधिक और उत्तर प्रदेश ने 700 करोड़ रुपए जुटाए। उन्होंने अपनी (शेष पेज 8)

## मुंबई के पुर्व पुलिस आयुक्त एनएसई फोन टैपिंग मामले में गिरफ्तार

भाषा। नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त संजय पांडे को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) कर्मचारियों की कथित अवैध फोन टैपिंग से जुड़े धनशोधन के एक मामले में मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने 1986 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी को मामले में सात घंटे से अधिक समय की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। मंगलवार को उनसे पूछताछ का लगातार दूसरा दिन था। ईडी ने पिछले हफ्ते इस मामले में एनएसई की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चित्रा रामकृष्ण को गिरफ्तार किया था। पांडे 30 जून को सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे। मुंबई के पुलिस आयुक्त के रूप में अपने चार महीने के कार्यकाल से पहले, पांडे ने महाराष्ट्र के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक के रूप में कार्य किया। पांडे ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की प्राथमिकियों का सामना कर रहे हैं, जो आईएसईसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा (शेष पेज 8)

# उच्चतम न्यायालय से नुपुर शर्मा को मिली राहत



- 10 अगस्त तक गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा को पैगंबर मोहम्मद पर की गई टिप्पणी को लेकर कई राज्यों में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों, शिकायतों के संबंध में 10 अगस्त तक गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने शर्मा को भविष्य में दर्ज हो सकने वाली प्राथमिकियों, शिकायतों में भी दंडात्मक कार्रवाई से राहत दे दी।

मामला 26 मई को एक टीवी डिबेट शो के दौरान पैगंबर पर कथित विवादित टिप्पणी से संबंधित है। पीठ ने अपने एक जुलाई के आदेश के बाद शर्मा को कथित तौर पर जान से मारने की धमकियां मिलने का भी संज्ञान लिया। इसने अपने एक जुलाई के आदेश में शर्मा के खिलाफ देश के विभिन्न हिस्सों में दर्ज प्राथमिकियों को एकसाथ जोड़ने से इनकार कर दिया था और निलंबित भाजपा प्रवक्ता की उनकी टिप्पणी को लेकर तीखी निंदा की थी।

यह उल्लेख करते हुए कि शीर्ष अदालत कभी नहीं चाहती थी कि शर्मा राहत के लिए हर अदालत का रुख करें, पीठ ने उनकी याचिका पर केंद्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों को नोटिस जारी किया तथा सुनवाई की अगली तारीख 10 अगस्त तक उनसे जवाब मांगा। पीठ ने कहा, इस बीच, एक अंतरिम उपाय के रूप में, यह निर्देश दिया जाता है कि 26 मई 2022 के प्रसारण के संबंध में दर्ज प्राथमिकियों, शिकायतों या भविष्य में दर्ज की जा सकने वाली ऐसी प्राथमिकी, शिकायतों में याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक (शेष पेज 8)

## अध्यक्ष ने लोकसभा में राहुल शेवाले को शिवसेना नेता के रूप में मान्यता दीः शिंदे



भाषा। नई दिल्ली

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद के निचले सदन में राहुल शेवाले को शिवसेना नेता के रूप में मान्यता दे दी है। शिंदे ने यहां संवाददाताओं से कहा कि शिवसेना के सांसदों ने पार्टी संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के आदर्शों को कायम रखने के उनके रुख का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल शेवाले को निचले सदन में शिवसेना के नेता के रूप में मान्यता दे दी है। शिंदे के साथ शिवसेना के 12 लोकसभा सदस्य थे जिन्होंने संसदीय दल के नेता को बदलने के लिए अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा था। लोकसभा (शेष पेज 8)

# एसकेएम ने एमएसपी पर सरकार की समिति को किया खारिज

- संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा, निरस्त कृषि कानूनों के समर्थक नेता समिति में, वह इसका हिस्सा नहीं होगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**संयुक्त** किसान मोर्चा (एसकेएम) ने मंगलवार को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकार की समिति को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि निरस्त किए जा चुके कृषि कानूनों का समर्थन करने वाले तथाकथित किसान नेता इसके सदस्य हैं। एसकेएम ने घोषणा की कि वह समिति में शामिल नहीं होगा। एसकेएम ने एक आधिकारिक बयान जारी कर आरोप लगाया कि समिति में सरकार ने अपने पांच निष्ठावान लोगों को शामिल किया है, जिन्होंने खुले तौर पर तीन किसान विरोधी कानूनों का समर्थन किया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि उनमें से सभी या तो सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)- राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े हैं या उनकी नीतियों का समर्थन करते हैं। एसकेएम के पांच नेताओं दर्शन पाल, हन्नान मुल्ला, जोगिंदर सिंह उगराहां, यदुवीर सिंह और योगेंद्र यादव ने बयान जारी कर कहा कि पांच लोगों ने खुले तौर पर तीनों कृषि विरोधी कानूनों का समर्थन किया था और इन्होंने किसान आंदोलन के खिलाफ जहर उगला था। एसकेएम ने कहा कि तीन जुलाई की बैठक में हमने फैसला किया था कि हम किसी भी समिति के लिए अपने प्रतिनिधियों के नाम तभी देंगे, जब केंद्र की समिति के क्षेत्राधिकार और संदर्भ की शर्तें हमें स्पष्ट कर दी जाएंगी।

मोर्चा ने कहा कि समिति के एजेंडे में एमएसपी पर कानून बनाने का उल्लेख नहीं है। कुछ बातें एजेंडे में शामिल की गई हैं, जिन पर पहले ही सरकारी समिति गठित की जा चुकी है। कृषि क्षेत्र में सुधार और विपणन के नाम पर इन मुद्दों को शामिल किया गया है, जिसके जरिए सरकार तीनों कानूनों को वापस लाने की कोशिश कर सकती है। एसकेएम नेताओं ने (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,767 | ↑ | 246 | |
| निफ्टी | 16,340 | ↑ | 62 | |
| सोना | 50,290 | ↑ | 06 | /10g |
| चांदी | 55,539 | ↓ | 137 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जनसंख्या नियंत्रण कानून पर नहीं हो रहा विचार

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में जनसंख्या के मामले में भारत द्वारा अगले साल चीन को पीछे छोड़ देने का अनुमान व्यक्त किए जाने के कारण देश में इस मुद्दे को लेकर छिड़ी बहस के बीच केंद्र ने स्पष्ट किया कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून लाने पर वह कोई विचार नहीं कर रही है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में केंद्र सरकार के इस रुख के बारे में यह जानकारी दी। पवार ने कहा कि सरकार राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है, जो राष्ट्रीय जनसंख्या नीति, 2000 और राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित है।

# मार्गरेट अल्वा ने विपक्षी नेताओं की उपस्थिति में उपराष्ट्रपति के लिए पर्चा भरा

- कहा, चुनाव से डर नहीं लगता, हार और जीत जिंदगी का हिस्सा है

भाषा। नई दिल्ली




**उपराष्ट्रपति** चुनाव में विपक्ष की साझा उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा ने मंगलवार को राहुल गांधी और शरद पवार समेत कई प्रमुख विपक्षी नेताओं की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद अल्वा ने कहा कि उन्हें चुनावों से डर नहीं लगता, क्योंकि हार और जीत जिंदगी का हिस्सा हैं लेकिन सभी दलों के सांसदों का भरोसा उन्हें लोगों को साथ लेकर आने व एक मजबूत तथा एकजुट भारत बनाने में मदद करेगा।

उनके नामांकन पत्र दाखिल करने के मौके पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम एचुरी, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और शिवसेना नेता संजय राउत मौजूद थे। इनके साथ ही, समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा, द्रमुक नेता तिरुची शिवा और एमडीएमके के (शेष पेज 8)

# अग्निपथ भर्ती में अब जाति को लेकर विवाद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- विपक्षी नेताओं समेत वरुण गांधी ने भर्ती में जाति पूछने का लगाया आरोप
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया खंडन, कहा- भर्ती नीति में कोई बदलाव नहीं



संसद भवन परिसर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**सेना** में भर्ती की अग्निपथ योजना को लेकर विवाद खत्म नहीं हो रहे हैं। अब इस योजना में भर्ती के लिए जाति पूछने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कई विपक्षी नेताओं समेत जदयू और भाजपा सांसद वरुण गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय सेना अग्निपथ योजना के तहत युवाओं की भर्ती में जाति को एक कारक के रूप में इस्तेमाल कर रही है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने तुरंत इस आरोप का खंडन करते हुए कहा कि यह केवल एक अफवाह है। राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव और आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सरकार पर इस मुद्दे को लेकर तीखा हमला बोला। वहीं, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) नेता उपेंद्र कुशवाहा और भारतीय जनता पार्टी के सांसद वरुण गांधी ने भी सेना की भर्ती के लिए जाति प्रमाणपत्र मांगे जाने संबंधी कथित दस्तावेज ट्विटर पर साझा कर इस पर चिंता जताई। सत्तारूढ़ भाजपा ने आरोप लगाया कि आलोचक सेना का अनादर और अपमान कर रहे हैं और युवाओं को सड़कों पर प्रदर्शन करने के लिए भड़काने की कोशिश कर रहे हैं।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इन आरोपों को खारिज करते हुए संसद परिसर में पत्रकारों से कहा कि वह स्पष्ट करना चाहते हैं कि यह एक अफवाह है। आजादी से पहले जो (भर्ती) व्यवस्था थी, वह अब भी जारी है और उसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि सेना की भर्ती प्रक्रिया समान रूप से स्वतंत्रता पूर्व से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि इसे औपचारिक स्वरूप वर्ष 1947 के बाद विशेष सेना आदेश के तहत दिया गया और अब भी उसका अनुपालन किया जा रहा है। पात्रा ने संवाददाताओं से कहा कि सेना ने वर्ष 2013 में जब कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सरकार थी तब, एक जनहित याचिका के जवाब में उच्चतम न्यायालय में हलफनामा दाखिल किया था। पात्रा के अनुसार, हलफनामे में कहा गया कि उसकी भर्ती में धर्म और जाति की कोई भूमिका नहीं है और उम्मीदवारों से यह जानकारी केवल प्रशासनिक कारणों से ली जाती है।

इससे पहले राजद नेता ने आरोप लगाया कि केंद्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की घोर जातिवादी सरकार अब अग्निपथ रंगरूटों में से 75 प्रतिशत की छंटनी करने के दौरान जाति और धर्म देखेगी। गौरतलब है कि अग्निपथ योजना सशस्त्र बलों में सैनिकों की अल्पकाल के लिए भर्ती की योजना है जिसकी विपक्ष ने कड़ी आलोचना की है। इसके तहत भर्ती होने वाले अग्निवीरों में से 75 प्रतिशत को चार साल के बाद सेवामुक्त कर दिया जाएगा, जबकि (शेष पेज 8)

# गंगाजल प्रोजेक्ट पर काम शुरू पुलिस ने खत्म कराया धरना

● पल्ला गांव में भारी फोर्स तैनात, सुनील फौजी गिरफ्तार, एक दशक से परियोजना पर नही हो पा रहा था काम



**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

पल्ला गांव में करीब साढ़े सात महीनों से चल रहा किसानों का धरना मंगलवार की सुबह गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने खत्म करवा दिया है। सोमवार की देर रात किसान नेता सुनील फौजी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस वक्त पल्ला गांव में भारी फोर्स तैनात है।

पीएसी की निगरानी में ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी ने गंगा वाटर प्रोजेक्ट का काम शुरू करवा दिया है। करीब एक दशक पुरानी इस योजना को रोककर किसान बैठे थे।

सुनील फौजी के नेतृत्व में पिछले करीब साढ़े सात महीनों से किसान विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। वह पल्ला गांव में धरने पर बैठे थे। ग्रेटर नोएडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने करीब एक महीना पहले किसानों से अपील की थी। सीईओ ने कहा था कि गंगाजल परियोजना को लेकर कोई विवाद नहीं है। दूसरी परियोजना को लेकर विरोध है तो गंगाजल परियोजना का काम रोकना अनुचित है। अगर किसान गैर कानूनी रवैया अपनाएंगे तो मजबूर होकर सख्ती से काम लेना पड़ेगा। अथॉरिटी की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी अदिति सिंह ने वार्ता की थी। सोमवार को अथॉरिटी की ओर से एकबार फिर वार्ता का प्रस्ताव दिया गया था। किसानों को संदेश दिया गया था कि गंगाजल परियोजना का काम पूरा होने दें। इस प्रोजेक्ट के लटकने से ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लाखों लोग अच्छे पेयजल से वंचित हैं। किसानों ने अथॉरिटी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। किसानों ने कहा कि केवल सीईओ सुरेंद्र सिंह से बात करेंगे। मांगे पूरी होने तक गंगाजल परियोजना का काम शुरू नहीं होने दिया जाएगा। किसानों के धरने का नेतृत्व सुनील फौजी कर रहे थे।

मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात ग्रेटर नोएडा की दादरी पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया। वह दिन-रात धरनास्थल पर रहते थे। वार्ता का प्रस्ताव ठुकराने के बाद ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के सीईओ ने सख्त कदन उठाने का आदेश अफसरों को दिया। सोमवार को प्राधिकरण और पुलिस ने सभी तैयारी पूरी कर ली थीं। बताया जा रहा है कि सुनील फौजी पत्नी की बीमार हैं। उनका इलाज ग्रेटर नोएडा के एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है।

सुनील फौजी बीती रात पत्नी से मिलने अस्पताल गए थे। उसी दौरान पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया। दूसरी तरफ मंगलवार की सुबह भारी फोर्स पल्ला गांव में धरनास्थल पर पहुंचा। किसानों को हटा दिया गया है। पुलिस ने धरनास्थल को उखाड़ दिया। इस दौरान किसानों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक और झड़प हुई। फिलहाल भारी पुलिस बल मौके पर है और धरनास्थल को हटा दिया गया है।

टैंट उखाड़ दिया गया है। किसानों को हिरासत में लेकर व्यायामशाला में बंद कर दिया गया। बाद में किसान अपने घर चले गए। किसी किसान को गिरफ्तार नहीं किया गया है। आपको बता दें कि दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल रेलवे फ्रेट कॉरिडोर से प्रभावित किसान सर्किल रेट से 4 गुना मुआवजा और नए भूमि अधिग्रहण कानून के तहत बाकी लाभ मांग रहे हैं।

# 26 की रात 9 बजे से शुरू होगा जलाभिषेक

● 27 जुलाई को होगा शिवरात्रि व्रत, कांवड़ियो की शुरू हो गई है वापसी

**पायनियर समाचार सेवा । गाजियाबाद**

सावन का महीना शुरू होते ही शिवभक्त भगवान भोले का जलाभिषेक करने के लिए गोमुख, गंगोत्री, हरिद्वार की ओर निकल पड़ते हैं और शिवरात्रि तक शिवालयों में जलाभिषेक कर अपना संकल्प पूरा करते हैं। कांवड़ियों का अब हरिद्वार से वापस लौटना शुरू हो गया है, हालांकि अभी दूर-दराज के शहरों के कांवड़िया ही लौट रहे हैं।

शिवरात्रि का जलाभिषेक इस बार 26 जुलाई की रात नौ बजकर 15 मिनट पर शुरू होगा, जो अगले दिन 27 जुलाई की रात 9 बजकर 11 मिनट तक जारी रहेगा। 27 जुलाई को पूरा दिन चतुर्दशी रहेगी, इसके चलते 27 जुलाई को ही शिवरात्रि का व्रत रखा जाएगा। शहर के ऐतिहासिक दूधेश्वरनाथ मंदिर में लाखों की संख्या में शिवभक्त जलाभिषेक करते हैं। दूधेश्वरनाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने बताया कि वैसे तो सावन का पूरा महीना ही शिव को प्रिय होता है। लेकिन, शिवरात्रि पर जलाभिषेक करने से भगवान अपने भक्तों पर हमेशा कृपा बनाए रखते हैं। महंत नारायण गिरी ने बताया कि मंदिर में 25 से 27 जुलाई तक श्रावण मेले का आयोजन किया जाएगा। हजारों शिवभक्त हरिद्वार से जल लेकर मंदिर पहुंचते हैं, जिसमें वह सबसे पहले हाजिरी का जल चढ़ाते हैं।

हाजिरी का जल 26 जुलाई से शुरू होगा। इसके उपरांत चतुर्दशी का जलाभिषेक 26 जुलाई की रात 9 बजकर 15 मिनट से शुरू होकर 27 जुलाई रात 9 बजकर 11 मिनट तक जारी रहेगा। 27 जुलाई को ही शिवरात्रि का व्रत रखा जाएगा। पंडित शिवशंकर शर्मा ने बताया कि भगवान शंकर को भक्ति की भावना और आस्था प्रिय है। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए जलाभिषेक के अलावा गंगा जल, दूध.दही, शहद, पंचामृत आदि से स्नान कराना, भगवान शिव पर बेलपत्र, आक के पुष्प, भांग, धतूरा, भस्म आदि अर्पित करने का भी विधान है।



## एक ही सड़क से गुजर रहे हैं कांवड़िए और वाहन

*गाजियाबाद। मेरठ रोड पर अब कांवड़ियों का आना लगातार बढ़ता जा रहा है। बड़ी सख्या में हरिद्वार से कांवड़ियों का वापस लौटना भी शुरू हो गया है। लेकिन, मेरठ मार्ग पर एक ही रोड पर कांवड़िया और वाहन दोनों चल रहे हैं, जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है।*

*कांवड़ यात्रा को देखते हुए मेरठ रोड पर 16 जुलाई से रूट डायवर्जन कर दिया गया था, ताकि कांवड़ियों को आने में कोई दिक्कत न हो। बावजूद इसके आज यानि 19 जुलाई तक भी मेरठ रोड पर सामान्य गति से ट्रैफिक चल रहा है।*

## कांवड़ियों की वेशभूषा में रहेंगे साइकिल स्क्वाड पुलिसकर्मी

गाजियाबाद। मुरादनगर में कांवड यात्रा के दौरान कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था और अन्य सुविधाओं को लेकर पुलिस प्रशासन के अधिकारी सतर्क हैं। गंगनहर पटरी से लेकर पाइपलाइन मार्ग पर साइकिल स्क्वाड कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा सभालेंगे। मंगलवार शाम पांच बजे गंगनहर पुलिस चौकी के सामने एसपी देहात डॉ ईरज राजा ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल स्क्वाड को रवाना किया। उन्होंने बताया कि गंगनहर पटरी से लेकर पाइपलाइन मार्ग व दिल्ली मेरठ मार्ग पर साइकिल स्क्वाड पुलिसकर्मी टीम गश्त करती रहेंगी। उपजिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला ने मंगलवार को गंगनहर पटरी पर कस्बा निवाड़ी स्थित कांवड़ सेवा शिविर का निरीक्षण किया।



## दूधेश्वरनाथ मंदिर में बैरिकेडिंग का काम शुरु

**गाजियाबाद।** श्रावण मेले को लेकर दूधेश्वरनाथ मंदिर में तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। इस बार लकड़ी के बजाए लोहे के पाइपों की बैरिकेडिंग लगाई जा रही है, ताकि इसके टूटने का खतरा न रहे। डीएम आरके सिंह ने इस सम्बंध में पहले ही अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए थे।

## यात्रा वाहन पास के लिए थाने में करें आवेदन

**गाजियाबाद।** कांवड़ यात्रा के दौरान आपात व अनिवार्य सेवाओं के वाहन निंविवाद रूप से संचालित होते रहे। उक्त बात को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस प्रशासन ने हर थाने में ऐसे वाहनों के स्वामियों, चालकों को कांवड़ मार्ग पर चलने के लिये फॉर्म भरकर पास बनवाने की सुविधा प्रदान की है। यह जानकारी देते हुए एसएसपी मुनिराज ने बताया कि अनिवार्य एवं आपात कालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों के पास बनवाने के लिये वाहन स्वामी अथवा चालक को अपने क्षेत्र अथवा निकट के थाने में जाकर फॉर्म भरना होगा। नियमों के तहत फार्म भरकर, उसी थाने में 20 जुलाई को दोपहर 2 बजे तक जमा करवाना होगा। इसके बाद कांवड़ यात्रा के लिये बनाये गये नियमों के अनुरूप फॉर्म भरने वाले व्यक्ति को पास प्रदान कर दिया जाएगा।

# तुसाद संग्रहालय खुला, जमकर ली सेल्फी

● महात्मा गांधी, पीएम नरेंद्र मोदी, सरदार पटेल समेत अन्य प्रख्यात हस्तियों के पुतलें मौजूद

**पायनियर समचार सेवा। नोएडा**

सेक्टर-18 स्थित डीएलएफ मॉल में मंगलवार से मैडम तुसाद संग्रहालय शुरू हो गया है। पहले दिन दर्जनों लोगों ने संग्रहालय में देश दुनिया की विख्यात हस्तियों के मोम के पुतलों के साथ सेल्फी लेकर उन पलों को यादगार बनाया। यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पीएम नरेंद्र मोदी, सरदार पटेल समेत अन्य आजादी के नायक और सिनेमा व खेल जगत से जुड़े प्रख्यात हस्तियों के पुतलें मौजूद है।

संग्रहालय बेहद भव्य और आकर्षक तरीके से तैयार किया गया है। पुतलों की बनावट को देख लोगों की आंखें चकाचौंध रही, वहां कोई भी खुद को उनके साथ सेल्फी लेने से नहीं रोक सका। संग्रहालय को रंग बिरंगी रोशनी से बेहद आकर्षक बना है, जो दूर से ही लोगों अपनी तरफ आकर्षित करता है।

प्रवेश द्वार पर खासतौर पर बच्चों का ध्यान खींचने के लिए मोटू पतलू के पुतले उनका अपनी फुरफुरी दुनिया में स्वागत करते नजर आते हैं। दाएं मुड़ते ही कॉमेडी किंग कपिल शर्मा मुस्कुराहट के साथ बाहें फैलाकर खड़े नजर आते हैं। संग्रहालय में जितना अंदर जाएंगे, उतने ही अप्रत्याशित पुतले देखने को मिलते हैं।

## ट्रेन के सामने कूदकर महिला ने दी जान

**नोएडा।** दादरी रेलवे स्टेशन पर एक महिला ने एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस के मुताबिक, सोमवार की शाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर एक महिला फोन पर बात कर रही थी।

बात करते करते करते वह अचानक दिल्ली से अलीगढ़ की तरफ जा रही एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूद गई। ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

ट्रेन के ड्राइवर ने जीआरपी पुलिस को बताया कि महिला अचानक ट्रेन के सामने कूद गई, जिस कारण किसी को भी समझने का मौका नहीं मिला। दादरी जीआरपी चौकी प्रभारी पवन चौधरी ने बताया कि हादसे की सूचना आसपास के थाना क्षेत्रों को दे दी गई है।

# बाल चिकित्सालय में 700 दवाओं पर 70% छूट

● कैंसर, हृदय रोग, शुगर समेत अन्य औषधियां होंगी उपलब्ध

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



सेक्टर-30 स्थित बाल चिकित्सालय में 700 दवाओं सहित मरीजों के इलाज में शामिल किए जाने वाले सामान पर अधिकतम 70 प्रतिशत की छूट मिलेगी। मरीजों के लिए रियायती दरों पर सभी तरह की दवाएं मिलेंगी। अस्पताल प्रबंधन ने रिवाल्विंग फंड के तहत फार्मेसी का संचालन किया गया है।

यहां कैंसर, हृदय रोग, शुगर सहित अन्य बीमारियों की दवा मिलेगी। जिसपर 40 से 70 प्रतिशत की छूट मरीजों को दी जाएगी। दवाओं की उपलब्धता के लिए टेंडर प्रक्रिया के तहत यह व्यवस्था की गई है। भविष्य में इस व्यवस्था को और भी बढ़ाने की तैयारी है। ताकि दवाओं की संख्या के साथ ही कंज्यूमेबल के सामान बढ़ाए जा सके।

वहीं वार्ड में भर्ती मरीजों के लिए भी नर्सिंग स्टेशन से ही दवा सीधा फार्मेसी में भेजने की व्यवस्था है। जिससे मरीज के नाम और पंजीकरण संख्या के साथ बिल मरीज के पास भेजा जा रहा है। संस्थान के निदेशक प्रो अजय सिंह ने बताया कि वर्तमान में डिजिटल पेंमेंट का उपयोग काफी बढ़ गया है। ऐसे में मरीज भी इसका उपयोग कर सकेंगे।

## दो युवकों ने गोली मारकर की दोस्त की हत्या

**गाजियाबाद।** गरिमा गार्डन से सटी मास्टर कॉलोनी में बीती रात दो युवकों ने अपने दोस्त की हत्या गोली मारकर कर दी। वारदात उस समय घटी जब मास्टर कॉलोनी में रहने वाला अमन अपने मकान की ऊपरी मंजिल पर अपने दो दोस्त सुंदर पुत्र अब्बास चौधरी व नईम चौधरी के साथ शराब पी रहा था। एसपी सिटी द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी। मृतक व उसकी हत्या करने वाले दोनों युवक आपराधिक प्रवृत्ति के बताये जा रहे है।


सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्जदार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स रोबोटेक प्राइवेट लिमिटेड/ निशांत जैन/ अमित जैन/ हिमानी जैन/ क्षमा जैन/ खाता नं. 107905000850/ 107955000003 | प्लॉट नंबर-78पी, सेक्टर-07, अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित मकान/ जुलाई 16, 2022 | मार्च 07, 2022 रु. 1,45,33,210/- | फरीदाबाद |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जुलाई 20, 2022
स्थान : फरीदाबाद

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



शुद्धिपत्र

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

ऋण खाता संख्या एलबीएनओडी00001685562/एलबीएनओडी00001685566, कर्जदार का नाम गुरसमरजीत सिंह सम्पत्ति पता फ्लैट नंबर ए-15/26, बेसमेंट एवं ग्राउंड फ्लोर, वसंत विहार, नई दिल्ली, दिल्ली के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत सूचनाएं समाचार पत्र दि पायनियर (अंग्रेजी) तथा दि पायनियर (हिन्दी) दिनांकित 27 अप्रैल, 2022 में धारा 13(4) के तहत सांकेतिक प्रकाशन सूचना के रूप में प्रकाशित की गई थी और दि पायनियर (अंग्रेजी) तथा दि पायनियर (हिन्दी) दिनांकित 01 फरवरी, 2022 में धारा 13(2) के तहत मांग पत्र सूचना के रूप में प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त मांग सूचना में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा क्षेत्रफल परिमाप तिथि 595 वर्ग गज के स्थान पर 3958 वर्ग फीट वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको 595 वर्ग गज के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।

दिनांकित : 20-07-2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## तस्कर गिरफ्तार, 100 पेटी शराब की बरामद



**नोएडा।** नोएडा की जेवर थाना पुलिस ने मंगलवार सुबह शराब तस्कर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 100 पेटी हरियाणा मार्का शराब बरामद की है। जेवर थाने के प्रभारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि एक सूचना के आधार पर शिवा ढाबे के पास पुलिस ने एक कैंटर को जांच के लिए रोका। उन्होंने बताया कि कैंटर के अंदर 100 पेटी हरियाणा मार्का शराब मिली। पुलिस ने कैंटर चलाक रिंकू को गिरफ्तार कर लिया है वह राजस्थान के चुरू जिले का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि शराब की बोतलों को सॉस, पानी की बोतलों तथा ग्लूकोज के डिब्बों के नीचे छुपा कर रखा गया था।


Mahindra HOME FINANCE
महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

बिक्री सूचना

कार्पोरेट कार्यालय :- महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570, पीबी मार्ग वर्ली, मुंबई -400018, भारत, फोन : +91 22 66523500
फैक्स : +91 22 24972741
शाखा कार्यालय : तृतीय तल, 139-141, मंगल पांडे नगर, सीसीएस यूनिवर्सिटी के सामने, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002

अचल सम्पत्तियों की नीलामी-सह-बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूत लेनदार मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "एमआरएचएफएल" कही गई है) के प्राधिकृत अधिकारी ने, प्रतिभूत ऋणों की वसूली के प्रयोजनार्थ वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "सरफासी ऐक्ट" कहा गया है) की धारा 13(4) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 2002 (इसमें आगे "नियमावली" कही गई है) के नियम 8 और 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) बेचने का निर्णय किया है। प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त सम्पत्ति का कब्जा सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत प्राप्त किया जा चुका है, जो "जैसी है जहां है आधार" तथा "जो है जैसी है आधार" पर बेची जाएगी तथा सर्वसाधारण और सभी संबंधित जन जिसमें संबंधित कर्जदार/बंधकदाता, उनके प्रतिनिधिगण, यथास्थिति, शामिल हैं, को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध प्रतिभूत आस्तियां बेची जाएगी, जिनका विवरण यहां नीचे दिया गया है :-

| क्र. सं. | कर्जदारों/सह-कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं का नाम | 13(2) मांग सूचना की तिथि एवं राशि | कब्जा की तिथि | सम्पत्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा : मेरठ<br>कर्जदार : संतोष पत्नी रमेश, 39, होली चौक, जसवंत नगर, मलियाना, मेरठ, उत्तर प्रदेश -250002<br>सह-कर्जदार : रमेश पुत्र कालीचरण, 39, होली चौक, जसवंत नगर, मलियाना, मेरठ, उत्तर प्रदेश -250002<br>एलएएन : 722482/XSEMMER00613439 | 04.12.2020 एवं रू. 9,72,553/- (रू. नौ लाख बहत्तर हजार पांच सौ तिरानवे मात्र) | 01.06.2022 भौतिक कब्जा | खसरा नंबर 1319 जसवंत शुगर मिल कालोनी, राजस्व ग्राम-मलियाना, परगना एवं तहसील एवं जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002<br>पूरब :- राजवती का मकान, पश्चिम :- दीप चंद, दक्षिण :- रास्ता 18 फीट चौड़ा, उत्तर :- प्रकाश चंद का मकान | रू. 10,23,000/-<br>रू. 1,02,300/-<br>रू. 10,000/- | 18.08.2022 समय पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 6 बजे तक | 23-08-2022 पूर्वा. 10 बजे से अप. 03.00 बजे तक |

1. एमआरएचएफएल को अपने प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से कार्यवाही करते हुए अब उसके लिए ऑफर प्राप्त हुई है (ऑफर राशि ऊपर तालिका में दी गई है) और हम, अन्य के साथ इस तथ्य पर विचार करते हुए इसको स्वीकार करने के इच्छुक हैं कि पिछली सार्वजनिक नीलामी असफल हो चुकी है।
2. इच्छुक बिडर्स को नीलामी में भाग लेने हेतु सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी।
3. नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें निर्धारित निविदा प्रपत्र में समाविष्ट की गई हैं। निविदा प्रपत्र www.mahindrahomefinance.com पर और शाखा कार्यालय में उपलब्ध हैं। बिक्री नीलामी प्रपत्र में वर्णित नियम एवं शर्तों पर की जाएगी।
4. अतिरिक्त विवरण के लिए प्राधिकृत अधिकारी दीप जोशी से मोबाइल नंबर 8853265434 पर सम्पर्क कर सकते हैं। सीलबंद ऑफर्स ईएमडी के साथ उपरिवर्णित पते पर स्थित शाखा कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 20-08-2022 समय पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 6 बजे तक है। अधूरी निविदाएं अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदाएं अवैध मानी जाएंगी तथा अस्वीकृत होंगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
5. उपरिवर्णित पते पर स्थित शाखा कार्यालय में सम्पत्ति हेतु ऑफर्स खोलने की तिथि 23-08-2022 को पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 3 बजे तक है। निविदा प्राधिकृत अधिकारी की मौजूदगी में खोली जाएगी।
6. अचल सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि 18-08-2022 समय पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 6 बजे तक बजे तक है।
7. कजर्दार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के तहत बिक्री हेतु 30 दिन का नोटिस दिया जाता है कि वे उपरिवर्णित बकाया राशि नीलामी की तिथि से पहले जमा कर दें जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति बेच दी जाएगी तथा शेष राशि, यदि कोई, की वसूली ब्याज और लागतों सहित की जाएगी। यदि कर्जदार महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की बकाया राशि चुका देता है तो बिक्री, नीलामी रोक दी जाएगी।
8. अचल सम्पत्ति उच्चतम बोलीदाता को बेची जाएगी। तथापि, अधोहस्ताक्षरी का एकमात्र अपने विवेक के अनुसार परस्पर बोलीदान की अनुमति देने का अधिकार सुरक्षित है, यदि ऐसा आवश्यक समझा जाता है।

स्थान : दिल्ली, एनसीआर तिथि : 20-07-2022 हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड



कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा,
उत्तराखण्ड पेयजल निगम, डीडीहाट, पिथौरागढ़

निविदा सूचना संख्या : 1259/निविदा/125 ई-निविदा सूचना दिनांक : 19.07.2022

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा उत्तराखण्ड पेयजल निगम तथा उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से जल जीवन मिशन (द्वितीय चरण) के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत स्रोत, पाईप लाईन, जलाशय एवं तत्सम्बन्धी कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम:- 1. खुम्ती पे0यो0 2. जुम्मा पे0यो0 3. गलाती पे0यो0 4. धामीगांव पे0यो0 5. मेतली पे0यो0 6. रॉथी पे0यो0
2. ई-निविदा पोर्टल में प्रकाशन की तिथि:- 22.07.2022 अपरान्ह 3:00 बजे।
3. निविदा ऑनलाइन करने की अन्तिम तिथि:- 06.08.2022 अपरान्ह 5:00 बजे।

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्तें www.uktenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती हैं।

अधिशासी अभियन्ता



कार्यालय: अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, शिमला बाईपास रोड़ पित्थूवाला, देहरादून

पत्रांक: 725/निविदा सूचना/2022-23 दिनांक: 19.07.2022

: अति अल्पकालीन निविदा सूचना :

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान की ओर से देहरादून जनपद में उत्तराखण्ड जल संस्थान की शाखा पित्थूवाला के उपखण्ड इन्दिरानगर के अन्तर्गत बसन्त विहार फेज-2 में पुरानी क्षतिग्रस्त एवं जीर्ण-शीर्ण पी0वी0सी0 पाईप लाईन के स्थान पर वैकल्पिक रूप से जलापूर्ति हेतु मुख्य मार्ग पर जी0आई0 पाईप लाईन बिछाने के कार्य हेतु सीलबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती है जो कि दिनांक 22.07.2022 से 29.07.2022 तक अपरान्ह 3:00 बजे तक कार्य दिवसों में उल्लेखित दरो पर प्राप्त की जा सकती है। यह निविदायें दिनांक 30.07.2022 यदि वर्णित तिथि को अवकाश हो तो अगले कार्य दिवस के सांय 3:00 बजे तक शाखा कार्यालय में जमा करवाये जा सकते हैं तथा उसी दिन सांय 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी।

| क्र. सं | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (₹) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) | जी0एस0टी0 (18%) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की न्यूनतम श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तराखण्ड जल संस्थान की शाखा पित्थूवाला के उपखण्ड इन्दिरानगर के अन्तर्गत बसन्त विहार फेज-2 में पुरानी क्षतिग्रस्त एवं जीर्ण-शीर्ण पी0वी0सी0 पाईप लाईन के स्थान पर वैकल्पिक रूप से जलापूर्ति हेतु मुख्य मार्ग पर जी0आई0 पाईप लाईन बिछाने का कार्य। | 13000.00 | 1000.00 | 180.00 | एक माह | डी श्रेणी या उच्चतर |

शर्तें
1. निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर राशि की धनराशि सीडीआर/एफडीआर जो कि अधिशासी अभियन्ता पित्थूवाला के पक्ष में बंधक होगी, सलग्न करना अनिवार्य है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. निविदा खोलने की तिथि को किसी कारण अवकाश घोषित होने की दशा में निविंदायें अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।
3. अस्पष्ट व अधूरी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा एवं अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बतायें एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
4. वर्णित कार्य हेतु ठेकेदार/फर्म का पंजीकरण शाखान्तर्गत/विभाग में होना अनिवार्य है।
5. निविदा लिफाफे पर कार्य का नाम लिखना अनिवार्य है।
6. निविदा के साथ शपथ पत्र हेतु ₹100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर ₹1.00 के रसीद टिकट पर हस्ताक्षर एवं मोहर सहित संलग्न करें।
7. निविदादाताओं द्वारा यदि कार्य मद हेतु अत्यधिक न्यूनतम दरें की जाती है, तो उन्हे दृष्टिगत रखते हुए समिति की संस्तुति के आधार पर 10 प्रतिशत जमानत धनराशि के अतिरिक्त निम्नानुसार अतिरिक्त जमानत धनराशि सम्बन्धित ठेकेदार को अनुबन्ध करते समय जमा करनी होगी।

| क्र.सं | न्यूनतम दर विवरण | अतिरिक्त जमानत धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | 05 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक | 10 प्रतिशत |
| 2 | 15 प्रतिशत से कम होने पर | 15 प्रतिशत |

यदि सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत अनुबन्ध नही किया जाता है, तो 02 प्रतिशत अग्रिम धरोहर धनराशि जब्त की जाएगी। दरें गुणवता सहित मानक के अनुरूप कार्य नही किया गया तो समस्त जमानत धनराशि (10 प्रतिशत, अतिरिक्त जमानत धनराशि) जब्त करते हुए उन्हे काली सूची में डाल दिया जाएगा।

नोट : विस्तृत नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र मे अंकित है। अधिशासी अभियन्ता


# मेडिकल डिवाइस्स पार्क में मेक इन इंडिया की धमक दिखेगी




"मेडिकल डिवाइस पार्क योजना में आए आवेदनों की जांच की गई है। 17 आवेदन सही पाए गए हैं। 79 आवेदनों में कमियां हैं। आवेदकों को इन कमियों को दूर करने के लिए 19 जुलाई तक का समय दिया गया है।"
**-डॉ अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण**

**नोएडा।** मेडिकल डिवाइस पार्क एमडीपी में मेक इन इंडिया की धमक दिखेगी। योजना में आए 173 आवेदनों में से 17 सही पाए गए हैं। इसमें लगभग सभी स्वदेशी कंपनियां हैं। ये कंपनी एक्सरे, सीटी स्कैन व एमआरआई मशीन, कीमोथेरेपी से जुड़े उपकरण, एनेस्थीसिया प्लेटफार्म, ऑक्सीजन कंसनटेटर, वेंटिलेटर आदि का निर्माण करती हैं। 22 जुलाई को इस योजना का ड्रा निकाला जाएगा।

यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-28 में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जाएगा। इसके लिए 350 एकड़ जमीन आरक्षित की गई है। पहले चरण में 136 भूखंडों की योजना निकाली गई है। इस योजना का ड्रा 22 जुलाई को किया जाएगा। योजना में 1000 से लेकर 4000 वर्ग मीटर तक के भूखंड हैं। इसमें 173 आवेदन आए हैं। आवेदनों की जांच के लिए समिति गठित की गई थी। समिति ने आवेदनों की जांच पूरी कर ली है।

इसमें से 17 आवेदन सही पाए गए हैं। जबकि 79 आवेदनों में कुछ कमियां हैं। ऐसे आवेदकों को सूचना दे दी गई है। उन्हें 19 जुलाई तक का समय दिया गया है। अगर वह अपने कागज जमा कर देते हैं तो उन्हें ड्रा में शामिल किया जाएगा। अन्य आवेदनों को निरस्त कर दिया गया है। एमडीपी में जितने आवेदन सही पाए गए हैं, उसमें अधिकतर स्वदेशी कंपनियां हैं। मेडिकल डिवाइस पार्क में मेक इन इंडिया की धमक दिखेगी। स्वदेशी कंपनियां मेडिकल उपकरण बनाएंगी तो इलाज भी सस्ता हो सकेगा

**ये कंपनियां आई हैं;** आग्जिम मेडिकल प्रालि आर्थोपेडिक से जुड़े उपकरण बनाती है। साइंस एनर्जी आक्सीजन कंसनटेटर, बोन लाइफ सर्जिकल कंपनी स्पाइनल से जुड़े उपकरण, नरीन लाइफ कंपनी एमआरआई मशीन, यूरो मेडि टूल्स न्यूरो सर्जरी इंप्लांट व सुपर सर्जिकल डिवाइसेस हार्ट बाइपास यूनिट बनाती है। बेसिक हेल्थ केयर प्रालि सीटी स्कैन, कोसड्रम स्टंट, डिवाइन मेडिकल प्रालि कीमो थेरेपी से जुड़े उपकरण बनाती है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# चोरों ने काटी केबल, दिनभर रेंगकर चली ब्लूलाइन

## द्वारका 21-नोएडा/वैशाली लाइन पर यात्री रहे परेशान, रात में दूर की जाएगी खामी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मेट्रो की ब्लू लाइन में मंगलवार सुबह एक बार फिर तकनीकी खामी आने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यमुना बैंक और इंद्रप्रस्थ मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो काफी देरी से चलने की वजह से यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। डीएमआरसी ने बताया है कि केबल चोरी की वजह से ऐसा हुआ है। जिसकी वजह से इन दोनों स्टेशनों के बीच मेट्रो सेवा भले ही जारी है, लेकिन ट्रेनें काफी धीमी गति, कम फ्रिक्वेंसी पर चली। वहीं इन दो स्टेशानों के कारण पूरी लाइन दिन भी प्रभावित रहीं। मंगलवार रात को मेट्रो सर्विस बंद होने के बाद ही इसे दुरुस्त किया गया।

डीएमआरसी ने ट्विटर के जरिए अपडेट देते हुए कहा है कि इंद्रप्रस्थ और यमुना बैंक स्टेशनों के बीच सुबह से ही मेट्रो सेवा बाधित है। वैशाली/नोएडा की ओर जाने वाले डाउन लाइन पर केबल चोरी के संदिग्ध केस की वजह से ऐसा हुआ है। डीएमआरसी ने यह भी कहा है कि रात में मेट्रो सर्विस बंद होने के बाद ही इसे बहाल किया जा सकता है। चोरी का स्थान पता लगाने और तार बदलने में 3 घंटे का समय लगने की बात कही गई है।

ब्लू लाइन पर चल रही ट्रेनों में भी इसको लेकर अनाउंस किया जा रहा है। डीएमआरसी ने सोशल मीडिया के जरिए भी यात्रियों को जानकारी दी है। ब्लू लाइन पर सुबह यह दिक्कत उस समय आई जब लोग अपने दफ्तरों के लिए निकले थे। नोएडा को द्वारका सेक्टर 21 से जोड़ने वाले अति व्यस्त रूट पर सेवा बाधित होने से लोगों को ऑफिस जाने में देर हुई। बहुत से यूजर्स ने सोशल मीडिया पर अपनी परेशानी को साझा किया है। ब्लू लाइन पर हाल के दिनों में कई बार खराबी आ चुकी है।



### सिग्नलिंग समस्या की वजह से हुई परेशानी

*केबल चोरी होने के बाद ट्रैक सर्किट ड्रॉप (सिग्नलिंग समस्या) हुई और मेट्रों की सेवाएं प्रभावित हुईं। इसके बाद यमुना बैंक और इंद्रप्रस्थ खंड पर ट्रेनों को केवल 25 किलोमीटर प्रति घंटे की सीमित गति के साथ मैनुअल मोड में चलने के लिए प्रतिबंधित किया गया है।*

### सबसे व्यस्त लाइनों में से एक है ब्लूतलाइन

दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन सबसे ज्यादा व्यस्त लाइनों में से एक है। ऑफिस आने-जाने के समय में काफी भीड़ होती है। इस वजह से लोगों को मुश्किल का सामना करना पड़ता है। यमुना बैंक और इंद्रप्रस्थ स्टेशन के बीच में सर्विस स्लो होने की वजह से बंचिंग की दिक्कत आ रही है और कई ट्रेनें एक-दूसरे के पीछे कतार में लगी हुई है। गत 9 जून को तकनीकी खराबी के कारण मेट्रो की ब्लू लाइन पर सेवाएं दो घंटे से अधिक समय तक विलंबित हुई थीं। गत 6 जून को एक पक्षी के टकराने से उत्पन्न तकनीकी खामी के कारण ब्लू लाइन पर सेवाएं लगभग डेढ़ घंटे तक प्रभावित रहीं थीं। हाल ही में, डीएमआरसी प्रमुख विकास कुमार से जब दिल्ली मेट्रो कॉरिडोर, विशेष रूप से ब्लू लाइन पर कई तकनीकी खामी की घटनाओं के बारे में पूछा गया था, तो उन्होंने कहा था, इनमें से अधिकांश ओवरहेड उपकरण संबंधी मुद्दे थे जो पक्षियों के टकराने और पक्षियों के उस पर कुछ गिराने के कारण हुए। हमने दिल्ली परिवहन विभाग को सौंपी गई रिपोर्ट में इसका उल्लेख किया है।

### मेट्रा के यात्री बोले- एक घंटे में 10 स्टेशन भी नहीं गुजरे

यात्री प्रतीक जोहर ने डीएमआरसी को टैग करते हुए लिखा, ब्लू लाइन पर मेट्रो आज बहुत धीमी गति से चल रही है। एक घंटा हो चुका है और 10 स्टेशन भी नहीं गुजरे हैं। ऑफिस के लिए देर हो रही है। कृपया इसे देखें और उचित कारण बताएं। एक अन्य यूजर ने लिखा, वह सच में रो रहे है कि आज क्यों ब्लू लाइन में सवार हुआ। सच में यदि आपको मेट्रो ऐसे चलानी है, अगली बार से वह बिस्तर और तकिया लेकर आएंगे सोने के लिए। कृपया खराबी को जल्दी ठीक करें यदि आप कर सकते हैं। अमन शर्मा ने लिखा ब्लू लाइन का इस्तेमाल ना करें। हर स्टेशन पर 3-5 मिनट के लिए रुक रही है। यदि इस तरह की दिक्कत रहती है तो मेट्रो स्टेशनों पर घोषणा होनी चाहिए। कई यात्रियों ने सामने आने वाली कठिनाइयां ट्विटर पर साझा की और डीएमआरसी को याद दिलाया कि ब्लू लाइन में पिछले दो महीनों में अक्सर खराबी देखी जा रही है।



# पार्किंग विवाद में युवक को ईंट-पत्थरों से कुचला, मौत

- साकेत मेट्रो स्टेशन के पास हुआ था विवाद, एक आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के साकेत मेट्रो स्टेशन के पास पार्किंग को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने कथित तौर पर पत्थर और ईंटों से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी। मृतक की पहचान रोहित के रूप में हुई है।

मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर किया गया है। पुलिस उपायुक्त बेनिता मैरी जयकर ने कहा कि 16 जुलाई को पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) के पास फोन आया था कि एक व्यक्ति घायल अवस्था में साकेत मेट्रो स्टेशन के पास पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि घायल व्यक्ति को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाद



मृतक की फाइल फोटो

में अस्पताल से सूचना मिली कि व्यक्ति की मौत हो गई है। छानबीन करने पर पता चला कि रोहित अपने तीन दोस्तों-राहुल यादव, आशु यादव और अमित जैन के साथ कार में सवार था और मेट्रो स्टेशन के पास वाहन खड़ा करना चाहता था। जिस स्थान पर वह कार खड़ा करना चाहता था, वहां पांच-छह लड़के खड़े थे।

जयकर के अनुसार, पार्किंग को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई, जो जल्द ही हाथापाई में बदल गई। इस दौरान मेट्रो स्टेशन के पास खड़े लोगों ने रोहित पर ईंटों और पत्थरों से हमला कर दिया। राहुल के बयान के आधार पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या), 308 (गैर-इरादतन हत्या का प्रयास) और 34 (साझा इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पुलिस ने अलग-अलग टीम का गठन किया और सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले, जिससे एक आरोपी सैदुलाजाब निवासी प्रियांशु की पहचान हुई। पूछताछ करने पर आरोपी ने खुलासा किया कि वह अपने पांच दोस्तों के साथ साकेत मेट्रो स्टेशन के गेट के पास खड़ा था, तभी रोहित सहित चार लोग एक कार में आए।

वे अपना वाहन उसी स्थान पर खड़ा करना चाहते थे, जहां वे खड़े थे। अधिकारी ने कहा, कार के चालक ने हॉर्न बजाया, लेकिन आरोपी वहां से नहीं हटे। दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ। विवाद के दौरान दो आरोपियों ने रोहित के सिर पर ईंटों और पत्थरों से प्रहार किया। इसके बाद वे मौके से फरार हो गए। हमले में रोहित बुरी तरह से जख्मी हो गया और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### इमारत में लगी आग, 12 लोगों को बचाया गया

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर में मंगलवार को एक तीन मंजिला इमारत में आग लग गई। घटनास्थल से 12 लोगों को बाहर निकाला गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर तीन बजकर 34 मिनट पर आग लगने की सूचना देने के लिए फोन आया।

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा, दमकल की पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और अभी तक 12 लोगों को बचाया गया है। उन्होंने बताया कि आग इमारत की पहली मंजिल पर लगी थी। आग लगने की वजह अभी पता नहीं चल पाई है। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। आग पर काबू पा लिया गया है।



इमारत के बाहर दमकमकर्मी आग बुझाते हुए।

# अस्पताल के बाहर प्रसव, स्वास्थ्य मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट

- वीडियो वायरल होने पर बढ़ा हंगामा, दिल्ली महिला आयोग ने जारी किया नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सफदरजंग अस्पताल के आपातकालीन विभाग के बाहर एक महिला द्वारा बच्चे को जन्म देने का एक वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मामले में रिपोर्ट मांगी है।

सूत्रों के मुताबिक अस्पताल ने भी घटना की जांच शुरू कर दी है। वीडियो में कुछ महिलाएं प्रसव के दौरान गर्भवती महिला को साड़ी की आड़ में लेकर उसके चारों ओर से खड़ी दिख रही हैं। मौके पर कुछ नर्स भी नजर आ रही हैं। महिला के परिजनों का आरोप है कि सोमवार को अस्पताल ने उसे भर्ती नहीं किया और उसने आपातकालीन विभाग के बाहर रात बिताई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि मामले में सफदरजंग अस्पताल से रिपोर्ट मांगी गई है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) मनोज सी ने कहा कि गाजियाबाद की खेड़ा निवासी 30 वर्षीय महिला को सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया था क्योंकि वह बच्चे को जन्म देने वाली थी।

उन्होंने बताया, आरोपों के अनुसार महिला को अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया और उसने अस्पताल परिसर में एक बच्ची को जन्म दिया। अब, महिला और उसकी बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और दोनों ठीक हैं। उनका इलाज स्त्री रोग विभाग में एक वरिष्ठ डॉक्टर की निगरानी में किया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त ने कहा, हमें अभी तक (अस्पताल के खिलाफ) कोई शिकायत नहीं मिली है। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार घटना की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द एक प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी जाएगी। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने भी अस्पताल को नोटिस जारी कर मामले में 25 जुलाई तक की गई कार्वाई की रिपोर्ट मांगी है।



वायरल वीडियो की फुटेज

### डीएसपी की हत्या पूरे पूरी सरकारी तंत्र की नाकामी : केजरीवाल

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार कहा कि हरियाणा में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) की हत्या राज्य में समूचे सरकारी तंत्र की नाकामी का नतीजा है। केजरीवाल ने ट्वीट किया, बेहद दुखद। जहां पुलिस ही सुरक्षित नहीं वहां जनता सुरक्षित कैसे होगी? उन्होंने कहा, शहीद पुलिस अधिकारी की आत्मा को प्रभु अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवार को इस दुख की घड़ी में हिम्मत दें।



अधिकारियों के मुताबिक, डीएसपी के चालक और सुरक्षाकर्मी ने सड़क के किनारे कूदकर अपनी जान बचाई, लेकिन सुरेंद्र सिंह ट्रक की चपेट में आ गए। पुलिस ने बताया कि सिंह को फौरन पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# अदालत ने दिए अंसल बंधुओं को रिहा करने के आदेश

- उपहार कांड : कोर्ट ने सबूतों से छेड़छाड़ मामले मे जेल में बिताये वक्त को सजा माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को रियल एस्टेट कारोबारी सुशील और गोपाल अंसल को उपहार सिनेमा हॉल में आग लगने की घटना के संबंध में सबूतों से छेड़छाड़ के मामले में जेल में बिताई अवधि के आधार पर उन्हें रिहा करने का आदेश दिया।

वर्ष 1997 में उपहार सिनेमा हॉल में आग लगने से 59 लोगों की मौत हो गई थी। एक मजिस्ट्रेटी अदालत ने आठ नवंबर को असंल बंधुओं को सात साल की जेल की सजा सुनाई थी और तब से वे जेल में थे। हालांकि, जिला न्यायाधीश धर्मेश शर्मा ने पूर्व में मजिस्ट्रेटी अदालत द्वारा सुशील और गोपाल अंसल दोनों पर लगाए गए 2.25 करोड़ रुपए के जुर्माने को बरकरार रखा।

न्यायाधीश ने कहा, हम आपके साथ सहानुभूति रखते हैं (उपहार त्रासदी के पीड़ितों के संगठन की अध्यक्ष नीलम कृष्णमूर्ति)। कई लोगों की जान चली गई, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। लेकिन, आपको यह समझना चाहिए कि दंड नीति प्रतिशोध के बारे में नहीं है। हमें उनकी (अंसल बंधुओं) उम्र पर विचार करना होगा।

आपने नुकसान झेला है, लेकिन उन्होंने भी नुकसान सहा है। अदालत ने सोमवार को असंल बंधुओं और दो अन्य लोगों द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया, जिसमें मजिस्ट्रेटी अदालत द्वारा उनकी दोषसिद्धि को चुनौती दी गई थी।

# बिजली शुल्क में बढ़ोतरी पर भाजपा का प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में बिजली शुल्क में वृद्धि को लेकर मंगलवार को धरना दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि आम आदमी पार्टी की सरकार लोगों की समस्याओं की अनदेखी कर रही है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में, बिजली बिल में वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन किया गया।

पूर्व महापौर रविंदर गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने यहां आम आदमी पार्टी के कार्यालय के बाहर धरना दिया और मांग की कि केजरीवाल सरकार को बिजली शुल्क में वृद्धि वापस लेनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री का पुतला भी फूंका। आदेश गुप्ता ने दावा किया कि बिजली खरीद समायोजन लागत में वृद्धि सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से समय मांगा गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय केजरीवाल अपनी सिंगापुर यात्रा की योजना बनाने में व्यस्त हैं। भाजपा हमेशा लोगों के मुद्दों को उठाती रही है और सभी विधानसभा क्षेत्रों में लोकतांत्रिक तरीके से केजरीवाल के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन करती आई है।



# लंबित पड़े 16,600 फ्लैट के लिए होगा नया टेंडर

- सरकार के गैर जिम्मेदाराना रवैए से योजना पर 646 करोड़ अतिरिक्त खर्च होगा : अनिल चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस ने बाहरी दिल्ली के टीकरी और पूठ खुर्द में गरीबों के लिए 16600 फ्लैट बनाने की योजना को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है।

पार्टी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा केजरीवाल की वादा खिलाफी को उजागर करने के लिए कांग्रेस हमेशा आगे रही है। फ्लैट बनाने की घोषणा पूरी तरह दिल्ली वालों को गुमराह करने वाला है, क्योंकि यह परियोजना शीला दीक्षित की सरकार ने शुरू की थी और वर्ष2018 तक पूरा करना था लेकिन दिल्ली सरकार की गैर जिम्मेदाराना रवैए के कारण हुए विलंब से इस योजना पर 646 करोड़ की अतिरिक्त खर्च आएगा।

अनिल चौधरी ने कहा कि केजरीवाल शायद अपनी उस घोषणा से अनजान है जिसकों उन्होंने रेलवे लाईन के नजदीक बसी 48000 झुग्गियों को 3 महीने के अंदर हटाने के उच्चतम न्यायालय के 31 अगस्त 2020 के आदेश के बाद उत्तर रेलवे को 10 सितम्बर 2020 को पत्र लिखकर दिल्ली सरकार द्वारा 45857 फ्लैट रेलवे को देने की घोषणा की थी। पत्र में सरकार ने स्पष्ट कहा था कि दिल्ली सरकार रेलवे को 29,257 फ्लैट देगी जो सुल्तानपुरी, सावदा, घेवरा, भलस्वा, बवाना और नरेला में बनकर तैयार है और शेष 16600 फ्लैट टीकरी और पूठ खुर्द में दिसम्बर 2021 तक तैयार हो जाएंगे। 16,600 फ्लैटों को फिर बनाने की केजरीवाल सरकार की घोषणा गरीबों के साथ अन्याय है जो उनकी गरीब विरोधी सोच को उजागर करता है। जेएनएनयूआरएम योजना को मार्च 2012 में स्वीकृती मिली थी जिसे मार्च 2017 तक पूरा होना था।

## संक्षिप्त समाचार

### 26 को हंसराज कॉलेज की स्थापना के अमृत वर्ष



**नई दिल्ली।** 26 जुलाई को हंसराज कॉलेज की स्थापना के अमृत महोत्सव के उद्घाटन समारोह में उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की जानकारी कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रमा ने दी। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति के अतिरिक्त दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह, हंसराज कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी एवं कोषाध्यक्ष डॉ. शिवरमन तथा अन्य गणमान्य अतिथि इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। 26 जुलाई 2022 को हसंराज कॉलेज अपनी स्थापना के 75वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है। प्राचार्या ने बताया कि स्थापना के इस अमृत वर्ष में कॉलेज परिसर में महात्मा हंसराज की मूर्ति की स्थापना के साथ ही अनेक कार्यों, कार्यक्रमों एवं शैक्षिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाना है।

### दिल्ली से 10 नाबालिग आदिवासी लड़कियां मुक्त

**नई दिल्ली।** बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर), एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) और दिल्ली पुलिस के सहयोग से दक्षिणी दिल्ली में चल रही एक अवैध प्लेसमेंट एजेंसी से 10 नाबालिग आदिवासी लड़कियों को मुक्त करवाया है। पुलिस ने इस मामले में पांच ट्रैफिकर्स की पहचान की है, जिनमें से दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इन सभी लड़कियों की उम्र 13 से 17 साल के बीच है। बीबीए के निदेशक मनीश शर्मा ने कहा, 'हमारा संगठन उन प्लेसमेंट एजेंसियों की गतिविधियों के खिलाफ है, जो गरीब व कमजोर वर्ग के बच्चों को लालच देकर या बहला-फुसलाकर ट्रैफिकिंग का शिकार बनाती हैं। उन्होंने आगे कहा, 'हम सरकार से आग्रह करते हैं कि वह आने वाले समय में ऐसी अवैध गतिविधियों में लिप्त रहने वाली प्लेसमेंट एजेंसियों के खिलाफ एक कठोर कानून लाए।'

### गाजीपुर कचरा: एक साल में तीन बार आग लगी : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि दिल्ली स्थित गाजीपुर लैंडफिल में पिछले वित्त वर्ष में आग लगने की 3 घटनाएं घटीं। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में गौरव गोगोई के प्रश्न के लिखित उत्तर में इस संबंध में आंकड़े पेश किए जिनके मुताबिक 2017-18 से लेकर अब तक इस तरह की घटनाओं में कमी आई है। राय ने कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार कचरा डालने का स्थल (एसएलएफ), गाजीपुर में 2017-18 में आग लगने की 31 घटनाएं सामने आईं। उन्होंने बताया कि 2018-19 में इस तरह की 18 घटनाएं, 2019-20 में 6 घटनाएं, 2020-21 में 6 घटनाएं और 2021-22 में 3 घटनाएं आग लगने की घटीं। राय के उत्तर के अनुसार एमसीडी ने सूचित किया है कि राष्ट्रीय पर्यावरण आभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (एनईआरआरआई) ने एसएलएफ में आग लगने के संभावित कारणों का अध्ययन किया है।

# पर्यावरण मित्र बनने के लिए 3500 मिस्ड कॉल मिलीं

## योजना में स्वयंसेवकों की अपने-अपने इलाकों में हरित क्षेत्र को बढ़ाएं जिम्मेदारी होगी



- टोल फ्री नंबर पर लोगों का बढ़ा रूझान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार को उन लोगों से 3500 मिस्ड कॉल मिली हैं जो पर्यावरण मित्र के तौर पर अपना पंजीकरण कराना चाहते हैं।

पर्यावरण मित्र एक पहल है जिसके तहत ऐसे लोगों का एक नेटवर्क बनाना है जो पर्यावरणीय स्थिरता के लिए काम कर सकते हैं। सरकार ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली सरकार के अभियान पर अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक भी की है ताकि उन लोगों का पर्यावरण मित्र के तौर पर पंजीकरण हो सके जो पर्यावरण के संरक्षण के लिए काम करते हैं या कार्य करना चाहते हैं। इससे पहले दिल्ली सरकार ने टॉल फ्री नंबर 8448441758 उन लोगों के लिए जारी किया गया था जो इस पहल के लिए खुद का पंजीकरण कराना चाहते थे।



स्वयंसेवकों की जिम्मेदारी होगी कि वे अपने-अपने इलाकों में हरित क्षेत्र को बढ़ाएं, प्रदूषण को कम करें और अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार करें। बढ़ते प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली सरकार अब एक्शन मोड में नजर आ रही है। ज्ञात हो कि दिल्ली में ठंड बढ़ने के साथ ही प्रदूषण भी बढ़ जाता है, जिससे निपटने के लिए विंटर एक्शन प्लान बनाया है। इसके तहत ग्रीन कवर बढ़ाने की योजना है। दिल्ली में 11 जुलाई से मेगा ट्री प्लांटेशन ड्राइव चलाया है।

साथ ही फिरेस्ट सिटी पर भी काम चल रहा है। यहां के सभी लोगों को अर्बन फार्मिंग के लिए प्रेरित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। दिल्ली में प्रदूषण की मुख्य वजह वाहनों से निकलने वाला धुआं है। इसके पहले भी प्रदूषण से निपटने के लिए सरकार के द्वारा ऑड-ईवन और रेड लाइट ऑन इंजन ऑफ कैंपेन भी चलाया जा चुका है।

### अलग रह रही पत्नी, बच्चे को गुजारे भत्ते से इनकार सबसे बुरा अपराध : कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने कहा कि अलग रह रही पत्नी और बच्चे को गुजारा भत्ता नहीं देना मानवीय दृष्टिकोण से भी सबसे बुरा अपराध है।

न्यायमूर्ति आशा मेनन ने कहा कि गुजारे भत्ते के भुगतान में देरी के लिए पतियों द्वारा पत्नियों को आदेश के अमल के लिए याचिकाएं दायर करने के लिहाज से मजबूर करना एक दुखद सच्चाई है और यह किसी भी पति या पिता को शोभा नहीं देता कि वह पत्नी को, जो एक गृहिणी है और अपनी संतान को, जो नाजुक उम्र में है, उचित जीवन स्तर मुहैया नहीं कराए। न्यायाधीश ने याचिका को खारिज करते हुए कुटुंब अदालत के आदेश को चुनौती दिए जाने पर 20,000 का जुर्माना लगाया। व्यक्ति को अपनी पत्नी और बच्चे को अंतरिम मासिक गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया था।

# हरियाणा में अब केवल 2100 रुपये में बनेगा शस्त्र लाइसेंस

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम से किया प्रदेश भर में शस्त्र लाइसेंस से जुड़ी 14 सेवाओं को ऑनलाइन

## छह अस्त्र-शस्त्र प्रशिक्षण केंद्रों का किया लोकार्पण




गुरुग्राम के भोंडसी स्थित पुलिस क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में शस्त्र लाइसेंस से जुड़ी सेवाओं के ऑनलाइन करने के कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।



पुलिस क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में शस्त्र लाइसेंस से जुड़ी सेवाओं के ऑनलाइन करने के कार्यक्रम में फायरिंग प्रशिक्षण को देखते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने मंगलवार को गुरुग्राम जिला स्थित पुलिस क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आरटीसी) भोंडसी के ऑडिटोरियम से प्रदेश भर में प्रथम चरण में शस्त्र लाइसेंस से जुड़ी 14 डिजिटल सेवाओं का रिमोट से बटन दबाकर विधिवत शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में छह अस्त्र-शस्त्र प्रशिक्षण केंद्रों का भी लोकार्पण किया।

कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री ने वहां नई बनाई गई 100 मीटर की शूटिंग रेंज का भी अवलोकन किया। गुरुग्राम से शुरू की गई इन सेवाओं पर बोलते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पिछले सात साल से गर्वनेंस का हर काम तकनीक के माध्यम से करने के प्रयास किए जा रहे हैं। शासन से नागरिकों की संतुष्टि होनी चाहिए, इसलिए तकनीक के प्रयोग से शासन को प्रभावी बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज शुरू की गई सेवाओं के लिए पहले एक फ्लो चार्ट बनाया गया, जिसमें पाया गया कि शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदन से लेकर लाइसेंस बनने तक की पूरी प्रक्रिया 25 दिन में पूरी हो सकती है। सेवा के अधिकार अधिनियम के अनुसार उसकी अपील का समय भी कम किया जा सकता है, जोकि वर्तमान में 60 दिन का है। उन्होंने कहा कि शस्त्र लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं और ऑनलाइन सुविधा शुरू होने से अब लोगों को पारदर्शी, समयबद्ध और बिना पर्ची-बिना खर्ची के लाइसेंस बनवाने की सुविधा मिलेगी।

### इस तरह से लगेगी शस्त्र लाइसेंस की फीस

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि लोगों को अब शस्त्र लाइसेंस बनवाने के लिए केवल 2100 रुपये खर्च करने होंगे, जिनमें से 1500 रुपये प्रशिक्षण के, 500 रुपये आवेदन के तथा 100 रुपये अटल सेवा केंद्र के माध्यम से अप्लाई करने में लगेंगे। उन्होंने कहा कि अब इन सेवाओं के लिए व्यक्ति को 2100 रुपये से एक भी रुपया अधिक खर्च नहीं करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शस्त्र लाइसेंस के लिए प्रशिक्षण पहले होमगार्ड के माध्यम से दिया जाता था, लेकिन अब यह प्रशिक्षण छह प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से मिलेगा जिनका लोकार्पण हुआ है। मुख्यमंत्री ने जिन छह अस्त्र शस्त्र प्रशिक्षण केंद्रों का लोकार्पण किया गया, उनमें क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र गुरुग्राम (भोंडसी), पुलिस प्रशिक्षण केंद्र रोहतक (सुनारिया), पुलिस लाइंस पंचकूला (मोगीनंद), हरियाणा पुलिस अकादमी करनाल (मधुबन), पुलिस लाइंस हिसार तथा पुलिस लाइंस नारनौल शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आज हरियाणा के इतिहास में पारदर्शिता का एक और नया अध्याय जुड़ा है। प्रशासन लगातार स्मार्ट बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट का अभिप्राय है- सिंपल, मोरल, अकाउंटेबल, रिस्पांसिबल और ट्रांसपेरेंट।

### पहले काफी परेशानी होती थी : अनिल विज

**कार्यक्रम** में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े प्रदेश के गृह मंत्री अनिल विज ने अपने संबोधन में कहा कि शस्त्र लाइसेंस को लेकर लोगों में सदैव एक असमंजस की स्थिति बनी रहती थी, जिसमें आवेदक को अपने आवेदन की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। अब एनआईसी, नागरिक संसाधन सूचना विभाग व पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त प्रयासों से शुरू हुई इस ऑनलाइन सेवा में शस्त्र लाइसेंस से जुड़ी प्रक्रिया तथा सूचना आदि के कार्यों को शामिल किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम में 24 जुलाई को लगेगा विशाल रक्तदान शिविर

**गुरुग्राम।** सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउण्डेशन (संत निरंकारी मिशन का सामाजिक विभाग) द्वारा गुरुग्राम में रविवार 24 जुलाई, को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। सेक्टर 31 के संत निरंकारी सत्संग भवन में यह शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक किया जायेगा। गुरुग्राम के संयोजक एमसी नागपाल ने इस रक्तदान शिविर में सभी रक्तदाताओं को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि जो भी स्वेच्छा से इस शिविर में सम्मिलित होना चाहते है, उन सभी का स्वागत है। सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आदेशानुसार सेकड़ों निरंकारी अनुयायी एवं भक्तगण मानव कल्याण के लिए रक्तदान करेंगे ताकि मानव का रक्त व्यर्थ न हो और मानव की रगों में ही बहे। इस आयोजन में रक्त का संग्रह करने के लिए इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी दिल्ली एवं सिविल अस्पताल ब्लड बैंक के डॉक्टर और उनकी टीम उपस्थित होंगी।

### कराटे चैंपियनशिप में गुरुग्राम के खिलाड़ियों ने जीते कई पदक



कराटे चैंपियनशिप में जीतने वाले खिलाड़ी।

**गुरुग्राम।** बीती 15-16 जुलाई को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता आल इंडिया कराटे चैंपियनशिप 2022 में 27 राज्यों और 5 केंद्रशासित प्रदेशों के 2700 से भी अधिक खिलाडियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम दिवस में सीनियर खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। सभी सीनियर वर्ग में सबसे आगे सीआरपीएफ, दूसरा नंबर-आईटीबीपी की टीम रही, वहीं सब जूनियर, जूनियर, कैडेट, अंडर 18 वर्ष इन सभी कैटेगरी में हरियाणा का दबदबा रहा। समस्त हरियाणा से 157 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिसकी मेजबानी स्पोर्ट्स कमिशन सेक्रेटरी ऑफ इंडिया शिहान सुनील सैनी और शिहान राजू किडवाल (एशियन जज रेफरी) ने की। इन 157 खिलाड़ियों में गुरुग्राम से 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया और अलग-अलग कैटेगरी में 25 पदक जीते, जिसमें सरगम, दीपिका, प्रतीक, पारुल, कंचन, रविंद्र पाल ने अपने-अपने आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। इनके अलावा होमी शर्मा, संचित, तेजस ने रजत पदक और अदविका प्रजापति, सृष्टि सिंह, सरगम, माधवी शर्मा, आशिका गोदरा, वंशज, आयुष, जत, सननी, रोनक, मोनू, सागर, पुष्पेंद्र, पारुल, लव राजपूत ने कांस्य पदक जीते।

### फार्म हाउस में जुआ खेल रहे नौ लोग गिरफ्तार, रुपये बरामद

**सोहना।** अपराध शाखा मानेसर गुरुग्राम ने भोंडसी थाना सीमा क्षेत्र में लगती अरावली पहाड़ी में बना फार्म हाउस जुआ खेल रहे नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास तलाशी के दौरान एक लाख 42500 रुपये बरामद किए हैं। मंगलवार सुबह भोंडसी थाना क्षेत्र में आने वाली अरावली अंसल में बने एप्पल रिसोर्ट में नौ लोग जुआ खेल रहे थे। सूचना मिलने पर फार्म हाउस पर एएसआई विनीत कुमार की टीम ने छापामारी की। छापामारी के दौरान फार्म हाउस में जुआ खेल रहे नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिनमें से सात दिल्ली और दो आरोपी गुरुग्राम के थे। जिनकी पहचान योगेन्द्र उर्फ योगेश निवासी ज्योति पार्क, गौरव निवासी शिवाजी नगर गुरुग्राम। राहुल, कुनाल दारापुर दिल्ली, सचिन निवासी द्वारका, निखिल निवासी विकासपुरी दिल्ली, श्रीकांत समीर आहूजा, गौरव निवासी मोहन गार्डन दिल्ली निवासी के रूप में हुई है। जिनके पास से तलाशी के दौरान एक लाख 42 हजार 500 रुपये बरामद हुए है।

### वार्ड-26 में महिलाओं को बांटे सेनेटरी पैड्स



गुरुग्राम के वार्ड-26 में महिलाओं को सेनेटरी पैड्स वितरित करते रजत भार्गव।

**गुरुग्राम।** भाजपा एनआरआई सेल प्रदेश महामंत्री युवा नेता एडवोकेट रजत भार्गव ने एक अनोखी पहल की शुरुआत की है। जिसका उद्देश्य बेटियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति शिक्षित एवं जागरूक करना है। इसी कड़ी में उन्होंने यहां वार्ड-26 में महिलाओं, बेटियों को सेनेटरी पैड्स निशुल्क बांटे। इस दौरान रजत भार्गव ने बताया कि महिलाओं और बेटियों का सम्मान करना हमारी सबसे पहली जिम्मेदारी है। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के मार्गदर्शन में सेवा ही संगठन के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ते हुए इस अभियान की शुरुआत गुरुग्राम के टीकरी गांव से हुआ। इस कार्यक्रम में काफी महिलाओं, युवतियों ने हिस्सा लिया। सभी ने रजत भार्गव के इस कार्य की सराहना की। इस मुहिम को आगे बढ़ाने में रजत भार्गव का साथ भी दिया। इस मुहिम को आगे बढ़ाने में एल्डिको मैंशंज की उपाध्यक्ष शमा दत्त और एनआरआई सेल हरियाणा इकाई के अध्यक्ष संदीप देसवाल ने भी साथ दिया। रजत भार्गव ने सभी लोगों से आह्वान किया कि इस अभियान के साथ जुड़े। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर शमा दत्त, खुशबू गुप्ता, श्रुति गुप्ता, सरला का तहेदिल से धन्यवाद किया।

# जनहित में जल्द खोला जाए गढ़ी-हयातपुर रेलवे फाटक : डॉ. विजय सिंह



गुरुग्राम के गांव गढ़ी-हरसरू रेलवे स्टेशन पर हयातपुर फाटक को खुलवाने को लेकर लोगों से बातचीत करते समाजसेवी डा. विजय सिंह नंबरदार।

## समाजसेवी डॉ. विजय सिंह के नेतृत्व में स्टेशन मास्टर से मिले गढ़ी और आस-पास की कॉलोनी के लोग सौंपा ज्ञापन

## फाटक बंद होने से स्थानीय लोगों को होती है बहुत परेशानी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**कुछ** दिनों पहले गढ़ी में गढ़ी-हयातपुर रोड स्थित गेट नंबर-32 (फाटक) को रेलवे द्वारा पूरी बंद करने को लेकर विरोध शुरू हो गया है। इसी क्रम में रेलवे द्वारा स्थाई तौर पर बंद किए गए फाटक को फिर से खुलवाने के लिए मंगलवार को समाजसेवी डॉ. विजय सिंह नंबरदार ने स्थानीय लोगों के साथ स्टेशन मास्टर भरतपाल मीणा से मुलाकात की तथा उन्हें क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर रेलवे के नाम का ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर डॉ. विजय सिंह नंबरदार ने कहा कि गढ़ी से हयातपुर जाने के लिए ये मुख्य सड़क है। इसके बंद होने से लोगों को हयातपुर, आईएमटी मानेसर और पटौदी जाने के लिए फ्लाईओवर वाले रास्ते का सहारा लेना पड़ रहा है। काफी चक्कर काटकर जाना पड़ता है। फाटक बंद होने से खासकर वो स्थानीय लोग ज्यादा परेशान हैं, जिन्हें फाटक पार विभिन्न कॉलोनियों और खेतों में जाना होता है। इसके अलावा इस रोड का प्रयोग करने वाले कई अन्य गांवों के लोगों की भी परेशानियां बढ़ गई है। गढ़ी-हयातपुर रोड के अवरुद्ध होने से लोगों को समय के साथ-साथ आर्थिक हानि भी हो रही हैं। डॉ. विजय सिंह ने बताया कि रेलवे के उच्च अधिकारियों को दिए गए ज्ञापन में स्थानीय लोगों को आवागमन में हो रही परेशानियों को देखते हुए स्थाई तौर पर बंद किए गए फाटक को जनहित में जल्द से जल्द खोलने की मांग की गई है। स्टेशन मास्टर भरतपाल मीणा ने डॉ. विजय चौहान व उनके साथ आए लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि वे इस मामले में तत्परता के साथ विभाग के उच्च अधिकारियों से बात करेंगे। ज्ञापन देने वालों में धर्म सिंह चौहान, गजेंद्र चौहान, अजीत सिंह कोच, मोनू प्रजापति, जगदीश शर्मा, राजेश चौहान, विजय रोहिल्ला, ब्रह्मदेव शर्मा, जय प्रकाश, प्रवीण कुमार, राजेंद्र सिंह, राम प्रसाद, आकाश, विनोद चौहान आदि उपस्थित रहे।

## विवाहिता की शिकायत पर पति समेत परिजनों पर केस दर्ज

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पति समेत सास, ससुर और नन्द के खिलाफ पांच लाख नकद और कार न मिलने पर मायके में छोड़ जाने का मामला दर्ज कराया है। विवाहिता ने ससुराल वालों पर नवजात बेटे को अपने पास रखने का आरोप भी लगाया है। अलीपुर निवासी नीतु पुत्री करण सिंह ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 13 दिसम्बर 2018 को दिल्ली नजफगढ़ निवासी दीपक पुत्र निर्मल सिंह से हुई थी। ससुराल पक्ष से सास अनेश बाला, नन्द रचना, ससुर निर्मल सिंह व पति दीपक पिता के घर से कार व पांच लाख रुपये लाने को कहने लगे। उसे पिता के घर से नकदी व कार न लाने पर मारा-पीटा गया। 30 दिसम्बर 2019 को उसने बेटे को जन्म दिया। उसके पिता ने छोछक में करीब चार लाख रुपये खर्च किए। फिर भी नहीं माने।

# ठोस कचरा प्रबंधन नियम का पालन नहीं करने पर किया चालान

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**ठोस** कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत घरों से कचरा उठान करने वाले वाहनों को अलग-अलग श्रेणी में कचरा उठाना अनिवार्य है। नियमों की अवहेलना पाए जाने पर संबंधित का चालान किया जाता है।

मंगलवार को सफाई निरीक्षक जितेन्द्र कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेक्टर-32 में कचरा उठाने वाले वाहन को रोका तथा जांच के दौरान पाया गया कि वाहन में अलग-अलग कचरे की बजाए मिश्रित कचरा उठाया जा रहा है। टीम ने मौके पर ही वाहन का 5 हजार रुपये का चालान किया तथा हिदायत दी कि भविष्य में अलग-अलग कचरा ही एकत्रित किया जाए, अन्यथा उसके खिलाफ नियमानुसार अन्य कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।



ठोस कचरा प्रबंधन नियम की अवहेलना करने वाले का चालान करते नगर निगम कर्मचारी।

**प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई जारी :** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा द्वारा गठित 7 टीमें अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में लगातार निगरानी एवं गश्त कर रही हैं। प्रतिबंध के बावजूद सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों के चालान किए जा रहे हैं। टीमें चालान करने के साथ-साथ प्रतिबंधित प्लास्टिक आईटमों को जब्त भी कर रही हैं।

वरिष्ठ सफाई निरीक्षक ऋषि मलिक के अनुसार एक जुलाई से शुरू किए गए अभियान के तहत अब तक 643 उल्लंघनकर्ताओं के चालान करते हुए उन पर 4.47 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। टीमों ने 1206 किलोग्राम प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक को भी जब्त किया है।

# कृत्रिम अंगों के लिए रेडक्रॉस सोसायटी में पंजीकरण शुरू

## सभी दिव्यांग अपने पूरे कागज सर्टिफिकेट लेकर आएं : सचिव विकास कुमार

## 19 से 23 जुलाई तक अलग-अलग स्थानों पर किए जा रहे पंजीकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**हरियाणा** राज्य शाखा चंडीगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल एवं उपायुक्त डा. निशांत कुमार यादव के दिशा-निर्देशन में कृत्रिम अंगों के लिए मंगलवार से पंजीकरण कार्य शुरू हो गया है।



गुरुग्राम रेडक्रॉस में कृत्रिम अंगों के लिए पंजीकरण कराने पहुंचे लोग।

पंजीकरण का काम आगामी 23 जुलाई तक होगा। पांच स्थानों पर लगने वाले इन शिविरों का अधिक से अधिक दिव्यांग लाभ उठाएं।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि कृत्रिम अंग लेने के लिए सभी दिव्यांग अपने जरूरी कागजात पंजीकरण के लिए लेकर आएं, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो। कृत्रिम अंगों के लिए सभी दिव्यांगों की जांच भी बारीकी से की जाएगी, ताकि उपकरण सही दिए जा सकें। सचिव के मुताबिक किसी भी श्रेणी के दिव्यांग पंजीकरण करा सकते हैं। जिला में पहला शिविर 19 व 20 जुलाई को रेडक्रॉस सोसायटी गुरुग्राम में, दूसरा 21 को श्याम उद्योग परिसर भांगरौला रोड मानेसर में, तीसरा शिविर 22 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी में और चौथा शिविर 23 जुलाई को पटौदी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लगाया जाएगा। दिव्यांगों को व्हील चेयर, कान की मशीन, तिपहिया साइकिल, बैसाखी आदि उपकरण निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे।

पांच दिवसीय शिविर को जिला प्रशिक्षण अधिकारी जतिन कौशिक, कल्पोष संस्था से राजेंद्र वांचू एवं विना वांचू, एक उड़ान संस्था की संस्थापिका व समाजसेवी कल्याणी सचान एवं रेडक्रस से शयामा राजपूत, आकाक्षां, अतुल पराशर, कामकाजी महिला आवास वार्डन कविता सरकार, टीआई प्रोजेक्ट से समाज सेवी रोहतास, सुषमा, विनीता पीटर, सरोज, कमला, जोगिंदर आदि सफल बनाने में जिम्मेदारी निभायेंगे।

# ईवाई फाउंडेशन ने नवोदय विद्यालय समिति के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए

## पूरे भारत में 10,000 लड़कियों तक पहुंचने के लिए 200 विज्ञान ज्योति कार्यक्रम स्कूलों में ईवाई एसटीईएम ऐप लॉन्च किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ईवाई** फाउंडेशन ने पूरे भारत में 200 विज्ञान ज्योति प्रोग्राम स्कूलों में ईवाई एसटीईएम ऐप लॉन्च करने के लिए नवोदय विद्यालय समिति के साथ छुट्टियों की अवधि के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

ईवाई एसटीईएम ऐप का उद्देश्य 13-18 वर्ष आयु वर्ग की युवा लड़कियों को एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) पाठ्यक्रम में शामिल होने और प्रौद्योगिकी में एक अच्छा करियर बनाने में मदद करना है। ऐप का लक्ष्य विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के तहत 10,000 छात्राओं तक पहुंचना है। नवोदय विद्यालय समिति और ईवाई फाउंडेशन के तहत विज्ञान ज्योति कार्यक्रम स्कूलों के बीच साझेदारी को प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय द्वारा सुगम बनाया गया है। ईवाई फाउंडेशन के प्रमुख संतोष पाठक ने कहा, शिक्षा पिछले दो दशकों से हमारे फाउंडेशन की पहल का एक प्रमुख स्तंभ है। ईवाई एसटीईएम ऐप के साथ, हमारा प्रयास युवाओं को एसटीईएम में एक बेहतर कैरियर बनाने एवं भविष्य में इंडस्ट्री लीडर बनने की क्षमता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है।



नवोदय विद्यालय समिति के साथ इस साझेदारी के साथ, हम ईवाई एसटीईएम ऐप को और अधिक व्यापक रूप से सुलभ बनाने और आने वाले वर्षों में बड़ी संख्या में लड़कियों को अपने उच्च अध्ययन में एसटीईएम लर्निंग के लिए प्रेरित करने की आशा करते हैं। भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय सूद ने टिप्पणी की, जैसा कि प्रधान मंत्री ने पिछले सप्ताह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक बैठक में उल्लेख किया था, नीति के पहुंच, बराबरी, समावेशिता और गुणवत्ता के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कई पहल की गई हैं। इन उद्देश्यों के साथ विभिन्न पहलों के सफल कार्यान्वयन के लिए सरकार और उद्योग के बीच भागीदारी, इन पहलों के प्रभाव को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण होगी। शिक्षा मंत्रालय की नवोदय विद्यालय समिति और ईवाई फाउंडेशन के बीच साझेदारी इस दिशा में सामयिक और अनुकरणीय है। मैं अपने कार्यालय की ओर से, उन सभी लोगों एवं भागीदारों को बधाई देता हूं जो कि ईवाई एसटीईएम ऐप के लॉन्च से जुड़े हुए हैं।

# अंतरराज्यीय सीमाओं पर भी लगेंगी चौकियां : मनोहर लाल

## तावडू में डीएसपी की हत्या के बाद मुख्यमंत्री ने और सख्ती करने के दिए आदेश

## पुलिस के आला डीजीपी, एडीजीपी सीआईडी पहुंचे तावडू

**गुरुग्राम।** नूंह जिला के तावडू खंड के निकट पचगांव की पहाड़ी में अवैध खनन की सूचना पर छापेमारी करने गए डीएसपी सुरेंद्र सिंह बिश्नोई पर डंपर चढ़ाकर हत्या करने के मामले में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सख्ती दिखाते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के आदेश पुलिस को दिए हैं। साथ ही उन्होंने कहा है कि अंतरराज्यीय सीमाओं पर चौकियां स्थापित की जाएंगी, ताकि अवैध रूप से खनन करने वालों पर अंकुश लगाया जा सके।

मंगलवार को दो कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रदेश में खनन माफिया पर पूरी तरह से लगाम लगाई जाएगी। माइनिंग में जाने वाले सामान और वाहनों की डेस्टिनेशन निश्चित की जाएगी। माइनिंग इलाके के पास भी चौकियां बनाई जाएंगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दोषियों को सख्त दंड दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि डंपर की पहचान कर ली गई है। डंपर के मालिक के आसपास छिपे होने की सूचना है। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने डीएसपी सुरेंद्र सिंह बिश्नोई परिवार को आश्वस्त किया कि इस मामले में शामिल दोषियों को बिल्कुल भी बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दे दिए गए हैं। जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलवाई जाएगी।

# रिपोसे मैट्रेस ने मैट्रेसेस की स्मार्टग्रिड रेंज को बाजार में उतारा

## रिपोसे मैट्रेस प्राइवेट लिमिटेड भारत में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली मैट्रेस निर्माता कंपनियों में से एक है

**पायनियर समाचार सेवा।** मेरठ

**रिपोसे** मैट्रेस प्राइवेट लिमिटेड भारत में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली मैट्रेस निर्माता कंपनियों में से एक है, जिसकी स्थापना नवंबर 2012 में हुई थी और इसके कारखाने कोयंबटूर, पुणे तथा मेरठ में स्थित हैं। पूरे भारत में 400 कर्मचारियों और देश के विभिन्न हिस्सों में बिक्री के लिए 1,500 डीलरों के नेटवर्क के साथ, रिपोसे ने पिछले वित्त-वर्ष में 103 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।

रिपोसे ने स्प्रिंग मैट्रेस के निर्माण के साथ कारोबार की शुरुआत की थी, और बीते वर्षों में कंपनी ने अपने उत्पादों के प्रस्ताव में कॉयर तथा फोम मैट्रेस को भी शामिल किया है। कंपनी को मैट्रेस के क्षेत्र में हमेशा अपनी नई खोज के लिए जाना जाता है, तथा उनके कई उत्पाद बेहद खास हैं जिन्हें बाजार में उच्च वर्ग के ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। बालाजी वी, सीएमओ, रिपोसे मैट्रेस ने कहा, रिपोसे फिलहाल मुख्य रूप से दक्षिण भारतीय बाजार के ग्राहकों को अपने उत्पाद उपलब्ध करा रहा है, और धीरे-धीरे उत्तर भारत के नए क्षेत्रों में भी कंपनी का विस्तार हो रहा है। हमने दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में अपनी मौजूदगी दर्ज करने का लक्ष्य रखा है। हम इन राज्यों में कम से कम 200 नए डीलरों को अपने साथ जोड़ेंगे, जिन्हें मेरठ में हमारे कारखाने से उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे। अब हम ओड़िशा के भुवनेश्वर या पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक और कारखाना स्थापित करने पर सक्रियतापूर्वक विचार कर रहे हैं।

पिछले वित्त-वर्ष में हमारा कारोबार 100 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, और हमारा उद्देश्य अपने टर्नओवर को बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये तक पहुंचाना है। उन्होंने आगे कहा, हमने डांस के सुपरस्टार, प्रभु देवा को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। पूरे देश में उनकी फैन फॉलोइंग है और रिपोसे ने उनके कद का उपयोग करके राष्ट्रीय स्तर के मैट्रेस ब्रांड बनने का लक्ष्य रखा है। हाल ही में हमने टीवी और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर विज्ञापनों की




एक सीरीज शुरू की है, जिसमें वे नजर आ रहे हैं कंपनी अपने अभिनव प्रस्तावों को ध्यान में रखते हुए और 'वेक अप टू फ्रेश आइडियाज' के अपने ब्रांड के मूल सिद्धांत के अनुरूप, और बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए रिपोसे अब अपने मैट्रेस की श्रृंखला में बिल्कुल नए उत्पाद - स्मार्टग्रिड मैट्रेस की पेशकश के लिए तैयार है।

इस मौके पर रवि पंडित, वीपी-सेल्स एंड बिजनेस डेवलपमेंट, रिपोसे मैट्रेस, ने कहा, स्मार्टग्रिड मैट्रेस रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित की गई तकनीक पर आधारित है। यह मैट्रेस हाइपर-इलास्टिक पॉलिमर से बना है, जिसमें मैटेरियल साइंस तथा स्लीप साइंस की अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है। यह कम्फर्ट टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बदलाव लाने वाला है।

# निजी स्कूल पर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप

कविता। फरीदाबाद

**विनय** नगर में स्थित एक निजी स्कूल के दो बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने का मामला सामने आया है। जिसे देखते हुए चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के चेयरपर्सन ने पल्ला थाना की पुलिस को स्कूल प्रिंसीपल और प्रबंधकों को सीडब्ल्यूसी के दफ्तर में पेश करने के आदेश दिए हैं। वहीं उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य से स्कूल संचालकों को खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।

**यह है पूरा मामला:** सीडब्ल्यूसी के चेयरपर्सन श्रीपाल करहाना ने बताया कि पिछले दिनों उनके पास एक शिकायत आई कि दो बच्चों को अनुसूचित जाति से सम्बंध रखने पर स्कूल में आने से रोक दिया है। सोना कालोनी सेहतपुर निवासी अशोक

## सीडब्ल्यूसी ने पुलिस को दिए स्कूल प्रिंसिपल को पेश करने के आदेश

कुमार ने शिकायत में लिखा था कि उनके बच्चों को स्कूल में नहीं आने दिया जा रहा। उनकी बड़ी बेटी सातवीं और बेटा चौथी कक्षा में विनय नगर स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ते हैं। स्कूल को उन्होंने वार्षिक फीस देने के अलावा महंगे दामों में किताबें और ड्रेस खरीदा दी थी, लेकिन अब बच्चों ने स्कूल जाना शुरू किया, तो प्रिंसीपल और प्रबंधक की पत्नी ने 12 जुलाई से स्कूल आने से मना कर दिया। इसकी सूचना उसने जिला प्रोढ़ शिक्षा अधिकारी को दी। 12 जुलाई को उन्होंने बच्चों को स्कूल भेजा।



जिस पर स्कूल प्रबंधन ने बच्चों की डायरी में गलत टिप्पणी लिखी। जिसकी सूचना उन्होंने जिला पोढ़ शिक्षा अधिकारी और सीडब्ल्यूसी को दी। वहीं 13 जुलाई को सीएम विंडो पर भी शिकायत दी है। लेकिन 18 जुलाई को स्कूल वैन ड्राइवर ने बच्चों को ले जाने से यह कहते हुए मना कर दिया कि अभिभावक न तो पीटीएम में गए हैं और न ही फीस दी है। जबकि वह अप्रैल, मई और जून की स्कूल फीस जमा करा चुका है। 18 जुलाई को सीडब्ल्यूसी में अशोक ने शिकायत दी, जिस पर समिति के चेयरपर्सन


श्रीपाल करहाना।

ने स्कूल प्रिंसीपल से बात की। प्रिंसिपल ने अशोक को बुलाकर बात करने का कहकर पल्ला झाड़ दिया। अशोक ने 19 जुलाई की सुबह बच्चों की वैन के ड्राइवरों को फोन करके उन्हें ले जाने को बोले, तो उसने प्रिंसीपल से बात को कहा। अशोक प्रिंसीपल से मिलने स्कूल पहुंचे, लेकिन उन्हें नहीं मिलने दिया। जिसकी सूचना उन्होंने सीडब्ल्यूसी के चेयरपर्सन को दी। चेयरपर्सन श्रीपाल करहाना ने पल्ला थाना पुलिस को स्कूल प्रबंधक की पत्नी और प्रिंसिपल को अपने दफ्तर में पेश करने के आदेश दिए हैं।

# कोई अधिकारों का हनन कर रहा तो चुप्पी तोड़ आवाज उठाएं : रेनू भाटिया

## एक बार उठाई आवाज किसी दूसरी लड़की के लिए मिसाल बन सकती है

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने मंगलवार को एनआईटी-3 स्थित, ईएसआई मेडिकल कॉलेज में आईसीसी कमेटी मेंबर्स के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कमेटी मेंबर्स को सरकार द्वारा जारी आजादी के अमृत महोत्सव की हिदायतों ने अनुसार दिशा निर्देश का पालन करते हुए कार्यो को पूरा करने के लिए कहा।

रेनू भाटिया ने कहा कि हरियाणा महिला आयोग महिलाओं के अधिकारों को लेकर पूरी सजगता से कार्य कर रही है। महिलाओं पर होने वाले शोषण को रोकने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्यो को अमलीजामा पहना रही है। आयोग द्वारा जिला स्तर पर महिलाओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों व केसों तथा लंबित मामलों का निदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी जगह आपकी बेटी बहु किसी भी इंडस्ट्री में काम करती है उन कंपनियों में महिलाओं के लिए सात या पांच


एनआईटी तीन स्थित ईएसआई मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करती हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया और डॉक्टर।

लोगों की कमेटिया बनी होती है जिनको महिलाएं उनके साथ कंपनी में हो रहे दुर्व्यवहार की शिकायत कर सकती है।

उन्होंने कहा कि महिला थाना में जब कोई केस जाता है तो लोगों की अलग-2 सोच और धारणाएं होती हैं। कानून अपने सिस्टम के अनुसार ही उन केसों पर काम करता है। महिला आयोग झूठे केस करने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई करते हैं। आज ईएसआई मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों, नर्सों और एडमिस्ट्रेशन स्टाफ के साथ सैशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम बहुत से मेडिकल कॉलेज में जाते हैं ताकि आईसीसी कमेटी के बारे में वहां काम करें कर्मचारियों को जानकारी दे सकें। हम अपने सैशन में हमारे पास आए केसों के बारे में प्रैक्टिकली बताते हैं अक्सर लड़कियां जहां नौकरियां करती हैं उन पर परिवार का भी काफी दबाव होता है तो नौकरी के समय अगर कोई उनके साथ गलत कार्य करता है तो वह चुपचाप रहती हैं।

हम लड़कियों को समझाते हैं कि न करना सीखें जहां आपके साथ कोई गलत कर रहा है या आपके अधिकारों का हनन कर रहा है वहां अपनी चुप्पी को तोड़े चुप रहने की जगह आपको आवाज उठानी चाहिए हो सकता है आपकी एक बार उठाई आवाज किसी दूसरी लड़की के लिए मिसाल बन सकती है और अगर आपके साथ कोई गलत करता है तो महिला थाना और महिला आयोग में उसकी शिकायत करें। हर महिला को अपनी बात कहने का हक है। लड़कियां अपने आपको बिल्कुल भी कमजोर ना समझें। कार्यक्रम में एसएचओ माया ने सम्बोधित करते हुए कहाकि आपके बच्चे स्कूल, कॉलेज या रिश्तेदार के घर से आते हैं तो उनसे पूछे कि वहां का माहौल कैसा है। अपनी बच्चों को सबसे पहले गुड टच और बैड टच के बारे में समझाएं। अगर किसी लड़की के साथ गलत होता है तो सबसे पहले वह इसकी शिकायत बिना किसी डर के महिला थाना में करें।

दुर्गा शक्ति एप के बारे में बताते हुए कहा कि अगर आप किसी मुसीबत में है तो आप दुर्गा शक्ति एप के माध्यम से मैसेज करें और समस्या बताए ताकि पुलिस तुरंत आपके पास पहुंच सके। सोशल मीडिया पर अपनी फोटो शेयर ना करें ना ही किसी व्यक्ति को अपने फोन पर आए ओटीपी की जानकारी नहीं दें। अगर आप ओला या उबर का इस्तेमाल करते हैं तो उस में बैठने से पहले गाड़ी का नंबर और ड्राइवर की फोटो अपनी परिवार वालों को भेजें और सफर के दौरान अगर आपको कुछ भी गलत आभास होता है तो तुरंत अपने परिवार और पुलिस को सूचित करें। इस अवसर पर सीएमओ विनय गुप्ता, डॉ. पुनिता हसीजा, डॉ. सविता यादव, डॉ. एके पाण्डे, डॉ. सुजाता, डॉ. दीपक कुमार तवर, एडवोकेट के एल वशिष्ठ, शिल्पी बाली, वीरेंदर सिंह दहिया समेत कई अधिकारीगण मौजूद रहे।

# कर्मचारियों ने बैठक में सरकार की नीतियों पर जताया रोष


बीके चौक स्थित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के कार्यालय पर आयोजित बैठक मे भाग लेते कर्मचारी नेता।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सर्व** कर्मचारी संघ हरियाणा ने कर्मियों की मांगों का समाधान करने की बजाय कौशल रोजगार निगम व अग्निपथ योजना आदि सौंपने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है और खंड स्तर पर कर्मचारी सम्मेलन करने का फैसला लिया है। यह निर्णय मंगलवार को नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के बीके चौक स्थित प्रादेशिक कार्यलय में आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान अशोक कुमार ने की। बलबीर सिंह बालगुहेर द्वारा संचालित इस बैठक में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, संगठन सचिव मुकेश बेनीवाल, प्रेस सचिव राजबेल देसवाल, खंड प्रधान करतार सिंह व सचिव जगदीश चंद्र, वाईएमसीए से विजय कुमार व महासचिव अवनीश गौड़, रोडवेज के प्रधान रविन्द्र नागर, अध्यापक नेता भीम सिंह, बिजली से शब्बीर अहमद गनी, कृष्ण कुमार, दिनेश शर्मा, नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खाडिया आदि मौजूद थे। जिला कार्यकारिणी की बैठक में फरीदाबाद खंड का कर्मचारी सम्मेलन 25 जुलाई को सामुदायिक केंद्र सेक्टर 15 में होगा। इसके अलावा बड़खल खंड का सम्मेलन 29 जुलाई को नगर निगम कांफ्रेंस हॉल, पहली अगस्त को तिगांव खंड का सम्मेलन तिगांव अनाज मंडी व 3 अगस्त को बल्लभगढ़ खंड का सम्मेलन पीडब्ल्यूडी बीएंडआर रेस्ट हाउस बल्लभगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए पुरानी पेंशन बहाली, ठेका प्रथा समाप्त कर कच्चे कर्मियों को पक्का करने, पक्का होने तक समान काम समान वेतन व सेवा सुरक्षा प्रदान करने, छंटनी ग्रस्त कर्मचारियों को वापस ड्यूटी पर लेने,जन सेवाओं के निजीकरण पर रोक लगाने, खाली पड़े लाखों पदों को पक्की भर्ती से भरते हुए आदि मांगों को प्रमुखता से उठाया।

# ओपन जेवेलिन थ्रो चैंपियनशिप का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिला** एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष और एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पहली नीरज चोपडा ओपन हरियाणा जेवेलिन थ्रो चैंपियनशिप का आयोजन करनाल के कर्ण स्टेडियम में 6 अगस्त से 7 अगस्त तक किया जाएगा।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि 6 अगस्त से 7 अगस्त तक कर्ण स्टेडियम करनाल में पहली नीरज चोपडा ओपन हरियाणा जेवेलिन थ्रो चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस चैंपियनशिप का आयोजन नीरज चोपडा खंडरा (पानीपत) के द्वारा टोक्यो (जापान) ओलम्पिक में 7 अगस्त को स्वर्ण पदक जीतने के उपलक्ष्य में पूरे भारत वर्ष के सभी राज्यों में जेवेलिन थ्रो की राज्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया (एएफआई) की आफिसियल वेबसाइट इंडियन एथलेटिक्स डाट इन पर रजिस्टरेशन के लिए 22 जुलाई को पोर्टल खुल जाएगा और रजिस्टरेशन की अंतिम तिथि 2 अगस्त होगी। 2 अगस्त के बाद पोर्टल स्वत: किसी भी एथलीट खिलाडी की इंट्री मान्य नहीं करेगा।

जो भी खिलाडी ओपन हरियाणा जेवेलिन थ्रो चैंपियनशिप में भाग लेना चाहता है, वह सबसे पहले एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया की वेबसाइट पर जाकर एथलीट रजिस्टरेशन पोर्टल पर अपनी यू आई डी बनाकर नम्बर और पासवर्ड प्राप्त कर लें।

# राष्ट्रीय टेबल टेनिस कोचिंग शिविर का समापन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**14 राज्यों** के 72 एथलीटों और 32 कोचों सहित 104 से अधिक प्रतिभागियों ने टेबल टेनिस में आयोजित राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के सफल समापन का जश्न मनाया। मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज ने फरीदाबाद द्वारा एसओ भारत के ज्ञान भागीदार के रूप में शिविर की मेजबानी की।

समारोह का समापन विशेष अतिथि डॉ. मल्लिका नड्डा- चेयरपर्सन, एसओ भारत की विशिष्ट उपस्थिति में हुआ, उनके साथ डॉ. अमित भल्ला - उपाध्यक्ष, और डॉ संजय श्रीवास्तव- एमडी और कुलपति, लतिका शर्मा- राज्य संरक्षक, एसओबी, गोपाल शर्मा - जिलाध्यक्ष, भाजपा फरीदाबाद, देवेंद्र चौधरी- वरिष्ठ उप महापौर, एमसीएफ, हरप्रीत सिंह- संयुक्त निदेशक खेल, एसओबी सहित अन्य अतिथि और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मानव रचना संस्थान के परिसर में 15-20 जुलाई,


मानव रचना शैक्षणिक संस्था में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर टेबल टेनिस के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारभ करतीं मुख्य अतिथि डॉ. मल्लिका नड्डा चेयरपर्सन एसओबी व अन्य।

2022 से आयोजित किया जा रहा यह शिविर अंतत: वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए एथलीटों और कोचों को उनके कौशल का सम्मान करने के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान कर रहा है। टेबल टेनिस के लिए प्रशिक्षण के साथ-साथ, उन्हें तनाव प्रबंधन, सामाजिक संपर्क, टीम निर्माण, एकाग्रता, टीम बिल्डिंग गेम्स, जुंबा, स्क्रिब्लिंग और कई अन्य गतिविधियों के माध्यम से समस्या-समाधान के साथ तैयार किया जा रहा है जो विभाग में विशेषज्ञ फैकल्टी द्वारा वितरित किए गए थे। एप्लाइड साइकोलॉजी के अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग (एफबीएसएस) के विशेषज्ञों द्वारा विशेष ओलंपिक भारत के कोचों के लिए अभिव्यंजक कला चिकित्सा के माध्यम से टीम निर्माण पर एक विशेष कार्यशाला भी आयोजित की गई। इन सत्रों ने एथलीटों को समग्र अनुभव प्रदान किया। विशेष ओलंपिक विश्व ग्रीष्मकालीन खेल 2023, बर्लिन जर्मनी के लिए टेबल टेनिस में संभावितों का चयन करने के लिए शिविर आयोजित किया गया था।

# गांजे की तस्करी में गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी राकेश सिंह की टीम ने अवैध नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।


पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अमित मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के गांव दानपुर का रहने वाला है। आरोपी वर्तमान में फरीदाबाद के गांव खेड़ी गुजरान में रहता है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से गांव नंगला से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 550 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना मुजेसर में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है नशे की पूर्ति के लिए जवाहर कॉलोनी में से किसी व्यक्ति से गांजा पत्ती को 3000 रुपये में खरीद कर लाया था। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# री-साइक्लिंग को जैविक कचरा पृथक्करण योजना शुरू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** सरकार के स्वच्छ भारत मिशन का समर्थन करने के लिए, फरीदाबाद नगर निगम ने समर पाम सोसाइटी और पीयूष हाइट्स सोसाइटी में रीसाइक्लिंग और उपचार के लिए जैविक कचरे का पृथक्करण परियोजना का शुभारंभ किया।

प्रोजेक्ट इसके पुनर्चक्रण और उपचार के लिए जैविक अपशिष्ट का पृथक्करण स्वर्ण लता मदरसन ट्रस्ट में अपनी CSR पहल के तहत मदरसन समूह की प्रमुख परियोजना है, जिसे भारतीय प्रदूषण नियंत्रण संघ द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। यह परियोजना अब तक दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम सहित दिल्ली एनसीआर में 57 से अधिक स्थानों पर सफलतापूर्वक लागू की गई है।



पीयूष हाईट सोसायटी में कंपोस्टिंग खाद बनाने की यूनिट के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते मुख्य अतिथि अतिरिक्त निगमायुक्त इन्द्रजीत कुलडिया।

यह परियोजना जैविक कचरे के स्रोत पृथक्करण की दिशा में एक कदम के रूप में शुरू की गई है और पर्यावरण के अनुकूल एरोबिक कंपोस्टिंग तकनीक-एरोबिन का उपयोग करके गीले कचरे से खाद का उत्पादन करने के लिए शुरू की गई है। यह 40-45 दिनों के भीतर जैविक कचरे को खाद में बदल देता है। चूंकि हमारे लैंडफिल साइट कचरे से भरे हुए हैं और मिट्टी प्रदूषण, जल प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी कई समस्याएं पैदा कर रहे हैं, आईपीसीए और एसएलएमटीटी मदरसन इस अभिनव प्रौद्योगिकी परियोजना एसओआरटी के साथ विकेन्द्रीकृत स्तर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की समस्या को हल करने के लिए आगे आए हैं। गीले कचरे में ग्रीनहाउस गैसों को छोड़ने की अधिक क्षमता होती है, और इसलिए इसे स्रोत पर ही निपटाया जाता है। यदि कचरे को गीले और सूखे कचरे के रूप में अलग-अलग किया जाता है और गीले कचरे को समुदाय समाज स्तर पर ही कंपोस्ट किया जाता है, तो यह लैंडफिल साइटों तक नहीं पहुंचेगा।


# रावल अकादमी ने 126 रनों से जीता मैच

**फरीदाबाद।** नेकपुर स्थित स्पोट्सविंग क्रिकेट ग्राउंड में प्रेक्टिस मैच खेला गया। यह मैच रावल क्रिकेट अकादमी और अयाज क्रिकेट अकादमी के बीच में खेला गया। जिसमें रावल अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। जिसमें रावल अकादमी ने 40 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 334 रन लिए। जिसमें योगेश ने 101 रन बनाए। गौरव ने 83 रन बनाए। वहीं अंशुल यादव ने 50 रन बनाए। अयाज की तरफ से गेंदबाज शिवम और अभिषेक ने एक-एक विकेट लिया। वहीं अयाज की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट में 208 रन लिए। वहीं वैभव ने 83 रन बनाए। अभिषेक ने 31 रन बनाए। वहीं रावल के गेंदबाज राशिद खान ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य ने 2 विकेट लिए। अंत में यह मैच रावल ने 126 रनों से जीत लिया। जिसमें मैन आफ द मैच योगेश बहल ने जीता।

# भाजपा-जजपा की सरकार में जनता नहीं है सुरक्षित : शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** नूंह के तावडू में अवैध खनन माफिया द्वारा हरियाणा पुलिस के डीएसपी सुरेंद्र सिंह बिश्नोई की डंपर से सरेआम बेरहमी से कुचल कर हत्या किए जाने की भर्त्सना करते हुए विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि एक पुलिस अफसर की दिन दहाड़े हत्या करना मतलब पूरे प्रदेश में है गुंडाराज, विधायक नीरज शर्मा ने कहा की मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश में अवैध खनन माफियाओं को भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार का संरक्षण प्राप्त है भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार में जब दिन दहाड़े पुलिस अधिकारी की हत्या कर दी गई, आज पूरे प्रदेश में जनता के बीच भय और आतंक का माहौल बन चुका है, विधायकों को सरेआम मौत के घाट उतारने की धमकियां दी जा रही


नीरज।

है और उनसे रंगदारी मांगी जा रही है प्रदेश में हर रोज हत्याए लूट और डकैती के मामले इतने बढ़ चुके हैं कि आम आदमी डर के साए में जी रहा है और उसका घर से निकलना दूभर हो गया है भाजपा-जजपा सरकार प्रदेश को संभालने में पूरी तरह से नकारा साबित हुई हैए इन्हें सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं रह गया है। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि जिस हरियाणा पुलिस से अपराधी कांपा करते थे आज उन्हीं की सरेआम हत्या की जा रही है। प्रदेश में हर रोज हत्याए लूट और डकैती के मामले इतने बढ़ चुके हैं कि आम आदमी डर के साए में जी रहा है और उसका घर से निकलना दूभर हो गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## पौधारोपण एक बेहतर कल के लिए जरूरी : कुलपति



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. एसके तोमर ने आज फरीदाबाद शहर को हरा-भरा बनाने तथा पर्यावरण एवं प्रकृति की बेहतरी में योगदान देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोगों से आगे आने का आह्वान किया है। प्रो. तोमर विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे एक माह के पौधरोपण अभियान के तहत एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रतिष्ठित शिक्षाविद् सीएल. गोयल मुख्य अतिथि थे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इस अवसर को चिह्नित करते हुए वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय आगमन पर प्रो. तोमर ने सीएल गोयल को एक पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ रेणुका गुप्ता, डॉ. अनुराधा पिल्लाई, दिव्याज्योति सिंह और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री गोयल ने पौधरोपण अभियान में हिस्सा लिया तथा विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर पौधा भी लगाया।

## ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद रेलवे स्टेशन यार्ड पर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मरने वाले व्यक्ति के शव की पहचान नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र 25 साल थी, जिसके दाएं हाथ पर हिंदी में जय बाबा मोहन राम लिखा हुआ है, जबकि बाएं हाथ पर ओम खुदा हुआ है। जांच अधिकारी सबइंस्पेक्टर राजपाल सिंह ने बताया कि मृतक ने फिरोजी रंग का कर्ता और नीले रंग का लोवर पहने हुआ था। शव की पहचान के लिए आसपास के लोगों को बुलाया गया, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है।

## 21 वर्षों से फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी सेंट्रल मुकेश मल्होत्रा के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश पर कार्रवाई करते हुए पीओ स्टाफ सेक्टर 14 इंचार्ज सब इंस्पेक्टर जगवीर सिंह की टीम ने 21 वर्षों से फरार चल रहे हत्या की कोशिश व अवैध हथियार के आरोपी गिरफतार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुभाष फरीदाबाद के गांव करौली का तथा वर्तमान में बल्लभगढ़ की तिरखा कॉलोनी में रहता है। आरोपी ने थाना छायंसा के क्षेत्र में वर्ष 1995 में एमएलए शारदा रानी के फार्म हाउस में काम करने वाले कर्मचारियों से लड़ाई झगड़ा कर एक कर्मचारी को कंधे में गोली मारी थी। जिस वारदात का मुकदमा थाना छायंसा में हत्या की कोशिश व अवैध हथियार की धाराओं में दर्ज है। आरोपी मामले में 21 वर्ष से फरार चल रहा था। आरोपी को पीओ स्टाफ टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना पर बल्लभगढ़ की तिरखा कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। आरोपी और आरोपी की पत्नी अंगूरी के साथ पांच आरोपी पहले मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं। जो अदालत से जमानत पर आने के बाद आरोपी व उसकी पत्नी अदालत में पेश नहीं हुए। अदालत ने वर्ष 2006 में आरोपी को उद्घोषित अपराधी के आदेश दिए थे। मामले में सात आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी थी जिसमें आरोपी सुभाष व आरोपी प्रताप से दो देसी कट्टे बरामद हुए थे। आरोपी की पत्नी को भी अदालत ने उद्घोषक अपराधी घोषित किया है। जिसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## कांवड़ यात्री पुलिस जारी एडवाइजरी का करें पालन

**फरीदाबाद।** पुलिस ने कावड़ यात्रा के मद्देनजर कांवड़ियों की सुरक्षा तथा उनके खान पान व आवास संबंधित एडवाइजरी जारी करते हुए उनकी मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने कावड़ यात्रियों को संबंधित करते हुए कहा कि प्रदेश आगमन पर हरियाणा पुलिस सभी कावड़ियों का हार्दिक स्वागत करती है। कावड़ियों लिए ट्रैफिक तथा सुरक्षा संबंधित पूर्ण व्यवस्था की गई है फिर भी आपसे अनुरोध है की सड़क के बाईं ओर चलें। आपकी सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है, अत: सड़क पार करते समय बाएं और दाएं दोनों तरफ देखकर ही सड़क पार करें। सड़क पर चलने वाले वाहनों से उचित दूरी बनाए रखें, नशे से दूर रहें तथा यदि कोई भी व्यक्ति आपको किसी भी तरीके का नशीला पदार्थ देता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। कृपया साथी कांवड़ियों से बात करते समय मधुर भाषा का प्रयोग करें, किसी की भावना को ठेस ना पहुंचाएं तथा महिला कांवड़ियों का सम्मान करें और उनकी सुरक्षा का विशेष ख्याल रखें। आप से अनुरोध है कि कोई भी घातक वस्तु अपने साथ में रखें। डीजे से निकलने वाली तेज ध्वनि कांवड़ियों तथा आम जनता को परेशान कर सकती है, अत: आपसे अनुरोध है कि अपने वाहन पर डीजे न बजाएं। आपकी सुविधा के लिए सुविधा शिविर बाई तरफ लगाए गए हैं। आपसे अनुरोध है कि सड़क से दूर तथा सुरक्षित शिविरों में ही आराम करें। किसी भी मेडिकल सहायता हेतु आपके लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है एंबुलेंस ने मिलने की सूरत में पुलिस से संपर्क करें। हरियाणा पुलिस इस मंगलमय यात्रा में आपके साथ है किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता के लिए फोन नंबर 112 पर संपर्क करें। महिला कांवड़ यात्री हेल्पलाइन नंबर 1091 पर भी संपर्क कर सकते हैं। हरियाणा पुलिस आपकी मित्र है। कृपया साथी कांवड़ियों तथा पुलिस कर्मचारियों से दुर्व्यवहार न करें, हरियाणा पुलिस आपकी इस पवित्र यात्रा की सुखद सुरक्षित तथा मंगलमय होने की कामना करती है।

## ऑपरेशन आक्रमण के तहत 43 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक मुख्यालय द्वारा 18 जुलाई को पूरे हरियाणा में अपराधियों को पकड़ने के लिए ऑपरेशन आक्रमण चला गया था जिसमें पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देशानुसार 32 पुलिस टीमों का गठन किया गया था जिसमें 4 टीम पुलिस उपायुक्त, 8 टीम सहायक पुलिस आयुक्त 8 टीम थाना प्रभारियों तथा 12 टीम क्राइम ब्रांच प्रभारियों की अगुवाई में कार्यरत थी। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि अपराधियों को पकड़ने के लिए चलाए गए आक्रमण अभियान का उद्देश्य अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजकर आमजन में सुरक्षा तथा पुलिस व कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास को स्दृढ़ करना है। ऑपरेशन आक्रमण के तहत की गई पुलिस कार्रवाई फरीदाबाद में 37 विभिन्न स्थानों पर रेड डाली गई जिसमे 22 मुकदमे दर्ज करके 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिसमे एनडीपीएस एक्ट के 11, अवैध हथियार अधिनियम के तहत 10 तथा एक्साइज का 1 मुकदमा शमिल है। गिरफ्तार किए गए इन 22 आरोपियों के कब्जे से 5 देसी कट्टे, 3 कारतूस, 5 चाकू, 4.938 किलोग्राम गांजा 4.81 मिलीग्राम स्मैक तथा देसी शराब की 4 पेटियां बरामद की गई है। इसके अलावा पुलिस द्वारा 13 पीओ/बेल जंपर को भी काबू किया गया। पुलिस द्वारा फरीदाबाद की नीमका जेल में भी सर्च अभियान चलाया गया जिसमें किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं पाई गई। फरीदाबाद पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान में गौवंश संरक्षण एवं गौसंवर्धन अधिनियम व हत्या का प्रयास जैसे जघन्य अपराध के 6 मुकदमों में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें बल्लभगढ़ की शारदा कॉलोनी के रहने वाले निरंजन, नवादा गांव निवासी अमित कुमार उर्फ कालू, एसी नगर के रहने वाले मोनिस, मोहना गांव निवासी सुनील, पलवल के महेश तथा नूंह के आसिफ, राजेंद्र व राजवीर का नाम शामिल है।

## सऊदी-अमेरिका संबंध

### आई2यू2 में महत्वपूर्ण

**चार** देशों के बीच आई2यू2 संबंधों की क्षमता बहुत अधिक है, पर इसके लिए अमेरिका-सऊदी अरब संबंधों में सुधार लाना जरूरी है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंच से शुरू कर भारत, इस्राइल, संयुक्त अरब अमीरात-यूएई व अमेरिका ने अक्टूबर 2021 में एक समूह बताया जिसे आई2यू2 का नाम दिया गया। इसने अपने कार्यक्षेत्र में रणनीतिक सहयोग को जोड़ा है। इसे 'पश्चिम एशियाई क्वाड' का नाम दिया गया है, जबकि क्वाड भारत, अमेरिका, आस्ट्रेलिया व जापान के बीच रणनीतिक गठबंधन है। क्वाड का उद्देश्य चीन को सीमित रखना है और इसी कारण उसे बीजिंग की आलोचना का शिकार होना पड़ा है जो इसे 'एशियन नाटो' कहता है। हालांकि, आई2यू2 का उद्देश्य ड्रैगन को नियंत्रित करना नहीं है। वास्तव में यूएई तो चीन की कुख्यात बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव-बीआरआई का हिस्सा है। शायद यही कारण है कि बीजिंग ने अब तक आई2यू2 की आलोचना नहीं की है। लेकिन अमेरिकी विश्लेषकों का मानना है कि वाशिंगटन आई2यू2 को न केवल मध्यपूर्व, बल्कि एशिया में भी चीन का प्रभाव विस्तार रोकने के लिए गठबंधन समझता है। आई2यू2 के रूप में इस्राइल ईरान के प्रतिरोध का रास्ता देखता है। इसके साथ ही नए समूह ने अब्राहमी समझौते को बढ़ावा दिय है जिसमें इस्राइल, अमेरिका और कई अरब देश शामिल थे। आई2यू2 पर टिप्पणी करते हुए इस्राइल के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मेजर जनरल याकोव अमिडरोर ने कहा था, 'नए देशों को साथ लाकर भारत अब्राहमी समझौतों का विस्तार कर इनका असर बढ़ा सकता है।' उन्होंने पीटीआई को बताया कि आई2यू2 में भारत की साझेदारी 'गेम चेंजर' सिद्ध हो सकती है। इसने भारत को यूएई के साथ राजनीतिक संबंध सुधारने का भी अवसर दिया



है, जबकि यह देश पैगंबर मुहम्मद पर नूपुर शर्मा की टिप्पणी से आहत होने वाले अरब देशों में से एक था। लेकिन भारत की उपलब्धियां मुख्यत: आर्थिक क्षेत्र में होंगी। विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है, 'आई2यू2 का लक्ष्य परस्पर सहमति वाले 6 क्षेत्रों में संयुक्त निवेशों को बढ़ावा देना है। इनमें पानी, ऊर्जा, परिवहन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य व खाद्य सुरक्षा शामिल हैं। इसका उद्देश्य निजी क्षेत्र पूंजी व विशेषज्ञता को लामबंद करना, ढांचागत संरचना मजबूत करना, हमारे उद्योगों के लिए कम कार्बन विकास मार्ग तलाशना, सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार तथा उभरती व हरित तकनीकों के क्षेत्र में विकास को प्रोत्साहित करना शामिल है।' यदि प्रतिबद्धता हो तो ये सभी उम्मीदें सच्ची सिद्ध हो सकती हैं। लेकिन इस दृष्टिकोण से संभवत: अमेरिका का इरादा आई2यू2 को प्रोत्साहित करने के बजाय सऊदी अरब से अपने संबंधों पर ज्यादा केन्द्रित रहना है।

हालांकि, राष्ट्रपति जोसेफ बाइडेन ने वर्चुअल बैठक में भाग लिया, पर उनका, उनके प्रशासन व अमेरिकन मीडिया की ज्यादातर दिलचस्पी सऊदी अरब क्राउन प्रिंस मुहम्मद बिन सलमान-एमबीएस से संवाद में ज्यादा थी। दोनों नेताओं के बीच संबंध अन्य चीजों के साथ 2018 में सऊदी पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के कारण ठंडे रहे हैं। खशोगी एमबीएस के आलोचक थे और कहा जाता है कि उन्होंने ही उनकी हत्या के आदेश दिए थे। डोनाल्ड ट्रंप को इसकी चिन्ता नहीं थी, पर बाइडेन की डेमाक्रेटिक पार्टी वामपंथी प्रभाव में होने के कारण एमबीएस के प्रति इतनी मित्रतापूर्ण नहीं रह सकी। बाइडेन ने खशोगी का मुद्दा उठाया, सऊदी परिवार को नाराज किया और इस प्रकार वे तेल से समृद्ध देश के साथ संबंध सामान्य बनाने का लक्ष्य पूरा नहीं कर सके। इसके बावजूद उम्मीद की जाती है कि अमेरिका और सऊदी अरब के बीच टकराव का प्रभाव आई2यू2 पर नहीं पड़ेगा।

# पर्यावरणवादियों से विकास एजेंडे की रक्षा

**भारत ने हालिया वर्षों में विकास एजेंडे की पेशेवर पर्यावरणवादी आंदोलनकारियों के पंजों में फंसने से रक्षा की है। पहले अनेक निहित स्वार्थी एनजीओ विदेशों से पैसा पाते थे और देश की प्रगति में बाधा डालते थे।**



**सुमीत भसीन**
(लेखक, पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक हैं)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सप्ताह के समय में दो उल्लेखीनय विकास परियोजनाओं-देवघर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। इन पर गहराई से नजर डालने की जरूरत है क्योंकि प्रधानमंत्री ने कुछ साल पहले इनका शिलान्यास किया था ओर अब इनका उद्घाटन भी किया है। यह इस तथ्य के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है कि स्वयं को पर्यावरण का एकमात्र रक्षक बताने वाले अनेक एनजीओ की मजबूत मशीनरी प्रधानमंत्री की गति धीमी नहीं कर सकी है। दशकों से देवघर में लोग बेहतर संपर्क की इच्छा कर रहे थे।

बाबा बैद्यनाथ के पवित्र धाम में हर साल 'श्रावण' के महीने में लाखों तीर्थयात्री आते हैं। इसके साथ ही देवघर अनेक मझोले व छोटे उद्योगों-एमएसएमई का घर है। इसके बाहरी क्षेत्र में स्थित मधुपुर व जगदीशपुर अनेक उद्योगों का घर हैं और यह डाबर का भी घर है। यदि पूर्व कांग्रेसी सरकार संचार सुविधा बढ़ाने का सपना देखती तो झारखंड का यह हिस्सा एक और जमशेदपुर हो सकता था। लेकिन वह ऐसा इसलिए नहीं कर सकी क्योंकि पर्यावरणविदों के आका उनकी नीतियां निर्धारित करते थे और उनके कामों को निर्देशित करते थे।

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का शिलान्यास प्रधानमंत्री ने फरवरी, 2020 में किया था। 29 महीने से भी कम समय में यह 296 किलोमीटर का चार लेन का एक्सप्रेसवे तैयार हो गया। इसके निर्माण में 14,850 करोड़ रुपये की लागत आई और प्रधानमंत्री ने इसे देश को समर्पित किया। बुंदेलखंड क्षेत्र उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के सबसे पिछड़े हिस्सों में है। संप्रग सरकार तथा योजना आयोग ने करोड़ों रुपये इस क्षेत्र की विकास योजनाओं पर खर्च किए, लेकिन उनका कोई नतीजा नहीं निकला। बुंदेलखंड क्षेत्र में डिफेंस कारीडोर के साथ बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे मोदी सरकार के इस क्षेत्र में सुनिश्चित प्रयास हैं जिनसे वह इस पिछड़े क्षेत्र को प्रगति के रास्ते पर ले जाना चाहते हैं। इस क्षेत्र को लगातार पानी के संकट के कारण जाना जाता है जिससे लोगों को आजीविका के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश में पलायन पर मजबूर होना पड़ता है।

इस प्रकार देवघर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे मोदी सरकार की स्पष्ट विजय पर्यावरणवादी एनजीओ गठजोड़ के खिलाफ है। वे भूमि अधिग्रहण तथा उद्योगों के विकास में अनावश्यक रूप से पर्यावरण को नुकसान के मुद्दे उठा कर रोकते थे। यह निकट अतीत की घटनाओं से एकदम विपरीत दिशा में पलायन है, जिसका उदाहरण पश्चिम बंगाल से टाटा की नैनो परियोजना को बाहर निकालना है। खबरों से पता चलता है कि जब परियोजना पूरी गति से आगे बढ़ रही थी और आंदोलन निष्प्रभावी सिद्ध हो रहे थे तब 'सेव सिंगुर फार्मलैंड कमेटी' नामक नक्सलवादी गिरोह धमकियों पर आमादा हो गया। उसने उन स्थानीय लोगों के खिलाफ हिंसा की धमकी दी जिन्होंने स्वेच्छा से अपनी जमीन परियोजना को बेच दी थी या वे फेंसिंग बनाने के काम में लगे थे। खबरों से यह भी पता चला है कि पुलिस को उस समय रोज स्थानीय लोगों से 12 शिकायतें मिलती थीं।

अब भी पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, महाराष्ट्र तथा कुछ अन्य राज्य पर्यावरणवादी एनजीओ के मजबूत समूहों का शिकार हैं जो बड़ी स्थानीय परियोजनाओं के रास्ते में बाधा डालते हैं और इस प्रकार भारत को जल्द प्रगति पथ पर जाने में रोड़ा अटकाते हैं। जेएसडब्लू का प्रस्तावित स्टील मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट 1173.58 हेक्टर क्षेत्र में स्थापित किया जाना है जो ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से लगभग 60 किलोमीटर दूर ढिनकिया, नौगांव व गडाकुजंग गांवों में फैला है। इसमें प्रति वर्ष 13.2 मिलियिन टन स्टील का उत्पादन होन है, लेकिन यह भी परंपरागत विरोध प्रदर्शनों का शिकार बन गया है। जगतसिंहपुर के एसपी अखिलेश्वर सिंह ने बताया कि पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी क्योंकि गांव वालों ने उन पर पेशाब फेंकना शुरू किया तथा कुछ ने पुलिस पर चाकुओं से भी हमला किया। प्लांट लगाने का विरोध करने वाले लोक शक्ति अभियान के नेता ने दावा किया कि तटीय क्षेत्र में यह निर्माण पर्यावरण के लिए खतरा है।

विरोध प्रदर्शनों का सामना करने वाली एक और परियोजना वेदांता का तमिलनाडु के थिरूकुवीरापांडियापुरम गांव में कापर स्मेल्टर प्लांट था जो थूतकुडी में कंपनी का कुल उत्पादन प्रति वर्ष 4,00,000 टन से बढ़ा कर 8,00,000 टन करना चाहता था। इस प्रकार यह दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा तांबा उत्पादक प्लांट होता। विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व कुमाराત्तियापुरम गांव के निवासियों ने किया जो प्रस्तावित प्लांट से 200 मीटर के दायरे में आता है। यह प्लांट बंद होने से 20,000 प्रत्यक्ष व परोक्ष रोजगार प्रभावित हुए हैं, जबकि उपभोक्ता व संबद्ध उद्योग प्रभावित होने के कारण 98,400 और लोग प्रभावित होंगे। संयोग से पता लगा कि ऐसे एनजीओ तथ्यों पर विचार नहीं करते हैं और उनका एजेंडा केवल प्लांट बंद कराना होता है। वे प्लांट स्थल पर पिछले सात साल से नहीं गए हैं और उनकी प्लांट प्रबंधन से बातचीत करने की कोई इच्छा नहीं है। वे बातचीत के लिए आमंत्रण के सारे प्रयास इस तर्क के साथ रद्द कर देते हैं कि, 'प्रदूषण बाहर है, प्लांट के भीतर नहीं।' प्लांट का प्रबंधन तार्किक रूप से एनजीओ के तर्कों से हैरान हो जाता है क्योंकि यदि कोई प्रदूषण हो तो वह बाहर के बजाय प्लांट के भीतर होना चाहिए। वास्तव में एनजीओ का उद्देश्य उद्योग को अस्थिर करना है जिनमें से खबरों के अनुसार बहुतों के संपर्क विदेशी निहित स्वार्थी तत्वों से हैं और उनको बिजनेस प्रतिद्वंद्वियों से पैसा मिलता है।

अहमदाबाद-मुंबई हाईस्पीड रेल कारीडोर परियोजना भारत की एक उल्लेखनीय उपलब्धि है जिसे जापानी एजेंसियों ने उदारतापूर्वक पैसा दिया है। पूरी होने पर यह परियोजना पूरे रेलवे क्षेत्र में नई तकनीकें लाने के माध्यम से बहुआयामी प्रभाव डालने वाली होगी। इस परियोजना का एक नतीजा रेल विश्वविद्यालय के रूप में सामने आ रहा है। लेकिन इसमें महाराष्ट्र की महाविकास अघाड़ी-एमवीए सरकार ने बाधा डाली जिसमें कांग्रेस भी शामिल थी। एमवीए सरकार ने वन संबंधी अनुमति तथा भूमि अधिग्रहण न कर 110,000 करोड़ रुपये की इस परियोजना को पटरी से उतारने का प्रयास किया जिसमें जापानी एजेंसियों का 88,000 करोड़ रुपया लगा था। हालांकि, इस परियोजना के लिए 70 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण पहले किया जा चुका था, पर एमवीए सरकार ने इंजीनियरों को निराश करने के लिए कुछ फाइलों पर निर्णय नहीं लिए।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद ही उसने अहमदाबाद-मुंबई कारीडोर परियोजना के लिए पद की शपथ लेने के दो दिन के भीतर सारी अनुमतियां दे दीं। स्वर्गीय जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे के ड्रीम प्रोजेक्ट को पटरी से उतारने का प्रयास पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे तथा उनके बेटे आदित्य ने किया था। उन्होंने कुछ ऐसे संदिग्ध एनजीओ को अनुमति दी जो अपने को पर्यावरण का संरक्षक होने का दावा करते थे और जिन्होंने अधिकारियों को आवश्यक अनुमतियां देने से रोक दिया था। भारत में दुनिया की 17 प्रतिशत जनसंख्या रहती है और वह वैश्विक कार्बन उत्सर्जन के 5 प्रतिशत से भी कम का जिम्मेदार है, जबकि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह दिखा दिया है कि जलवायु परिवर्तन की प्रतिक्रिया तथा विकास को समान प्राथमिकता दी जा सकती है। यह बात जी-7, आई-2यू-2 तथा क्वाड फोरम से स्पष्ट है, जिन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारत द्वारा दर्ज की गई उल्लेखनीय प्रगति की प्रशंसा की है। इसे अभूतपूर्व पैमाने पर निवेश मिल रहा है तथा भारत विकसित देशों द्वारा कार्बन व्यापार का प्रमुख केन्द्र बन गया है। यह केवल इसलिए संभव हुआ है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योजना आयोग को समाप्त कर दिया जो संदिग्ध एनजीओ के संरक्षकों का आश्रय स्थल बन गया था।

# रेलवे प्लेटफार्मों पर बेघर बच्चे

**मामुनी दास**
(लेखिका, पत्रकार हैं)



आधार जैसे पहचान पत्र के अभाव में, रेलवे स्टेशनों पर रहने वाले बेघर बच्चे पहले से ही अभावों व सामाजिक बहिष्कार का सामना करते रहे हैं। ऐसे में जैसे ही मार्च 2020 में कोविड -19 ने सर उठाया और भारतीय रेलवे को बंद किया, रेलवे प्लेटफॉर्म पर आसरा लेने वाले हजारों बच्चों के पास - प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से - कोई विकल्प नहीं रहा कि वे अपनी आजीविका के लिए कहां जाएं। ऐसे कई बच्चे भोजन की तलाश में, भीख मांगने के लिए, मंदिरों और गुरुद्वारों में चले गए, जबकि अन्य ने स्ट्रीट लाइट पर अपनी किस्मत आजमाई। ऐसी खबरें भी सामने आती रहीं कि अक्सर पुलिस द्वारा समय-समय पर उन्हें उन स्थानों से भी खदेड़ दिया जाता था जहां उन्होंने शरण ले रखी थी।

कुछ अन्य लोगोंव बच्चों ने रैन बसेरों (रैन बसेरों) में शरण ली, और कुछ के पास अपने उन घरों को लौटने के सिवा कोई रास्ता नहीं बचा, जिन्हें कुछ ने बड़े रिश्तेदारों, कभी-कभी अपने माता-पिता के हाथों दुर्व्यवहार या हिंसा का सामना करने के बाद छोड़ दिया था। इन बच्चों को वहां अधिकांश मामलों में पहले से भी अधिक उत्पीड़न का शिकार होना पड़ा। स्टेशन प्लेटफार्मों व अन्य स्थानों पर रहने वाले बेघरबार बच्चों के लिए सबसे बड़ी समस्या यह है कि आधार कार्ड, पहचान पत्र, या जन-धन खाता नहीं होने का मतलब है कि उनमें से कई सरकार द्वारा वितरित किए जा रहे मूल राशन और मामूली कल्याणकारी सहायता का लाभ नहीं पा सकते थे।

"यह बहुत कठिन समय था। इतने सारे बच्चों को यह नहीं पता था कि क्या करना है, कहां जाना है। कुछ के माता-पिता बीमारियों से पीड़ित थे। दूसरों के पास घर नहीं था, इसलिए वे भोजन, आश्रय और अन्य बुनियादी आवश्यकताओं की तलाश में थे।" 20 वर्षीय किशोर राजन ने कहा, जो पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से खाली, प्लास्टिक की पानी की बोतलें एकत्रित करता था। राजन को दिल्ली से सटे गांव में स्थित अपने घर लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा, जहां वह पहले अक्सर एक-दो महीने में एक बार आता था।

एक अन्य नागरिक समाज के स्वयंसेवक ने कहा कि दिल्ली रेलवे स्टेशन पर निर्भर कुछ बच्चों को महामारी की चपेट में आने के बाद कमाई खत्म हो जाने के कारण मंदिर या गुरुद्वारे में शरण लेनी पड़ी। दिल्ली में रेलवे स्टेशन के पास कचरा बीनने वालों में से एक, लोकेश जैसे बच्चे ने कहा कि वह रेलवे स्टेशन के चारों ओर घूमता रहता है और कभी भारतीय रेलवे -परिसर के बाहर फेंके गए भोजन से - तो कभी-कभी इसकी खानपान इकाई भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम के माध्यम से, और अन्य कई बार एनजीओ द्वारा वितरित किए जाने वाले भोजन से अपना पेट भरता है। ऐसे बच्चे भी थे जो इस तरह के लाभ हासिल नहीं कर सकते थे।

महामारी के दौरान उन बच्चों की दुर्दशा, जो ट्रेनों और स्टेशनों सहित रेलवे पारिस्थितिकी तंत्र पर निर्भर थे, को सड़क से जुड़े बच्चों द्वारा प्रकाशित समाचार पत्र में भी शामिल किया गया है। बच्चों द्वारा किया जाने वाला ऐसा ही एक प्रयास बालकनामा नाम से सामने आया। 'सड़क पर रहने वाले बच्चे वैसे भी रोज कमाते- रोज खाते थे : कोरोनावायरस महामारी ने इसे और भी बदतर बना दिया' जो बालकनामा के अप्रैल-मई 2020 संस्करण की शीर्ष कहानी थी। बालकनामा ने हमें एक बच्चे मुन्ना की कहानी सुनाई, जो रेलवे स्टेशन के पास एक 13 वर्षीय कचरा बीनने वाला था, और उसके जैसे कई लोग थे, जो अचानक भूखमरी और मैली कुचैली हालत में छोड़ दिए गए थे, यहां तक कि कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के बाद लागू लाकडाउन के कारण रेलवे स्टेशनों के पास उनकी कमाई के दुर्लभ अवसर भी सूख गये थे।

बालकनामा के एक अन्य संस्करण में, निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास एक और कचरा बीनने वाले बच्चे, पंकज को उल्लेख किया गया है, जो नंगे पांव था, और बिना जूते-चप्पल के, उसके पैर सड़कों पर लगभग झुलस गए थे। "जीवन कभी आसान नहीं था, लेकिन कोरोना के दौरान यह नरक में बदल गया" पंकज का उल्लेख बालकनामा के जुलाई 2020 संस्करण में किया गया था। यह कई कहानियां सुनाता है कि कैसे रेलवे प्लेटफार्मों और सड़कों पर गुजर बसर करने वाले बच्चों के माता-पिता की नौकरियां जा रही थीं, वे उधार लेने के लिए मजबूर हो रहे थे, और वे कर्ज के जाल में धकेले जा रहे थे। ऐसे कई परिवार दिन में दो बार खाने के बजाय एक बार खाने की स्थिति में आ गए, न्यूज लैटर में ऐसा केस-अध्ययन दिखाते हैं। अमर ने कहा, जब राशन वितरित किया जा रहा था, तब पहचान पत्र या आधार कार्ड नहीं होना हम में से कई लोगों के लिए एक समस्या बन गया था।

मार्च 2020 से अंतरालिक रुकावटों के बाद, रेलवे विभिन्न चरणों में सामान्य स्थिति में लौटता है, (पहली लहर के दौरान पूर्ण तालाबंदी के एक चरण से, और डेल्टा लहर के दौरान परिचालन में कटौती से लेकर कुछ स्टेशनों को धीरे-धीरे खोलने और ट्रेनों को महामारी के प्रसार और तीव्रता को ध्यान में रखते हुए चलाने हेतु स्थानीय लॉकडाउन नियम, 2021 के अंत से लगभग सामान्य संचालन की स्थिति तक), यदि सभी नहीं तो कई बच्चे आजीविका के साधन तलाशने के लिए रेलवे प्लेटफॉर्म पारिस्थितिकी तंत्र में लौट रहे हैं।

महामारी की अवधि के दौरान रेलवे प्लेटफार्मों से बचाए गए बच्चों में जबरदस्त गिरावट देखने के बाद, रेलवे अधिकारियों और गैर सरकारी संगठनों की संख्या में एक स्थिर और स्पष्ट वृद्धि देखी जा रही है, भले ही रुझान एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन में भिन्न हों।

रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) द्वारा 2020 में स्टेशनों से बचाए गए बच्चों की संख्या साल भर पहले बचाए गए बच्चों की संख्या का एक चौथाई रह गई। आरपीएफ ने 2020 में 5193 बच्चों को बचाया, जो 2019 में 16,294, 2018 में 17,479 और 2017 में 13,779 की तुलना में काफी कम है। यह संख्या 2021 में 11,900 हो गई है। अकेले मार्च 2022 में, 1420 बच्चों को बचाया गया और जनवरी-मार्च में बच्चों को बचाया गया। 2022 में, बचाए गए बच्चों की संख्या- जिन्हें देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता थी -3621 थी।

एक स्वयंसेवी हितधारक ,जो प्लेटफार्मों से बच्चों को छुड़ाने में सहायता करते हैं, ने कहा, "डेल्टा लहर के तीन महीने बाद तक, प्लेटफार्मों पर बचाए गए बच्चों में भारी कमी आई थी। बाद में, जैसे ही ट्रेन संचालन सामान्य हुआ, बच्चे फिर से आने लगे। यह प्रवृत्ति भी एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन में भिन्न है। उत्तर भारत के कुछ स्टेशन और देश के पूर्वी हिस्से ने बच्चों को बड़ी संख्या में रेलवे प्लेटफार्मों पर लगभग पूर्व महामारी की स्थिति में वापस आते देखना शुरू कर दिया है।

## आप की बात

### रुपये में गिरावट

**अन्य** वैश्विक मुद्राओं के साथ ही डालर की तुलना में भारतीय रूपये में गिरावट हुई है। डॉलर के मुकाबले रुपया अपने सर्वाधिक न्यून-स्तर 80 रुपये के स्तर तक गिर गया। इसका असर अर्थव्यवस्था से लेकर आम आदमी सब पर पढ़ता है। इसका सबसे बड़ा असर विदेशी मुद्रा भंडार पर पढ़ेगा, चूंकि हम अमेरिका या अन्य किसी देश से आयात करेंगे तो हमें भुगतान डॉलर में करना होगा, जिस वजह से खर्च बढ़ेगा क्योंकि डॉलर अभी तेज़ है। घरेलु स्तर पर महंगाई बढ़ेगी और वस्तुएं और महंगी हो जाएंगी। देश में मेहंगाई करीब 7 प्रतिशत है जो कि आरबीआई के लक्ष्य से काफी अधिक हैं इसको काबू करने के लिए आरबीआई लगातार प्रयास कर रहा हैं। इस गिरावट की मुख्य वजह कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, विदेशों में मजबूत डॉलर और विदेशी पूंजी का आउटफ्लो को माना जा रहा है। रूपये के गिरने का सबसे अधिक गम विपक्ष को है, जो रुपए के गिरने का कारण सरकार को बता रहा है। मगर असल में इसमें सरकार की कोई मुख्य भूमिका नहीं होती, वैश्विक परिस्थितियां, अर्थव्यवस्था, व्याज दरें, आदि इसमें मुख्य मापदंड होते हैं।

-**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### कोरोना की बूस्टर खूराक

**सरकार** की बड़ी उपलब्धि है कि दो सौ करोड़ से ऊपर लोगों को कोरोनारोधी टीके की खुराक लगा दी गई। और अब फिर से 18 से 59 वर्ष तक के बचे हुए लोगों के लिए मुफ्त -टीकों, यानी बूस्टर या अतिरिक्त खूराक की शुरुआत की जा चुकी है। एक तरफ कोरोना की भयावहता और दूसरी तरफ इसके खिलाफ देशव्यापी मुस्तैदी जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों का सर्वाधिक योगदान रहा सराहनीय है। कई स्वास्थ्य कर्मियों व डाक्टरों ने अपनी सेवा देते हुए जान भी गंवाई हैं। इसके बावजूद टीकाकरण में कोई ढीलापन नहीं आने दिया। अब कोरोना का खतरा बहुत कम हो चुका है इसके बावजूद भी सभी देशवासियों को पूरी स्वच्छता सजगता को ध्यान में रखकर ही चलना होगा। और टीकाकरण के बूस्टर डोज से बची हुई जनता को तत्काल इसका लाभ उठा लेना चाहिए। क्योंकि यह सुविधा मात्र 75 दिनों के लिए ही मुहैया कराई गई है। उसके बाद पैसे देकर ही टिका लगवाया जा सकेगा। उम्मीद करनी चाहिए कि जनता सरकार के इस प्रस्ताव का लाभ उठा कर स्वयं को इस महामारी से और सुरक्षित रखने में सहयोग करेगी।

-**सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### श्रीलंका का संकट

**श्रीलंका** के पास इस समय जो विदेशी मुद्रा का भंडार है वह इतने निचले स्तर पर पहुंच चुका है कि वह विदेशों का कर्ज चुकाने के लिए पर्याप्त नहीं है। इस कमी के कारण ईंधन के आयात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। श्रीलंका की आमदनी का एक प्रमुख स्रोत पर्यटन उद्योग है लेकिन कोरोना संकट ने इसे ठप कर दिया। श्रीलंका में उत्पादन में भी बेहद गिरावट आई है। पेट्रोल, डीजल, दवाईयों, खाने पीने की वस्तुओं सहित रोजमर्रा के उपयोग की चीजों को खरीदने के लिए व्यापारिक संस्थानों के बाहर लंबी लंबी कतारें लग रही हैं। बिजली की कमी निरंतर बनी हुई है। कुल मिलाकर स्थिति इतनी जटिल हो चुकी है कि श्रीलंका अब विदेशों से भारी भरकम मदद के बिना अपने इतिहास के सबसे भयावह आर्थिक संकट का सामना करने में असमर्थ हो चुका है और विदेशों से मदद की आस तब तक पूरी होना मुश्किल है जब तक कि वहां कोई मजबूत राजनीतिक नेतृत्व उभर कर सामने नहीं आता। इससे सबको सबक लेना चाहिए।

-**डॉ हेमंत कुमार**, गोराडीह


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**राहुल** व तेजस्वी यशवंत सिन्हा जी का समर्थन कैसे कर सकते हैं जिन्होंने सोनिया को घमंडी तथा लालू को दगा कारतूस कहा था।

- **सिद्धार्थ नाथ सिंह**
भाजपा नेता



**इस** साल राष्ट्रपति चुनाव दो व्यक्तियों के बजाय दो विचारधाराओं के बीच मुकाबला है।

- **यशवंत सिन्हा**
विपक्षी राष्ट्रपति उम्मीदवार



**हम** यूक्रेनी जनता तथा सरकार को सारी आवश्यक सहायता व हथियार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

- **जस्टिन त्रूदो**
कनाडा के प्रधानमंत्री

# राज्यमंत्रियों से तालमेल रखें मंत्री: योगी

## जल्दीबाजी में निर्णय न लें, विपक्षी दलों से भी लें राय

● मंडलीय दौरों से लौटे मंत्रियों ने बताए अनुभव विकास के लिए दिए सुझाव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अपने मंत्रियों से कहा है कि वे अपने राज्य मंत्रियों के साथ पूरा तालमेल रखें। सरकारी बैठकों में राज्य मंत्रियों को भी शामिल करें। भ्रष्टाचार, अनियमितता की एक भी घटना बर्दाश्त नहीं है। निर्णय मेरिट के आधार पर लें। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। विपक्षी दलों को भी अहमियत देने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में निवास करते हैं। मंडलीय भ्रमण के दौरान हमें विपक्षी दलों के जनप्रतिनिधियों से संवाद कर सुझाव लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक के बाद सभी मंत्रियों वाली मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई और मंडलीय दौरों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्री समूह की रिपोर्ट संबंधित जिलों के नोडल अधिकारियों को दी जाए। मंत्रियों द्वारा दिए बताए गए सुधार के उपायों को लागू कराया जाए। तीसरे दौरे में जब मंत्री समूह जब फील्ड में जाएगा तो पहले के रिपोर्ट के क्रियान्वयन की समीक्षा जरूर करेगा। थाना दिवस, तहसील दिवस, विकास खण्ड दिवस को अपने उद्देश्यों में सफल बनाने में मंत्री भी अपनी भूमिका का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी जिले में चल रहे अवैध टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड रिक्शा स्टैंड बंद कराए जाएं। ई-रिक्शा का रूट तय होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनवरी 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से पहले मंत्री समूहों को विभिन्न देशों में भ्रमण में जाना चाहिए और वहां के औद्योगिक जगत में उन्हें उत्तर प्रदेश के ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना है। मंत्रिमंडल की बैठक में एक-एक कर सभी 18 मंत्री समूहों के अध्यक्षों ने अपने प्रभार वाले मंडलों की जनपदवार स्थिति के बारे में जानकारी दी। मंत्रीगणों ने बताया कि मंडलीय भ्रमण के दौरान मंडलीय समीक्षा बैठक कर विकास परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया गया। कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध करा दी गई है। मेरठ मंडल के भ्रमण पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की अध्यक्षता में गठित समूह ने नोएडा में स्वच्छता, सैनिटाइजेशन और सॉलिड वेस्ट के बेहतर मैनेजमेंट पर और नियोजित प्रयास की आवश्यकता बताई। लखनऊ मण्डल के लिए गठित समूह के अध्यक्ष सूर्य प्रताप शाही ने महमूदाबाद क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में और बेहतरी किए जाने की अनुशंसा की।

मंत्री समूह ने लखनऊ बख्शी के तालाब क्षेत्र में अमृत सरोवर निर्माण कार्य की सराहना की। साथ ही मुख्यमंत्री से भी इस सरोवर का निरीक्षण करने का आग्रह किया। लखनऊ और हरदोई में ट्रैफिक जाम की समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। झांसी भ्रमण से लौटे समूह के अध्यक्ष नंद गोपाल नंदी ने वहां आयोजित जन चौपाल की जानकारी दी। साथ ही बुंदेलखंड में जल जीवन मिशन, एक्सप्रेसवे आदि परियोजनाओं से बेहतर हो रही स्थिति से अवगत कराया। मंडलीय भ्रमण के दौरान महिला सुरक्षा के मामलों, एससी, एसटी के प्रकरणों में अभियोजन की स्थिति, पुलिस पेट्रोलिंग, बाल यौन अपराधों, व्यापरियों की समस्याओं, गैंगस्टर पर कार्रवाई आदि का विवरण प्राप्त करते हुए जीरो टॉलरेंस नीति के साथ बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए जरूरी निर्देश भी दिए गए। मंत्री समूहों ने भ्रमण के दौरान जन चौपाल और सहभोज के अनुभवों को भी साझा किया। ज्यादातर मंत्री समूह के मुताबिक महिला सुरक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और स्कूलों के कायाकल्प और पात्र लोगों को बिना भेदभाव मिल रहे मुफ्त राशन के विषय पर जनता में सकारात्मक माहौल है। मंत्रियों ने जनसमस्याओं शिकायतों के निस्तारण की व्यवस्था को और बेहतर बनाये जाने की अपेक्षा भी जताई।

# बुंदेलखंड में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देगी सरकार

● मंत्रिपरिषद में प्रस्ताव को मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** में योगी सरकार अब प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 55 प्रस्ताव पर मुहर लगी जिसमें सरकार ने बुंदेलखंड के सभी सात जिलों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के प्रस्ताव के भी मंजूरी प्रदान कर दी है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंत्रिमंडल के निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना पर 68.83 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। बुंदेलखंड में चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, जालौन, झांसी, महोबा और ललितपुर जिले आते हैं। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बुंदेलखंड के सभी सात जिलों के 47 विकास खंडों में ऐसी खेती करने का सरकार ने निर्णय लिया है। सरकार अगले पांच वर्षों में 23,500 हेक्टेयर क्षेत्र में 470 क्लस्टर विकसित किए जाएंगे और इस पर आने वाला 68.83 करोड़ रुपए का खर्च राज्य अपने संसाधनों से वहन करेगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार बुंदेलखंड को प्राकृतिक खेती का केंद्र बनाएगी, ताकि वहां उगाए गए उत्पाद देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जा सकें। पहले चरण में 235 क्लस्टर ग्राम स्तर पर बनाए जाएंगे और अगले वर्ष फिर 235 अन्य क्लस्टर बनाए जाएंगे। प्रत्येक क्लस्टर 50 हेक्टेयर क्षेत्र में होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए आसपास के गांवों के किसानों का चयन किया जाएगा और प्राथमिकता उन किसानों को दी जाएगी जो खुद पशुपालक हैं। उन्होंने कहा कि इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी और बुंदेलखंड को आवारा पशुओं की समस्या से निजात मिलेगी। योजनान्तर्गत किसानों को प्रोत्साहन के रूप में 15 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर देय है। क्लस्टर की हैण्डहोल्डिंग, क्षमता विकास, अभिलेखीकरण तथा डाटा प्रबन्धन के लिए कोऑर्डिनेशन कमेटी का गठन किया जाएगा। इस के लिए जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी। मण्डल स्तर पर योजना के अनुश्रवण एवं समीक्षा के लिए मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जाएगा। न्याय पंचायत स्तर पर तैनात प्राविधिक सहायक ग्रुप सी क्लस्टर के प्रभारी होंगे। विकास खण्ड स्तर पर योजना के अनुश्रवण के लिए सहायक विकास अधिकारी कृषि की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तर कोऑर्डिनेशन कमेटी का गठन किया जाएगा।

# वीमेन पावर लाइन में साइबर बुलिंग की शिकायतों का अंबार

● इस वर्ष जून तक '1090' में कुल 18900 शिकायतें दर्ज कराई गईं, 95 फीसदी को हो चुका निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वीमेन** पावर लाइन 1090 पर इस वर्ष 2022 में पहली जनवरी से 30 जून तक कुल 189004 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें अभी तक 168419 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका हैं। कुल दर्ज शिकायतों में से 85331 शिकायतें फ ोन बुलिंग व साइबर बुलिंग आदि से सम्बन्धित है । इनके अतिरिक्त शेष शिकायतें अन्य प्रकरणों से सम्बन्धित होने के कारण जिलों की पुलिस, जीआरपी और यूपी-112 को स्थानान्तरित कर 1090 से उनका फ ालोअप कर रिपोर्ट प्राप्त की जा रही है। अब तक लगभग 95 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है । शेष शिकायतें शीघ्र निस्तारण की प्रक्रिया में हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 1090 के साइबर सेल द्वारा प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को और अधिक प्रभावी, गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध बनाए जाने के लिए सेफ सिटी परियोजना के अन्तर्गत 1090 के साइबर सेल को सुदृढ़ीकृत किया गया है। जिसके अन्तर्गत अत्याधुनिक साइबर फॉरेन्सिक टूल्स का उपयोग करते हुए इस प्रकार के शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है । इस वर्ष 30 जून तक कुल 32603 शिकायतें इस सन्दर्भ में प्राप्त हुई हैं। जिसमें से लगभग 90 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है तथा शेष शिकायतें शीघ्र निस्तारण की प्रक्रिया में है ।

दर्ज 3490 शिकायतों में एफएफ आर (फैमिली, फैंड्रस, रिलेटिव) काउन्सलिंग कर पीड़िता को राहत पहुंचायी गई। हार्ड केसेज में सम्बन्धित थाने में रिपोर्ट प्रेषित कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए जून 2020 से अब तक 1090 की विशेष टीम (हार्ड केस कैकिंग टीम) द्वारा 16 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 643 शिकायतों का निस्तारण कराया जा चुका है। पारिवारिक विवाद के प्रकरणों में वीमेन पावर लाइन द्वारा आन लाइन फैमिली काउन्सलिंग सेवा का आरम्भ 17 अक्टूबर 2020 से प्रारम्भ किया गया। जिसमें पहली जनवारी 2022 से 30 जून तक 2405 प्रकरणों में काउन्सलिंग मनोचिकित्सकों व काउन्सलर्स के माध्यम से कराई गयी है। उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में पॉक्सो अधिनियम के अभियोगों की विवेचना के सम्बन्ध में मुख्यालय द्वारा प्रत्येक जिले, कमिश्नरेट से विवेचकों (राजपत्रित/अराजपत्रित) को नामित कराकर ऑनलाइन पद्धति के माध्यम से प्रशिक्षण सम्पादित कराया जा रहा है । इस प्रशिक्षण में नामित समस्त विवेचकों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षित किया जाना है। प्रदेश के सीमावर्ती जनपदों में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के अन्तर्गत अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान कुल 103 बच्चों का रेस्क्यू कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की गई। कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के विषय में जागरूता एवं प्रशिक्षण के सम्बन्ध में विभिन्न कार्पोरेट्स व औद्योगिक इकाईयों के साथ एक पैनल डिस्कशन 28 जून 6 2022 को महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन मुख्यालय, लखनऊ में सम्पन्न कराया

# थानों के कामकाज से डीजीपी नाराज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**थाना** स्तर पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान ने नाजराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि जनता की समस्याओं का निराकरण थाना, सर्किल स्तर पर सही ढ़ग से नहीं हो रहा है। जिसका नतीजा है कि जनता को अपनी शिकायतों को लेकर उत्तर प्रदेश शासन, डीजीपी मुख्यालय, रेंज और जोन के वरिष्ठ अधिकारियों के पास बार-बार दौड़ना पड़ता है। उन्होंने पुलिस को इसमें सुधार की हिदायत दी है।

उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि थाने पर आने वाले आवदेकों के साथ हुए अपराध की तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर उसकी प्रतिलिपि उसे उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि यह वरिष्ठ अधिकारियों का दायित्व होगा कि उनके द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि थाने पर आवेदक द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों के अनुरूप एफआईआर, एनसीआर दर्ज की जााए। डीजीपी ने जारी परिपत्र में कहा है कि थाना क्षेत्रों में घटित अपराध से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी आवश्यकतानुसार वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेषित की जानी चाहिए। एफआईआर और एनसीआर दर्ज होने के बाद घटनास्थल का निरीक्षण निरीक्षण के दौरान यदि यह अंदेशा होता है कि भविष्य में पुन: विवाद हो सकता है तो इस दशा में तत्काल निरोधात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि थानों का अर्दली रूम करते हुए प्रचलित विवेचनाओं की गुणवत्ता तथा समयबद्धता सुनिश्चित कराएं। डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि जिले में पुलिस कार्यालय स्तर पर जन शिकायत प्रकोष्ठ का गठन किया जाए। जिसमें सुयोग्य प्रभारी निरीक्षक स्तर के अधिकारी को प्रभारी के रूप में तैनात किया जाए। उन्होंने कहा है कि प्राय: यह देखा गया है कि थाने में भार साधक अधिकारी को ही उसके थ्ज्ञाने में आने वाली जनशिकायतों की पयप्ति जानकारी नहीं होती है। यह स्थिति उचित नहीं है। थाने में यदि उचित जनसुनवाई होगी तो वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालयों में आने वाले आवेदकों की संख्या घटेगी।

डीजीपी ने कहा है कि कतिपय प्रकरणों में ऐसी शिकायतें प्राप्त होती है जिसमें पुलिस पर पक्षपातपूर्ण कार्यवाही करने, किसी प्रभाव में आकर कार्यवाही करने, अनुचित लाभ पहुंचाने या नुकसान करने के तथ्य अंकित होते हैं। इस प्रकार की शिकायतों के संबंध में गहराई से समीक्षा करते हुए समयबद्ध तरीके से जांच कराई जाए और उसमें नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

# वन ट्रिलियन डालर की अर्थ व्यवस्था बनाने को सलाहकार नियुक्त

**प्रदेश** की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन की बनाने के लिए कंसल्टेंट चयन को मंजूरी मिल गई है। इसके तहत डेलॉयट का चयन किया गया है। 120 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रदेश के लिए पांच साल का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जाएगा। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर लाये जाने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए राज्य सरकार द्वारा सेक्टरवार कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके अलवावा सरकार ने प्रदेश में नवनिर्मित एवं निर्माणाधीन महाविद्यालयों को सम्बन्धित राज्य विवि के क्षेत्रान्तर्गत संघटक महाविद्यालय के रूप में चलाने की मंजूरी दी गई है। राज्य सरकार ने 6 राजकीय विवि के तहत निर्माणाधीन राजकीय महाविद्यालयों को संघटक महाविद्यालय के रूप में चलाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। संघटक महाविद्यालय के तौर पर चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ के राजकीय महाविद्यालय जेवर गौतमबुद्धनगर, बुन्देलखण्ड विवि झांसी के राजकीय महाविद्यालय जखौरा ललितपुर तथा राजकीय महाविद्यालय पाही चित्रकूट तथा महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विवि बरेली के राजकीय महाविद्यालय हसनपुर अमरोहा, राजकीय महाविद्यालय पूरनपुर पीलीभीत तथा राजकीय महाविद्यालय फतेहउल्लागंज ठाकुरद्वारा मुरादाबाद को सम्मिलित किया गया है। इसी प्रकार डॉ भीमराव अम्बेडकर आगरा विवि आगरा के अन्तर्गत राजकीय महिला महाविद्यालय नगला चन्द्रभान फरह मथुरा, छत्रपति शाहूजी महाराज विवि कानपुर के राजकीय महाविद्यालय पुरवा उन्नाव तथा लखनऊ विवि लखनऊ के राजकीय महिला महाविद्यालय मिश्रिख सीतापुर को संघटक महाविद्यालय के रूप में सम्मिलित किया गया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए श्रम विभाग के नियमों में बदलाव किया गया है। बॉयलर सेक्शन में दो साल की सजा खत्म कर दी गई है। अब सिर्फ1 लाख रुपये का जुर्माना रहेगा। गृह विभाग के लिए 125 नए वाहन खरीदे जाएंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष, क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष और अधिकारियों की कंटेजेसी निधि बढ़ेगी। 5000 से 25 हजार और 2500 से 5 हजार किया गया है। प्रदेश में चार कामर्शियल कोर्ट खुलेंगे। जो कि मेरठ, आगरा, लखनऊ और नोएडा में होंगे। 13 पहले से ही मौजूद हैं। बैठक में मेट्रो विवि ग्रेटर नोएडा व केएम विवि मथुरा के लिए आशय पत्र जारी किया गया है। सम्राट पृथ्वीराज को टैक्स फ्री किए जाने के बाद जीएसटी प्रतिपूर्ति दिए जाने को मंजूरी प्रदान की गई है।

# सपा की घर-घर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील

## सत्तारूढ़ भाजपा और उसका मातृ संगठन आरएसएस में राष्ट्रध्वज के प्रति कभी सम्मानभाव नहीं रहा: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 9 से 15 अगस्त 2022 तक प्रदेश के प्रत्येक घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह एक सप्ताह का पर्व स्वतंत्रता आंदोलन की स्मृति, शहीदों को नमन तथा भारतीय संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए समर्पित होगा। उन्होंने कहा कि आजादी की सार्थकता के लिए प्रत्येक नागरिक को गौरवान्वित होना चाहिए।

श्री यादव ने कहा कि 9 अगस्त वह स्मरणीय ऐतिहासिक तिथि है जब 1942 में गांधी ने अंग्रेजों भारत छोड़ों का आव्हान किया था। इस मौके पर उन्होंने देशवासियों को 'करो या मरो' का मंत्र दिया था। कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं की गिरफ्तारी के बाद समाजवादियों ने ही भारत छोड़ो आंदोलन की बागडोर सम्हाली थी। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी नेताओं जयप्रकाश नारायण, डॉ. राममनोहर लोहिया, अरुणा आसफ अली, ऊषा मेहता आदि ने तब स्वतंत्रता आंदोलन को गति दी थी। अगस्त क्रांति का सपना देश में किसान, मजदूर और युवाओं का राज स्थापित करना था ताकि सभी को हक और सम्मान का जीवन हासिल हो सके। इस सपने को साकार करने तथा संवैधानिक मूल्यों एवं राष्ट्रीय आंदोलन के आदर्शों को बचाने तथा उन्हें पुन: स्थापित करने की जिम्मेदारी आज फिर आम नागरिकों एवं समाजवादियों पर आ गई है।

अखिलेश यादव ने कहा कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन में जिनकी कोई भूमिका नहीं थी, वे देशभक्ति का ढिंढोरा पीटने का काम कर रहे हैं। शहीद होने वालों के जज्बे को वे क्या सम्मान देंगे जो दूर-दूर तक स्वतंत्रता आंदोलन से नहीं जुड़े थे। अखिलेश ने कहा कि सच तो यह है कि सत्तारूढ़ भाजपा और उसका मातृ संगठन आरएसएस में राष्ट्रध्वज के प्रति कभी सम्मानभाव नहीं रहा है। संघ के नागपुर मुख्यालय में राष्ट्रध्वज क्यों नहीं फहराया जाता रहा, फिर भी भाजपा.आरएसएस भ्रम फैलाने में लग गए हैं। श्री यादव ने कहा कि देश की विविधता और सामाजिक सौहार्द को नष्ट करने वाली ताकतें आज नफरत फैलाने में लगी हैं। लोकतंत्र और संविधान को बचाने के प्रति समाजवादी पार्टी की प्रतिबद्धता सर्वविदित है। सत्ता लोलुपों से राष्ट्रध्वज का सम्मान करने की कैसे उम्मीद की जा सकती है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी 9 अगस्त 1942 को, जब गांधी ने अंग्रेजीराज से मुक्ति का उद्घोष किया था, उस दिन की याद में अपने आवासों पर राष्ट्रध्वज को ससम्मान फहराकर लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों को बचाने के लिए संकल्पित है।

# डाक विभाग ने छात्रों के लिए शुरू की दीन दयाल स्पर्श योजना

**लखनऊ।** डाक विभाग ने छात्रों के बीच डाक टिकट के संबंध में पीढ़ी के हित के लिए एक डाक टिकट छात्रवृत्ति योजना दीन दयाल स्पर्श योजना शुरू की है। कक्षा छठवीं से नौवीं तक के छात्र जिनके पास अच्छा अकादमिक रिकॉर्ड है और जो शौक के रूप में डाक टिकट संग्रह कर रहे हैं, उन्हें सर्कल अधिकारी द्वारा संचालित किए जाने वाले डाक टिकट प्रश्नोत्तरी और डाक टिकट परियोजना के आधार पर छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। प्रति पुरस्कार विजेताओं को छात्रवृत्ति की राशि एक वर्ष के लिए 500 रुपये प्रति माह की दर से 6000 रुपये प्रति वर्ष होगी।

इसके लिए निर्धारित अहर्ता शर्तो के तहत कक्षा 6 से कक्षा 9 तक के छात्र अभ्यर्थी नियमित छात्र होने चाहिए तथा भारत की सीमा के भीतर किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय छात्र होने चाहिए। संबंधित विद्यालय का एक डाक टिकट क्लब होना चाहिए और अभ्यर्थी उस क्लब का सदस्य होना चाहिए। यदि विद्यालय का अपना डाक टिकट क्लब न हो तो छात्र का अपना स्वयं का डाक टिकट डिपॉजिट खाता होना चाहिए। छात्र का अकादमिक रिकार्ड अच्छा होना चाहिए और छात्रवृत्ति पुरसकार के लिए चयन के समय अभ्यर्थी के हालिया किसी परीक्षा में कम सक कम 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

# भाजपा सांसद बृजभूषण को राहत, आपराधिक मुकदमा रद्द



विधि संवाददाता। लखनऊ

**भाजपा** सांसद बृजभूषण शरण सिंह को भारी राहत देते हुए हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उनके खिलाफ चल रहे एक अपराधिक मामले को रद्द कर दिया है। पीठ ने इसके साथ ही उनके खिलाफ दाखिल आरोप पत्र व समन आदेश को भी निरस्त कर दिया है।

जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश सांसद बृजभूषण शरण सिंह की याचिका पर दिया है। याचिका के मुताबिक वर्ष 2014 में अयोध्या के रामजन्म भूमि थाना में आईपीसी की धारा 188 के तहत एक एफ्आईआर दर्ज की गई थी। ब्रजभुषण पर आरोप था की उन्होंने सीआरपीसी की धारा 144 का उल्लंघन करते हुए लोक सेवक के विधिवत रूप से प्रख्यापित आदेश की अवहेलना की है। विवेचना के बाद इस मामले में उनके खिलाफ निचली अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया। 11 जूनए 2015 को निचली अदालत ने उन्हें इस मामले में हाजिर होने के लिए समन जारी किया। याचिका में इसे चुनौती देते हुए कहा गया था कि कानूनी प्राविधानों के मुताबिक आईपीसी की धारा 188 के तहत सरकारी अधिकारी द्वारा मात्र परिवाद दाखिल किया जा सकता है। इसके तहत न तो एफ्आईआर दर्ज हो सकती है और न ही आरोप पत्र पर निचली अदालत संज्ञान ले सकती है। सुनवाई के दौरान सरकारी वकील कानून के इस प्राविधान का विरोध नही कर सके।

## हत्या व आतंकी गतिविधियों का मामला
## विशेष अदालत में मंत्री असीम अरुण की गवाही व जिरह पूरी

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एनआईए**-एटीएस के विशेष जज अनुरोध मिश्रा ने हत्या व आतंकी गतिविधियों के एक मामले में एटीएस के तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक असीम अरुण की जिरह पूरी होने के बाद अगली गवाही के लिए 26 व 27 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। वर्तमान में असीम अरुण प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। मंगलवार को विशेष अदालत के समक्ष असीम अरुण पुन: पेश हुए। इस दौरान बचाव पक्ष की ओर से उनसे जिरह पूरी की गई। इस मामले में मुल्जिम आतिफ मुज्जफर व मोण् फैसल निरुद्ध हैं। इनके खिलाफ हत्या व आतंकी गतिविधियों में आरोप पत्र दाखिल हुआ था। 10 सितंबरए 2018 को मुल्जिमों पर आरोप तय हुआ था।

**यह है मामला:** आठ मार्च, 2017 को लखनऊ में आतंकी गतिविधियों की साजिश में शामिल रहे सैफुल्लाह पुलिस इनकाउंटर में मारा गया था। सैफुल्लाह के घर से आठ रिवाल्वर तथा भारी मात्रा में कारतूस व खोखे बरामद हुए थे। इस मामले की एफआईआर असीम अरुण ने थाना एटीएस में दर्ज कराई थी। एटीएस को सूचना मिली थी कि भोपाल-उज्जैन पैसेंजर टेऊ्रन में बम ब्लास्ट की साजिश में शामिल इस्लामिक स्टेट का सक्रिय सदस्य सैफुल्लाह काकोरी इलाके में रह रहा है। इसके बाद इस मामले की विवेचना एनआईए को सौंप दी गई। विवेचना में मालुम हुआ कि 24 अक्टूबर 2016 को कानपुर में जूनियर हाईस्कूल के एक सेवानिवृत शिक्षक रमेश बाबू शुक्ला की हत्या हुई थी। इस हत्या में सैफुल्लाह के घर से बरामद असलहे का प्रयोग हुआ था। हत्या के इस मामले में आतिफ मुज्जफर व मो. फैसल का नाम भी प्रकाश में आया। इन्होंने आईएसआईएस के अपने आकाओं को यह बताने के लिए कि हमलोग भी कुछ कर सकते हैंए इस हत्याकांड को अंजाम दिया था।



## समुदायों के बीच शत्रुता पैदा करने के मामले में आजम खान ने दी अर्जी

**लखनऊ (विसं)।** एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने मानहानि व विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता पैदा करने का प्रयास करने के एक मामले में मुल्जिम मो. आजम खान की डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई के लिए एक अगस्त की तारीख मुकर्रर की है। मंगलवार को दाखिल इस अर्जी में कहा गया है कि मो. आजम खान को इस मामले में राजनैतिक दुर्भावनावश वश झूंठा फंसाया गया है। एक फरवरी, 2019 को इस मामले की एफआईआर आल इंडिया मुस्लिम काउंसिल के अल्लामा जमीर नकवी ने आईपीसी की धारा 500 व 505 के तहत दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक मोण् आजम खान ने मंत्री रहते हुए अपने लेटर हेड व सरकारी मोहर का दुरुपयोग कर भाजपाए आरएसएस व मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद नकवी को मीडिया में बदनाम किया। राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर छवि धूमिल कर इनकी मान-प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाया। अपने मनगढंत बयानों से विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता पैदा करने का प्रयास किया। विवेचना के पश्चात आजम खान के विरुद्ध आईपीसी की धारा 500 व 505 (2) के तहत आरोप पत्र दाखिल हुआ था।

## महानिदेशक परिवार कल्याण को अवमानना की नोटिस

विधि संवाददाता। लखनऊ

**अदालत** के आदेश की अवमानना के एक मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने परिवार कल्याण के महानिदेशक डॉ. रेनू वर्मा श्रीवास्तव को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। पीठ ने उनसे पूछा है कि अदालत के आदेश की जानबूझकर अवमानना करने के लिए क्यों न उन्हें दंडित किया जाए। पीठ ने इस मसले पर पूर्व महानिदेशक डॉ. लिली सिंह को भी हाजिर होने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई आठ अगस्त को होगी।

जस्टिस जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश राम कुमार मौर्या की अवमानना याचिका पर दिया है। याचिका में पेंशन सम्बंधी मामले में दो मईए 2019 के आदेश का अनुपालन नहीं करने का आरोप लगाया गया है। बीते 26 मई को पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई के दौरान डॉण् लिली सिंह के उपस्थित नहीं होने पर उनके खिलाफ जमानतीय वारंट भी जारी किया था। इस बार की सुनवाई के दौरान डॉण् लिलि सिंह हाजिर हुईं और बताया कि महानिदेशक पद से उनका स्थानांतरण हो चुका है। एकल पीठ ने इस पर वर्तमान महानिदेशक डॉ. रेनू वर्मा श्रीवास्तव को प्रतिवादी बनाने का निर्देश देते हुएए उन्हें नोटिस जारी करने का आदेश दिया। हाईकोर्ट ने एक आदेश पारित कर याचिकाकर्ता को आठ प्रतिशत ब्याज के साथ रिटायरल ड्यूज देने का आदेश दिया था। अवमानना याचिका का विरोध करते हुए कहा गया कि याचिकाकर्ता को एक लाख 27 हजार 115 रुपए का भुगतान किया जा चुका है। इस पर याचिकाकर्ता का कहना है कि वह आठ प्रतिशत ब्याज की दर से तीन लाख 84 हजार 43 रुपए पाने का हकदार है।

# खाने-पीने की चीजों पर जीएसटी लगाना जनविरोधी: रालोद

● सरकार ने अतिरिक्त बोझ डालकर तोड़ने का काम किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने आटा, चावल, दही, मक्खन, चावल, गेहूं आदि पर केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी लगाने के निर्णय को जनविरोधी बताते हुये केन्द्र सरकार से इन वस्तुओं पर जीएसटी वापस लेने की मांग की है। दुबे ने कहा कि आटा, चावल, दही पनीर, लस्सी, छाछ, गुड, खंसारी, चावल, गेहूं आदि पर 5 फीसदी जीएसटी लगाकर पहले ही मंहगाई से जूझ रही जनता पर सरकार ने अतिरिक्त बोझ डालकर तोड़ने का काम किया है। जब देश में मंहगाई चरम पर है पेट्रोल, डीजल तथा गैस के दामों में भारी वृद्धि के कारण खाद्य वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं ऐसे में सरकार ने मंहगाई पर नियंत्रण करने के बजाय आटा, चावल, पोहा, दही, छाछ जैसे चीजों के जरिये कर वसूलने का निर्णय कर लिया है। सरकार का यह कदम उनकी कल्याणकारी योजनाओं के ठीक विपरीत है। जीएसटी की इस बढोत्तरी का भार निम्न तथा मध्यम वर्ग पर पड़ेगा। उन्होंने सरकार से अपने फैसले पर पुर्नविचार कर पांच फीसदी की दर से जीएसटी को तत्काल वापस लेने की मांग की है।

दिलीप कुमार ने की थी ग्राम प्रधान की जांच कराए जाने की शिकायत...

# डीपीआरओ की जांच में मिली कई कमियां, तलब किए अभिलेख

संवाददाता। कसमंडा सीतापुर



**योगी सरकार** प्रदेश को पहले से ही भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का दावा करते हुए प्रशासन को साफनिर्देश दिए हुए है। गांवो में होने वाले विकास के नाम पर भ्रष्टाचार करने वालों पर प्रशासन इस समय सख्त दिख रहा है। मंगलवार को सीतापुर के ब्लाक कसमंडा की ग्राम पंचायत पताराकंला में प्रधान नफीस अहमद, सचिव प्यारेलाल पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोप को जानने डीपीआरओ मनोज कुमार खुद गांव पहुंचे। जहां पर प्रधान व सचिव पर लगाए गए आरोपों की जांच करते हुए अभिलेख तलब कर लिए। शिकायतकर्ता दिलीप कुमार शुक्ला निवासी पचकोहरा मजरा पताराकंला ने डीएम से ग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की जांच के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें कहा था कि गांव में हैंडपम्प रिबोर नहीं हुए पैसे निकालकर बंदर बांट हो गया है, डस्टबिन नहीं रखी गई है, पैसे निकाल लिए गए है जैसे अन्य विकास कार्यो भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। जिसके बाद मंगलवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर डीपीआरओ ने गांव पहुंचकर जांच पड़ताल की जिनमें अनियमितता मिली है तथा अभिलेख तलब कर लिए है, बिन्दुवार जांच कर कार्रवाई किए जाने की भी बात कही है। डीपीआरओ ने कहा कि जांच में अनियमितता मिली है, अभिलेख मांगे है बिन्दुवार जांच की जाएगी।

## लहरपुर में 70 साल की वृद्ध महिला की गोली मारकर हत्या

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**कोतवाली इलाके** लहरपुर के ग्राम मुसियाना में बीती रात करीब 8 बजे बीमे की रकम को लेकर हुए विवाद के चलते एक 70 वर्षीय वृद्ध की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 112 नंबर पुलिस ने घायल अवस्था में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुसियाना निवासी सियाराम पुत्र बहोरी उम्र 70 वर्ष द्वारा पड़ोसी ग्राम महसी निवासी राम हेत, गोवर्धन पुत्र अज्ञात व नरेंद्र पुत्र गोवर्धन का 15 वर्ष पूर्व कल्पतरु नामक बीमा कंपनी में बीमा कराया गया था जिसके पश्चात कंपनी बंद होने के चलते बकाया राशि 50,000 का भुगतान न कराए जाने पर विवाद चल रहा था वही परिजनों के अनुसार बीती रात आरोपियों द्वारा सिया राम को घर से बुलाकर ले जाया गया तथा ग्राम मुसियाना व महसी के बीच अवैध असलहे से गोली मार दी गई जिसके चलते 70 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 112 नंबर पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। मामले को लेकर मृतक के पुत्र राकेश गुप्ता ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर गोवर्धन, रामहेत पुत्रगण अज्ञात नरेंद्र पुत्र गोवर्धन अज्ञात के विरुद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत कराया है। जिसके चलते कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध धारा 302 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। गौरतलब है कि घटना के 20 घंटे बाद भी किसी भी आरोपी की कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तारी नहीं की गई इस संबंध में जब पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हो जाएगी अन्य साथी फरार चल रहे हैं जिन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

## बीएसए ने निरीक्षण कर परखी बच्चों की शिक्षा

संवाददाता। सीतापुर

**जिला बेसिक** शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार द्वारा आज जनपद सीतापुर के परिषदीय प्राथमिक नेरीकला तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय नेरी कला तथा प्राथमिक विद्यालय हेमपुर विकास खंड ऐलिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त प्रधानाध्यापक तथा सहायक अध्यापकों सहित समस्त स्टाफ को प्रेरणा पोर्टल पर बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन करना, डीबीटी के अंतर्गत समस्त बच्चों का तथा अभिभावकों का आधार प्रमाणीकरण कराना, विद्यालय में बच्चों की अटेंडेंस बढ़ाने, अभिभावकों को ड्रेस बनवाने के लिए प्रेरित करना, कम अपोजिट ग्रांड की धनराशि के माध्यम से ऑपरेशन कायाकल्प के अवशेष पैरामीटर पूर्ण करना, विद्यालय प्रांगण को साफ सफाई रखने तथा ऑपरेशन कायाकल्प को ग्राम पंचायतों के माध्यम से समन्वय स्थापित करते हुए अवशेष पैरामीटर पर कार्य कराने के विस्तृत निर्देश दिए गए।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से महिला की मौत

**बरेली ।** संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से महिला की मौत हो गई मृतका के मायके वालों ने पति और ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव रमपुरा माफी निवासी सलीम खान की पत्नी गुड़िया की लाश सिरौली थाना क्षेत्र के गांव गुलरिया गौरीशंकर निवासी उसके मायके वालों को ससुराल में बिस्तर पर पड़ी मिली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के मायके वालों ने बताया कि जंगी खान की बेटी गुड़िया का विवाह सन 2013 में सलीम खान से हुआ था लेकिन उसके कोई भी बच्चा नहीं था।

## लहरपुर में हाईस्कूल, इंटर के मेधावियों का हुआ सम्मान

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**नगर के आदर्श** कैलाश नाथ इंटर कॉलेज परिसर में आज हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र छात्राओं का प्रतिभा सम्मान व अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटर के टॉपर छात्र छात्राओं को पुरस्कार व पदक देकर सम्मानित किया गया इसके साथ ही ताप पर छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को भी संस्थान द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीतापुर शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ जगबीर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में आई. ई .टी. के डॉक्टर संदीप शुक्ला व प्रोफेसर डॉ विजय कुमार पांडे रहे प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ जगबीर सिंह ने जहां हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा को जीवन की अति महत्वपूर्ण प्रारंभिक सीढ़ी बताया वही आगामी जीवन के बेहतर भविष्य के लिए एक लक्ष्य निर्धारित कर स्नातक व परास्नातक कक्षाओं की तैयारी के लिए एक साधक के समान परिश्रम करने की आवश्यकता होती है योग्यता और प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती है मेधावी छात्र अपने जीवन के भविष्य का निर्धारण स्वयं के बलबूते पर कर सकते हैं कार्यक्रम को आई ई टी यह प्रोफेसर संदीप शुक्ला व प्रोफ़ेसर विजय पांडे ने भी संबोधित किया इस अवसर पर संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जिसे दर्शकों ने खूब सराहा इसके साथ ही इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड की परीक्षा में तहसील लहरपुर में सर्वाधिक 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अनुज गौड़ सहित आयुष प्रजापति, अर्पित कुमार ,रासी वर्मा, सौरभ चौरसिया, रूशदा, शैलेंद्र कुमार, सौम्या शुक्ला, ज्योति शुक्ला ,पलक मिश्रा, रिया जायसवाल को सम्मानित किया गया हाई हाई स्कूल की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालों में निखिल अवस्थी, मनीष शर्मा, मोहम्मद फैज, शिवांशी वर्मा, वर्तिका शुक्ला ,अनुष्का , वर्तिका , आर्षिता, कुमकुम ,हुदा फातमा, सदफ ,रागिनी गोस्वामी स्नेहा विश्वकर्मा एवं पल्लवी वर्मा को सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक विजय निगम ने किया एवं आभार प्रदर्शन संस्था के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर व्यक्त किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी अध्यापक गण छात्र-छात्राएं व भारी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## सीतापुर के सकरन मुख्यालय पर जमा हुए किसान, किया प्रदर्शन

संवाददाता। सीतापुर

- किसान मजदूर संघ मोर्चा ने ब्लॉक परिसर में किया धरना प्रदर्शन
- क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ब्लाक अधिकारियों को ज्ञापन
- क्षेत्रीय समस्याएं व अधिकारियों द्वारा किए गए जा रहे भ्रष्टाचार को लेकर किया प्रदर्शन

**सीतापुर के** सकरन ब्लाक पर किसानों का उस समय जमावड़ा लग गया जब वह अपनी मांगो को लेकर किसान संगठन के बैनर तले प्रदर्शन कर रहे थे। क्षेत्र की विभिन्न मांगो को लेकर किसान मजदूर संघ मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन किया गया। संघ की प्रदर्शन करते हुए 11 सूत्री मांगों को लेकर ब्लॉक मुख्यालय पर नारेबाजी की व ज्ञापन सौंपा। आपको बता दें कि क्षेत्र के कई दर्जन किसानों के साथ ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्षन कर समस्या निस्तारण की मांग की। ज्ञापन में राजकुमार, प्रमोद वर्मा, सुशील राज आदि ने बताया की सामुदायिक शौचालयों में अव्यवस्था, ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण में घोटाले, मनरेगा में हो रहे कार्यों की जांच, ग्राम पंचायतों में खुली बैठक, विधवा, विकलांग, वृद्धावस्था की पेंशन, आवास योजना में खोटाले, गौशाला में अव्यवस्था, सांडा में बने नाले की जांच और ग्राम विकास अधिकारियों की मनमानी को लेकर धरना प्रदर्शन किया।

## जनसमस्याओं का होगा प्रमुखता से निवारण : अलका अर्कवंशी

संवाददाता। संडीला( हरदोई)



**क्षेत्रीय विधायक अलका** अर्कवंशी ने कहा कि जन समस्याओं का प्रमुखता से निवारण और जन सुविधाओं की यथा संभव एवं यथा शक्ति उपलब्धता उनका एक मात्र ध्येय है और इस कार्य में वे पूरी शक्ति से लगी हुई हैं। क्षेत्रीय विधायक अलका अर्कवंशी ने कार्यालय पर मीडिया कर्मियों से एक संक्षिप्त भेंट में कहा कि चुनाव के दौरान उन्होंनें क्षेत्रीय जनता से जो जो वादे किए थे उन वादों को पूरा करने के लिए वे लगातार सक्रिय हैं। इसी क्रम में उन्होंनें सबसे पहले संडीला से लखनऊ तथा भरावन से माल वाया लखनऊ इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरूआत कराई जिससे लोगों की आवागमन की गंभीर समस्या का निराकरण संभव हो पाया। इसके अलावा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों की छोटी बड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए वे लगातार सक्रिय हैं। जनता की समस्याओं को सुनने और उनका निराकरण कराने के लिए उन्होंनें संडीला में सप्ताह में कम से कम एक दिन उपस्थित रहती हैं। उन्होंनें बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को सुगमता के साथ दिलाने का वे पूरा प्रयास कर रही हैं। इसके अलावा केन्द्र सरकार द्वारा लागू कराई गई विभिन्न योजनाओं का लाभ भी पात्रों को दिलाने का वे गंभीर प्रयास कर रही हैं। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंनें कहा कि उनके पास आने के लिए किसी भी मध्यस्त की कोई आवश्यकता नहीं हैं। कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या के निस्तारण के लिए उनसे सीधे संपर्क कर सकता है। श्रीमती अर्कवंशी ने बताया कि कतिपय कार्यालयों में दलाल टाइप के लोगों की जानकारी उन्हें मिली थी जिसपर उन्होंनें सभी कार्यालय अध्यक्षों को यह कड़े निर्देश दिए है कि वे सीधे तौर पर जनता की समस्याओं को सुनें और उनका निराकरण कराएं क्योंकि यही उनका दयित्व है और प्रदेश सरकार की मंशा भी यही है।

### क्विक न्यूज

#### पुलिस मुठभेड़ में चार लुटेरे गिरफ्तार, दो को गोली लगी

**संडीला(हरदोई)।** एक सर्राफ व्यवसाई से 20 लाख रुपए से अधिक मूल्य के जेवर तथा नकदी लूटने वाले बदमाशों में से चार बदमाशों को एक पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें से दो के पैरों में गोली लगी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना कासिमपुर के अंतर्गत नेवादा गौसगंज पुलिया पर विगत 15 जून को ग्राम तेरवा गहंगवा निवासी सर्राफ व्यवसाई अनुज वर्मा और उनकी पत्नी ज्योतिमा वर्मा को उस समय लूट लिया गया था। जब वे गौसगंज की अपनी सर्राफ की दुकान बंद करके लौट रहे थे। सूत्रों का कथन है के लुटेरों ने सोने चांदी के जेवरों से भरा जो बैग लूटा था उसमें लगभग 20लाख रुपए के जेवर और नकदी थी। इस लूट के बाद पुलिस की कई टीमें गठित की गयीं थीं। प्रभारी निरीक्षक कासिमपुर ने बताया कि सोमवार की रात गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध लोग देखे गए हैं जो बांगरमऊ रोड से आ रहे हैं। इस पर पुलिस ने ग्राम गौरी सैयद तालिब मोड़ पर घेराबंदी की। इसी बीच ग्राम बेहटा मुजावर की तरफसे एक गाड़ी तेजी से आती दिखाई दी। जब पुलिस ने इस गाड़ी को रोकने की कोशिश की तो उसी रफ्तार में चालक ने गाड़ी को दूसरी रोड पर मोड़कर भागने का प्रयास किया लेकिन गाड़ी रोड के किनारे लोहे की रॉड से टकरा गई। इसपर गाड़ी पर सवार बदमाश गोली चलाते हुए भागने लगे। जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस गोलाबारी में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। कुल चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।

#### गोलीकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**तिकुनियां-खीरी।** ग्राम रननगर में रविवार की शाम 8 बजे खेत में होकर खाद निकासी को लेकर हुए गोलीकांड में गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल के भाई अंत प्रीत सिंह की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम गंगानगर निवासी बक्शी सिंह मिंटू सिंह के विरुद्ध जानलेवा हमला जानमाल की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसको लेकर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।कोतवाली प्रभारी राजू राव ने बताया की रविवार की शाम करीब 8 बजे ग्राम रननगर निवासी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी अंत प्रीत सिंह, अम्रतपाल सिंह रात्रि 8 बजे बाइक से खाद लेकर जा रहे थे। इस बीच मिंटू सिंह व बख्शीश सिंह अपने खेत में थे। खेत से ही होकर रास्ता था। खेत में पहुंचने पर मिंटू बक्शीश सिंह ने निकलने का विरोध किया।

## आरसेटी में बैंक सखी के नये बैच का हुआ शुभारम्भ

- 32 प्रशिक्षणार्थियों को किया गया प्रशिक्षण
- एलडीएम अजय कुमार पाण्डेय ने दीप जलाकर किया शुभारम्भ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**खीरी के** इण्ड बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में छह दिवसीय बैंक सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ एलडीएम अजय कुमार पाण्डेय ने दीप जलाकर किया।

बैंक सखी प्रशिक्षण में फूलबेहड बांकेगेज बेहजम एवं रमियाबेहड के कुल 32 प्रशिक्षणार्थियों को पंजीकृत किया। अग्रणी जिला प्रबन्धक अजय पाण्डेय ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त कर बैंको में बेहतर व कुशलतापूर्वक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। आरसेटी निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि संस्थान में बैंक सखियों को बेहतर ट्रेनिंग दी जायेगी एवं उन्हें उनके कार्य से सम्बन्धित बारीकियों को अच्छे से बताया जायेगा। इसके साथ.साथ यह भी बताया कि संस्थान ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के तहत कार्यरत है। यहाँ पर आवासीय एवं पूर्णतः निशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था है। इस अवसर पर वित्तीय सलाहकार रतीश सिंह, संस्थान के संकाय अंकित सक्सेना, मो. ओवैश और कार्यालय सहायक प्रमोद त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## सूक्ष्म, वित्त, वित्तीय समावेशन पर हुई उन्मुखीकरण कार्यशाला

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**दीनदयाल** अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में बैंक शाखा प्रबंधकों का सूक्ष्मए वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला हुई। डीएम व सीडीओ ने बैंकर्स को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

मंगलवार को उन्मुखीकरण कार्यशाला का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ दीप जलाकर किया। डीएम ने कहा कि महिलाओं को सशक्त व स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से महिला स्वयं सहायता समूह का संचालन कराया जा रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह को सशक्त बनाने में बैंकर्स अपनी महती भूमिका निभाए। समूह गठन के बाद उनके खाते खोलनेए रिवाल्विंग फंडए सीसीएल में उन्हें फैसिलिटेट कराएं। समूहों के सशक्तए स्वावलंबी बनने में बैंकर्स बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। डीएम ने कहा कि खीरी में अभिनव पहल ष्संपूर्ण सुपोषण अभियानष् में स्वमं सहायता समूह की महिलाए 11774 कुपोषित श्रेणी के बच्चों की पोषण अभिभावक की भूमिका अदा करते हुए उन्हें सुपोषित बनाने में तन्मयता से जुटी हैंए जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि एनआरएलएम योजना का महत्वपूर्ण कार्य ग्राम के गरीब परिवार की महिलाओं को जोड़कर समूह बनाकर उनको आजीविका के क्षेत्र में कार्य कराकर उनकी आजीविका संवर्धन कराना हैए जिसमें समूह का सीसीएल एक महत्वपूर्ण घटक है। आज की उन्मुखीकरण कार्यशाला का प्रमुख बिन्दु बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर सीसीएल के बारे में जानकारी प्रदान करना है। डीसी.एनआरएलएम राजेंद्र कुमार श्रीवास ने उन्मुखीकरण कार्यशाला की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान एनआईआरडी हैदराबाद से नेशनल रिसोर्स पर्सन ओम प्रकाश खोखर ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बैंकों को एनआरएलएम के विभिन्न चरणों में बारे में बताया। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन से सीसीएल के महत्वपूर्ण बिन्दुओं को बैंकर्स को समझाते हुये समूह का सीसीएल कराने का उद्देश्य बताया। कार्यशाला में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, नेशनल रिसोर्स पर्सन ओम प्रकाश खोखर, एलडीएम अजय कुमार पांडेय, डीसीएनआरएलएम राजेंद्र श्रीवास, 100 बैंकर्स, जिला मिशन मैनेजर व ब्लॉक मिशन मैनेजर मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

### नूंह में...

कि खनन माफिया के सदस्यों और पुलिस के बीच अक्सर फसाद होता रहा है। विपक्ष ने अवैध खनन के मामले में प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इस घटना की न्यायिक जांच कराए जाने की मांग की है और आरोप लगाया कि खनन माफियाओं की राज्य सरकार से साठगांठ है। उन्होंने कहा कि क्या मुख्यमंत्री नहीं जानते हैं कि यमुनानगर से नूंह और मेवात तक एक खनन माफिया फल-फूल रहा है? सरकार मूक दर्शक की तरह क्यों बर्ताव कर रही है? हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दावा किया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति ध्वस्त हो चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने बार-बार कहा है कि आम आदमी असुरक्षित महसूस कर रहा है और हाल के दिनों में कई विधायकों को भी धमकियां मिली हैं।

### श्रीलंका संकट...

में संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी शामिल थे जबकि विपक्ष की ओर से कांग्रेस के पी.चिदंबरम और मणिकम टैगोर, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की ओर से शरद पवार और द्रमुक की ओर से टी.आर.बालू और एम.एम.अब्दुल्ला ने हिस्सा लिया। जयशंकर ने कहा कि जिस कारण से हमने आप सभी से सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लेने का अनुरोध किया है, वह यह है कि यह एक बहुत गंभीर संकट है और श्रीलंका में जो हम देख रहे हैं, वह कई मायने में अभूतपूर्व स्थिति है।

### 44 साल...

अलग हुए गुट के नेता अल्हाप्पेरुमा को राष्ट्रपति पद के लिए और प्रमुख विपक्षी नेता सजित प्रेमदासा को प्रधानमंत्री पद के लिए चुने जाने के पक्ष में हैं। हालांकि यहां के विश्लेषकों का मानना है कि 73 वर्षीय विक्रमसिंघे आगे चल रहे हैं। सत्तारूढ़ एसएलपीपी के समर्थन के बिना, विक्रमसिंघे को सफलता नहीं मिलेगी क्योंकि उनके पास संसद में केवल उनकी सीट है। राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कदम में, प्रमुख विपक्षी दल एसजेबी के नेता प्रेमदासा ने मंगलवार को अल्हाप्पेरुमा का समर्थन किया। अल्हाप्पेरुमा ने उनका समर्थन करने और राष्ट्रपति चुनाव से हटने के लिए प्रेमदासा का आभार व्यक्त किया। बाद में, अल्हाप्पेरुमा और प्रेमदासा ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में भाग लिया।

### दैनिक उपयोग...

बात को पुष्ट करने के लिए पंजाब तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, केरल और बिहार में वर्ष 2017 से पहले लगाए गए चावल पर वैट का भी हवाला दिया। सीतारमण ने अपने ट्वीट में हालांकि दाल, पनीर और लस्सी पर पूर्व में कर लगाने संबंधी कोई उदाहरण नहीं दिया है, जिन पर अब जीएसटी लगेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, जीएसटी परिषद ने हाल में अपनी 47वीं बैठक में दाल, अनाज, आटा, आदि जैसे विशिष्ट खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लगाने को लेकर पुनर्विचार करने की सिफारिश की थी। इस बारे में बहुत सारी गलतफहमी फैलाई गई है। जुलाई, 2017 में जीएसटी की शुरुआत के साथ ब्रांडेड अनाज, दालें और आटा पर पांच प्रतिशत कर की व्यवस्था थी। जीएसटी में केंद्रीय उत्पाद शुल्क और राज्य के वैट समेत 17 केंद्रीय और राज्य कर शामिल है। उन्होंने कहा, बाद में केवल उन्हीं वस्तुओं पर कर लगाने के लिए बदलाव किया गया, जो पंजीकृत ब्रांड या ब्रांड के तहत बेची जाने वाले वस्तु है।

### मुंबई के...

एनएसई कर्मचारियों के फोन की अवैध टैपिंग और एनएसई के सिस्टम ऑडिट करने में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के दिशानिर्देशों के उल्लंघन को लेकर है। आईएसईसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पांडे द्वारा शुरू की गई एक कंपनी है।

### उच्चतम न्यायालय...

कार्रवाई नहीं की जाएगी। शर्मा ने अपनी याचिका में गिरफ्तारी से संरक्षण के साथ ही विभिन्न राज्यों में दर्ज नौ प्राथमिकियों को एकसाथ जोड़ने का आग्रह करने वाली वापस ली गई अपनी याचिका को बहाल करने का अनुरोध किया है। उनकी ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह द्वारा दी गई दलीलों पर गौर करते हुए पीठ ने कहा कि उसकी चिंता यह है कि इस बात को कैसे सुनिश्चित किया जाए कि याचिकाकर्ता अदालत द्वारा एक जुलाई को अनुमत वैकल्पिक उपाय का लाभ उठाए। पीठ ने कहा, इन बाद की घटनाओं के आलोक में, जिनमें से कुछ को ऊपर देखा गया है, इस अदालत की चिंता यह है कि यह कैसे सुनिश्चित किया जाए कि याचिकाकर्ता एक जुलाई के आदेश में इस अदालत द्वारा अनुमत वैकल्पिक उपाय का लाभ उठाने में सक्षम हो।

### अध्यक्ष ने...

में पार्टी के नए नेता राहुल शेवाले ने कहा, उद्धव ठाकरे भाजपा के साथ फिर से जुड़ने के इच्छुक थे, लेकिन अपनी बात से मुकर गए। उन्होंने कहा, हमने ठाकरे से उपराष्ट्रपति पद के लिए मार्गरेट अल्वा का समर्थन नहीं करने के लिए भी कहा था, लेकिन हमारे विचारों को नजरअंदाज कर दिया गया। लोकसभा में शिवसेना के 19 सांसद हैं, जिनमें से 12 शिंदे खेमे को अपना समर्थन दे रहे हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे सहित शिवसेना के बारह लोकसभा सदस्यों ने पहले अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और उनसे संसद के निचले सदन में पार्टी के नेता को बदलने का अनुरोध किया।

### एसकेएम ने...

कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए एमएसपी की कानूनी गांरटी हासिल करने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। सरकार ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लेते हुए इस तरह की एक समिति के गठन का वादा किया था, जिसके आठ महीने बाद सोमवार को एमएसपी पर एक समिति का गठन किया गया। पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल समिति के अध्यक्ष होंगे। सरकार ने संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के तीन सदस्यों को समिति में शामिल करने का प्रावधान किया है। एसकेएम के वरिष्ठ सदस्य दर्शन पाल ने आरोप लगाया कि केंद्र की समिति फर्जी दिखती है क्योंकि वह किसानों के कानूनी अधिकारों को सुनिश्चित करने की बात नहीं करती। किसान नेता दर्शन पाल ने कहा कि उन्हें इस समिति में कोई विश्वास नहीं है, क्योंकि इसके नियम और संदर्भ स्पष्ट नहीं हैं।

### मार्गरेट अल्वा...

नेता वाइको भी मौजूद थे। तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का कोई नेता अल्वा के नामांकन पत्र दाखिल करने के मौके पर नहीं पहुंचा। ए दोनों दल उस बैठक में भी शामिल नहीं हुए थे, जिसमें अल्वा को विपक्ष का साझा उम्मीदवार बनाने का फैसला हुआ था। हालांकि, पवार ने कहा था कि वह तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के संपर्क में हैं। अल्वा ने एक बयान में कहा, जो हमारे लिए महत्वपूर्ण है, उसके लिए हम लड़ते हैं: लोकतंत्र के स्तंभों को बनाए रखने के लिए, हमारी संस्थाओं को मजबूत करने के लिए, और एक ऐसे भारत के लिए जो सारे जहां से अच्छा है, जो हम में से हर किसी का है। एक ऐसा भारत, जहां सबके लिए सम्मान हो। राजस्थान की पूर्व राज्यपाल ने कहा, मैंने अपना जीवन ईमानदारी और साहस के साथ अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करते हुए बिताया है। चुनाव से मुझे डर नहीं लगता- जीत और हार जीवन का एक हिस्सा है।

### अग्निपथ भर्ती...

25 प्रतिशत उम्मीदवार दीर्घकालिक सेवा के लिए चुने जाएंगे। भर्ती के लिए आवेदकों से अन्य प्रमाण पत्रों के साथ जाति प्रमाण पत्र भी मांगने संबंधी सेना के कथित दस्तावेज को साझा करते हुए बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव ने कहा कि जब सेना में कोई आरक्षण नहीं है तो जाति प्रमाण पत्र की क्या जरूरत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की भाजपा सरकार जाति आधारित जनगणना से दूर भागती है, लेकिन देश के लिए जान देने को तैयार अग्निवीरों से जाति पूछती है। यादव ने दावा किया कि अग्निवीरों से जाति इसलिए पूछी जा रही है क्योंकि बाद में जाति के आधार पर अग्निवीरों की छंटनी की जाएगी। इससे पहले आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने ट्वीट कर कहा था कि भारत के इतिहास में पहली बार सेना की भर्ती में उम्मीदवारों से उनकी जाति का उल्लेख करने को कहा जा रहा है। उन्होंने ट्वीट कर सवाल किया कि मोदी सरकार का घटिया चेहरा देश के सामने आ चुका है। क्या मोदी जी दलितों पिछड़ों/ आदिवासियों को सेना में भर्ती के काबिल नहीं मानते? भारत के इतिहास में पहली बार सेना की भर्ती में जाति पूछी जा रही है। मोदी जी आपको अग्निवीर तैयार करना है या जातिवीर? भाजपा की सहयोगी जदयू के नेता कुशवाहा ने भी यह मुद्दा उठाया और सवाल किया कि जब आरक्षण का प्रावधान नहीं है, तो सेना की भर्ती में जाति प्रमाण पत्र की क्या जरूरत है।

# पूर्व मंत्री कदम ने पवार पर लगाया शिवसेना को नुकसान पहुंचाने का आरोप

## ● राकांपा ने खारिज किया

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र के** पूर्व मंत्री रामदास कदम ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार शिवसेना को नुकसान पहुंचा रहे हैं और उन्होंने इस संबंध में सबूत शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को सौंपे थे। कदम ने एक टीवी चैनल से बात करते हुए दावा किया कि पवार द्वारा शिवसेना को व्यवस्थित रूप से कमजोर किया गया। उन्होंने दावा किया कि कुछ विधायकों ने इस पर चिंता व्यक्त की थी लेकिन ठाकरे पवार से अलग होने को तैयार नहीं थे।

राकांपा के मुख्य प्रवक्ता महेश तापसे ने कदम की टिप्पणी को खारिज करते हुए दावा किया कि शिवसेना में विभाजन के पीछे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का हाथ है और बागी नेता पवार को निशाना बनाकर इससे ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं। कदम ने सोमवार को ठाकरे को लिखे एक पत्र में शिवसेना नेता के रूप में अपना इस्तीफा दे दिया। शिवसेना अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सोमवार शाम को घोषणा की कि कदम को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण बर्खास्त कर दिया गया है। बाद में, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के बागी खेमे ने कदम को नेता के रूप में बहाल किया। ठाकरे के नेतृत्व वाले महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन में शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस शामिल है। शिंदे और शिवसेना के 39 अन्य विधायकों द्वारा पार्टी के खिलाफ बगावत करने के बाद पिछले महीने एमवीए सरकार गिर गई। कदम ने मंगलवार को कहा, मैंने उद्धवजी को पर्याप्त सबूत दिए कि कैसे राकांपा प्रमुख शरद पवार शिवसेना को कमजोर कर रहे थे। कदम ने दावा किया कि उन्होंने (पवार ने) कुनाबी समुदाय (कोंकण में) के सदस्यों को अच्छे पद दिए और उन्हें आर्थिक रूप से भी मजबूत किया। उन्होंने आगे दावा किया, मुख्यमंत्री हमारे थे, धन सरकारी खजाने से आया, लेकिन पार्टी (शिवसेना) को पवार ने चरणबद्ध तरीके से कमजोर कर दिया। कई विधायकों ने आपके (उद्धव ठाकरे के) सामने ऐसी ही चिंता व्यक्त की, लेकिन आप पवार को छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे। कदम ने कहा कि अगर (शिवसेना संस्थापक) बालासाहेब ठाकरे आज जीवित होते, तो क्या उन्होंने उद्धव ठाकरे को राकांपा और कांग्रेस के समर्थन से मुख्यमंत्री बनने दिया होता? पूर्व मंत्री ने आगे कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र में (2019 में) सरकार बनाने के लिए राकांपा और कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने के उद्धव ठाकरे के कदम का विरोध किया था। उन्होंने कहा, मैंने उनसे (उद्धव से) कहा कि यह पाप करने जैसा है। उनकी (बालासाहेब ठाकरे की) आत्मा को इस तालमेल से शांति नहीं मिलेगी। पिछले महीने, जब शिंदे ने पार्टी के खिलाफ बगावत की तो रामदास कदम के बेटे और रत्नागिरी जिले के दापोली से विधायक योगेश कदम भी बागी खेमे में शामिल हो गए थे। इस बीच, राकांपा प्रवक्ता तापसे ने कहा कि पवार की पहल के कारण एमवीए का गठन किया गया और बगावत के बाद भी राकांपा उद्धव ठाकरे और शिवसेना के उनके नेताओं के समूह का समर्थन कर रही है।



### चुनाव चिन्ह व पार्टी को लेकर लड़ाई के लिए तैयार : संजय राउत

**नई दिल्ली।** शिवसेना के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने मंगलवार को कहा कि पार्टी अपने चुनाव चिह्न और संगठन पर नियंत्रण की खातिर लड़ाई के लिए तैयार है। शिवसेना को हाल ही में बड़े पैमाने पर विद्रोह का सामना करना पड़ा है। राउत ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए यह भी दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महाराष्ट्र को तीन हिस्सों में बांटने की कोशिश कर रही है और शिवसेना में विभाजन कराना भाजपा की साजिश का हिस्सा है। उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि शिंदे ने शिवसेना संसदीय दल को ऐसे समय पर तोड़ने की कोशिश की, जब राज्य कुछ हिस्सों में भारी बाढ़ से निपटने के लिए प्रयास कर रहा था। शिवसेना के राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा, "हम किसी भी लड़ाई के लिए तैयार हैं, चाहे यह चुनाव चिन्ह के लिए हो या पार्टी संगठन के लिए। कुछ एक सांसद और विधायक हमें छोड़ सकते हैं। लेकिन अकेले विधायक और सांसद शिवसेना नहीं बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिवसैनिक विद्रोहियों के लिए भविष्य में कोई भी चुनाव जीतना मुश्किल बना देंगे।

# प्रधानमंत्री से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा रोकने के लिए हस्तक्षेप की मांग

## ● प. बंगाल के भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने मोदी को पत्र लिखा

**भाषा।** कोलकाता

**भारतीय जनता** पार्टी के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं के मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। अधिकारी पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से राजनयिक माध्यमों से एक संदेश भेजने का आग्रह किया है कि सांप्रदायिक हिंसा की ऐसी घटनाएं अस्वीकार्य हैं। उन्होंने पत्र में लिखा है, मैं समझता हूं कि आप इस तथ्य से अवगत हैं कि बांग्लादेश में एक बार फिर हिंदू धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय को लक्षित कर सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं हुई हैं। दक्षिण-पश्चिम बांग्लादेश में नरैल के लोहागरा उपजिला के दिघलिया बाजार इलाके में हिंदू समुदाय के मंदिरों, दुकानों और कई घरों में तोड़फोड़ की गई है। अधिकारी ने कहा कि पड़ोसी देश में इस तरह की घटनाएं बार-बार होती हैं क्योंकि कोई स्वतंत्र जांच और उचित समय पर उचित जांच नहीं होती है, त्वरित कार्वाई की तो बात ही छोड़ दें।

उन्होंने यह पत्र 15 जुलाई को नरेल के लोहागरा उपजिला में हिंदू समुदाय के एक मंदिर, दुकानों और कई घरों में तोड़फोड़ करने की पृष्ठभूमि में लिखा है, जब एक हिंदू लड़के ने फेसबुक पर कुछ आपत्तिजनक पोस्ट किया था, जिससे मुस्लिम समुदाय के लोग नाराज



हो गए थे। पिछले हफ्ते, फेसबुक पोस्ट को लेकर दक्षिण-पश्चिम बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों के घरों और मंदिरों पर हुए हमले में शामिल होने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी ऐसा ही एक पत्र लिखा है। उन्होंने कहा, मैं आपसे हाथ जोड़कर आग्रह करता हूं कि कृपया गंभीर स्थिति में हस्तक्षेप करें और बांग्लादेश के हिंदुओं को बचाने की कोशिश करें। आपके पास जो भी राजनयिक और अन्य साधन हैं, कृपया इनका उपयोग यह संदेश देने के लिए करें कि सांप्रदायिक हिंसा की ए घटनाएं अब अस्वीकार्य हैं। बांग्लादेश के हिंदू इस जरूरत के समय में आपका इंतजार कर रहे हैं। मुस्लिम बहुल बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ रहे हैं। इनमें से कई हमले सोशल मीडिया पर अफवाह फैलने या फर्जी पोस्ट डाले जाने के बाद हुए। पिछले साल दुर्गा पूजा समारोह के दौरान अज्ञात मुस्लिम कट्टरपंथियों ने पड़ोसी देश के कुछ हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की थी। दंगों में चार लोगों की मौत होने और कई अन्य के घायल होने के बाद सरकार को 22 जिलों में अर्द्धसैनिक बल तैनात करना पड़ा था।

## क्विक न्यूज

### कलाम भारत-इस्लामी संस्कृति के आदर्श प्रतिनिधि थे : कोविंद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम भारत-इस्लामी संस्कृति के आदर्श प्रतिनिधि थे। इंडिया इस्लामिक कल्चर सेंटर द्वारा आयोजित चौथे ए पी जे अब्दुल कलाम आजाद स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए कोविंद ने पूर्व राष्ट्रपति की उस टिप्पणी को याद किया कि जब संगीतकार एआर रहमान वंदे मातरम गाते है, तो हर देशवासी उनसे जुड़ जाता है। कलाम के पूर्व प्रेस सचिव एसएम खान की एक किताब का हवाला देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि कलाम वीणा वादन करते थे तथा रोजाना कुरान और गीता पढ़ते थे, महाभारत के विदुर को अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की उनकी क्षमता के लिए पसंद करते थे। कोविंद ने कहा कि कलाम की तरह उन्हे भी भारत के भविष्य के निर्माण में देश के युवाओं की कड़ी मेहनत और क्षमता पर पूरा भरोसा है। राष्ट्रपति ने कहा, वह (कलाम) विशेष रूप से स्कूली बच्चों से मिलते थे। उन्हे यकीन था कि आने वाली पीढ़ियां देश का सुनहरा भविष्य बनाएंगी। मुझे भी हमारे युवाओं की क्षमता और कड़ी मेहनत पर यकीन है। मुझे भी विश्वास है कि देश के विकास में लड़कियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि कई विश्वविद्यालयों के विजिटर होने के नाते उन्होंने देखा है कि उच्च शिक्षा संस्थानों में लड़कियां लड़कों से बेहतर प्रदर्शन करती है। कोविंद ने यह भी कहा कि वैज्ञानिकों की कहानियां राष्ट्र निर्माताओं की गाथा का हिस्सा होनी चाहिए।

### पिछले पांच साल में तीनों सेनाओं के कुल 819 कर्मियों ने आत्महत्या की : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने संसद को बताया है कि पिछले पांच साल में तीनों सेनाओं के कुल 819 कर्मियों ने आत्महत्या की। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस दौरान थल सेना के सबसे अधिक 642 कर्मियों ने आत्महत्या की। इस दौरान वायु सेना में 148 और नौसेना में 29 कर्मियों ने आत्महत्या की। उन्होंने कहा, सेना में तनाव और आत्महत्या के प्रबंधन के लिए सशस्त्र सेनाएं, तनाव कम करने की प्रणाली में सुधार लाने के लिए सतत उपायों का विकास रही है। उन्होंने कहा कि एक विस्तृत मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम तैयार किया गया है और यह 2009 से प्रचलन में है। उन्होंने कहा कि मनारोग के साथ उदासी और आत्मघाती वाले कर्मियों की पहचान के लिए विभिन्न प्रणालियां है। मंत्री ने कहा कि अत्यधिक तनावग्रस्त कर्मियों की पहचान की जाती है और निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार उनकी काउंसलिंग की जाती है। उन्होंने कहा कि छुट्टियों के बाद वापस यूनिट में लौटने वाले सभी कर्मियों का रेजिमेंट के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार, काउंसलिंग व जांच की जाती है। भट्ट ने सोमवार को यह जानकारी दी। हालांकि राज्यसभा सचिवालय ने प्रश्नों के उत्तर अपनी वेबसाइट पर मंगलवार को अपलोड किया।

### पिछले तीन वर्ष में 3.92 लाख भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि पिछले तीन वर्ष में 3,92,643 भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ दी तथा सबसे अधिक भारतीयों को अमेरिका ने नागरिकता दी। लोकसभा में हाजी फजलुर रहमान के प्रश्न के लिखित उत्तर के साथ गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय द्वारा जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सदस्य ने वर्ष 2019 से चालू वर्ष के दौरान नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों के बारे में जानकारी मांगी थी। राय द्वारा निचले सदन में पेश आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 से 2021 के दौरान नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों की संख्या 3,92,643 थी। इसमें वर्ष 2019 में।,44,017 भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी, जबकि 2020 में 85,256 भारतीयों और वर्ष 2021 में।,63,370 भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोडी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 से 2021 के बीच।,70,795 भारतीयों को अमेरिका ने नागरिकता दी।

## रेलवे ने खान-पान पर सेवा शुल्क हटाया, लेकिन खाने की कीमत में जोड़ दिया

**नई दिल्ली।** रेलवे ने उन सभी खाद्य और पेय पदार्थों पर ऑन-बोर्ड सेवा शुल्क हटा दिया है जिनके लिए प्रीमियम ट्रेनों में पहले से ऑर्डर नहीं दिया जाता। हालांकि इसमें एक पेंच है- नाश्ते, दोपहर के भोजन या रात्रिभोज की कीमतों में 50 रुपए का शुल्क जोड़ा गया है। चाय और कॉफी की कीमतें सभी यात्रियों के लिए समान होंगी, भले ही आपने इनके लिए पहले से बुकिंग की हो या ट्रेन में ही ऑर्डर किया हो। इसके लिए दरों में कोई वृद्धि नहीं होगी। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) के पहले के प्रावधान के तहत अगर किसी व्यक्ति ने अपनी ट्रेन की टिकट बुक करते समय ही भोजन के लिए बुकिंग नहीं कराई है तो उन्हें यात्रा के दौरान खान-पान का ऑर्डर देते समय अतिरिक्त 50 रुपए का भुगतान करना होता था, भले ही उन्होंने महज 20 रुपए की चाय या कॉफी का ही ऑर्डर किया हो। अब, राजधानी, दुरंतो या शताब्दी जैसी प्रीमियम ट्रेनों में सवार यात्री, जिन्होंने अपना भोजन पहले से बुक नहीं किया है, उन्हें चाय के लिए 20 रुपए का भुगतान करना होगा (उन लोगों द्वारा भुगतान की गई राशि के समान जिन्होंने अपना भोजन पहले से बुक किया था)। पहले ऐसे यात्रियों के लिए चाय की कीमत 70 रुपए थी, जिसमें सर्विस चार्ज भी शामिल था। पहले नाश्ते, दोपहर के भोजन और शाम के जलपान की दर क्रमश: 105 रुपए, 185 रुपए और 90 रुपए थी, जबकि प्रत्एक भोजन के साथ 50 रुपए का अतिरिक्त शुल्क लगाया जाता था। हालांकि, यात्रियों को अब इन भोजन के लिए क्रमश: 155 रुपए, 235 रुपए और 140 रुपए का भुगतान करना होगा तथा भोजन की लागत में ही सेवा शुल्क जुड़ जाएगा। एक अधिकारी ने बताया, सेवा शुल्क हटाने का असर सिर्फ चाय और कॉफी के मूल्य में नजर आएगा। इसमें, पहले से बुकिंग नहीं कराने वाले यात्री को भी उतना ही शुल्क देना होगा जितना की बुकिंग कराने वाले यात्री को देना है। हालांकि अन्य सभी भोजन के लिए सेवा शुल्क राशि को गैर-बुकिंग सुविधाओं के लिए भोजन की लागत में जोड़ दिया गया है। वंदे भारत ट्रेनों के लिए, जिन यात्रियों ने यात्रा के दौरान भोजन सेवाओं की बुकिंग नहीं की है, उन्हें नाश्तोदोपहर के भोजन या रात के खानोशाम के नाश्ते के लिए उतनी ही राशि चुकानी है। जितनी कि वे तब चुकाते थे जब सेवा शुल्क वसूला जाता था। ऐसा इसलिए है क्योंकि वृद्धि, शुल्क के तौर पर न दिखाकर खाने की कीमत के तौर पर दिखाई गई है।

## तेजस्वी ने परिवार को बचाने के लिए भाजपा को समर्थन की पेशकश की थी : बिहार भाजपा अध्यक्ष

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई के अध्यक्ष संजय जायसवाल ने मंगलवार को दावा किया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव चाहते थे कि केंद्र सरकार उनके परिवार को भ्रष्टाचार के मामलों में बचाए और वह इसके बदले राज्य में पार्टी की सरकार बनाने के लिए समर्थन देने को तैयार थे। जायसवाल ने बताया कि यादव ने केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय को एक उड़ान के दौरान यह पेशकश की थी। उन्होंने कहा कि राजद नेता का यह दावा कि राय उनकी पार्टी में शामिल होना चाहते थे, हताशा में दिया गया बयान था क्योंकि भाजपा ने भ्रष्टाचार से समझौता करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि यह राय की यादव के साथ एकमात्र मुलाकात थी। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को पटना में दावा किया था कि राज्य से भाजपा के वरिष्ठ नेता राय ने 2019 में केंद्रीय मंत्री परिषद में शामिल किए जाने से पहले पाला बदलने की इच्छा जाहिर की थी।

लोकसभा सांसद जायसवाल ने यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि वह राय के बारे में ऐसे झूठे दावे इसलिए कर रहे हैं क्योंकि भाजपा ने भ्रष्टाचार पर समझौता करने से इनकार कर दिया था। भाजपा नेता ने कहा कि उनके (तेजस्वी के) परिवार के सदस्यों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं और उन्हें जेल जाना ही होगा। उन्होंने कहा, वह चाहते थे कि भाजपा उनके परिवार के सदस्यों को जेल जाने से बचाए। वह भाजपा के समर्थन और राज्य में उसकी सरकार बनवाने में मदद के लिए तैयार थे। लेकिन हमारी पार्टी ने भ्रष्टाचार पर समझौता करने से इनकार कर दिया। राजग की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू पर कटाक्ष करने के लिए राय द्वारा की गई आलोचना पर प्रतिक्रिया देते हुए यादव ने कहा था, मुझसे उनके बारे में बात मत करो। वह मंत्री पद पाने से पहले मुझसे मिले थे और मेरी पार्टी में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की थी। यादव बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के बेटे हैं। लालू और उनके परिवार के कुछ अन्य सदस्यों पर भ्रष्टाचार को लेकर मामले दर्ज हैं। उन्होंने पूर्व में आरोपों को खारिज किया था और भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर बदले की कार्वाई का आरोप मढ़ा था।

## राज्य चिकित्सा परिषदों से एनएमसी ने झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई के लिए अधिकारी नियुक्त करने को कहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद (एनएमसी) ने राज्य चिकित्सा परिषदों से एक अधिकारी नियुक्त करने को कहा है जो झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अदालत या किसी अन्य संबंधित प्राधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज करा सकता है। एनएमसी द्वारा 14 जुलाई को जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि एनएमसी अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के अनुसार, गैर-पंजीकृतानामांकित व्यक्ति द्वारा इलाज और चिकित्सा पद्धति का कार्य धारा 34 के तहत दंडनीय अपराध है। एनएमसी के एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड (ईएमआरबी) के सदस्य डॉ. योगेंद्र मलिक द्वारा जारी परिपत्र में कहा गया है, आयोग या ईएमआरबी या राज्य चिकित्सा परिषद द्वारा अधिकृत अधिकारी के माध्यम से इस संबंध में लिखित शिकायत पर अदालत एनएमसी अधिनियम की धारा 54 के तहत दंडनीय अपराध का संज्ञान लेगी।

एनएमसी अधिनियम की धारा 34 के अनुसार, जो व्यक्ति राज्य रजिस्टर या राष्ट्रीय रजिस्टर में पंजीकृत नहीं है, वह चिकित्सा या फिटनेस प्रमाण पत्र या किसी अन्य प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने या उसे प्रमाणित करने का हकदार नहीं है। चिकित्सा से संबंधित किसी भी मामले पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 45 के तहत एक विशेषज्ञ के रूप में योग्य चिकित्सक ही इन प्रमाण पत्रों पर विधिवत हस्ताक्षर के लिए पात्र होता है। अधिनियम में कहा गया है, कोई भी व्यक्ति जो इस धारा के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करता है, उसे एक वर्ष तक की कैद या पांच लाख रुपए तक के जुर्माने या दोनों से दंडित किया जा सकता है। धारा 54 में कहा गया है कि कोई भी अदालत इस अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध का संज्ञान नहीं लेगी, जब तक कि आयोग या नैतिकता और चिकित्सा पंजीकरण बोर्ड या राज्य चिकित्सा परिषद की ओर से अधिकृत अधिकारी द्वारा इस संबंध में लिखित शिकायत न की जाए।



संसद भवन जाते गृहमंत्री अमित शाह

## सांसद मीणा को खरोंच भी आई तो भूकंप आ जाएगा : कांग्रेस विधायक

**भाषा।** जयपुर

**भाजपा के** राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा को जान से मारने की मिली धमकी पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए एक कांग्रेस विधायक ने कहा कि सांसद को खरोंच भी आई तो भूकंप आ जाएगा। प्रतापगढ़ के कांग्रेस विधायक रामलाल मीणा ने सोमवार रात सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, डॉ. किरोड़ी लाल मीणा को धमकी ठीक है, लेकिन अगर उन्हें कोई खरोंच आई तो भूकंप आ जाएगा। पार्टी अलग हो सकती है, लेकिन डॉ. साहब गरीबों के मसीहा हैं। उनमें हमेशा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की भावना रहती है। मीणा को धमकी भरे पत्र के बारे में उन्होंने कहा कि राजनीतिक कारणों से किसी ने ऐसा किया होगा।

## न्यायालय ने न्यायिक परीक्षा की तारीख बदलने से इंकार किया

### ● कहा रिक्तियां भरना ज्यादा जरूरी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तीन राज्यों में न्यायिक परीक्षा की तारीख में बदलाव करने का अनुरोध करने वाली याचिका पर विचार करने से मंगलवार को इंकार कर दिया और कहा कि न्यायिक रिक्तियां भरना ज्यादा जरूरी है। न्यायमूर्ति एस. के. कौल और न्यायमूर्ति एम. एम. सुन्दरेश की पीठ ने कहा कि अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने के अपने अधिकार का उपयोग करना होगा।

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह संभव नहीं है कि सभी उच्च न्यायालयों से उनकी परीक्षा का कैंलेंडर मांगा जाए ताकि, परीक्षाओं की तारीख एक होने से बचा जा सके। याचिका खारिज करते हुए पीठ ने कहा, न्यायिक रिक्तियों को भरना सबसे जरूरी है। कुछ परीक्षाओं की तारीख एक ही हैं और पहले भी कुछ मोहलत दी गई है और वह भी महज कुछ ही छात्रों के अनुरोध पर। उन्होंने कहा, हम हर परिस्थिति पर विचार नहीं कर सकते हैं क्योंकि परीक्षाएं लगातार हो रही हैं और वे अलग-अलग परीक्षाएं हैं। ऐसे में याचिका दायर करने वालों को चुनाव करना होगा कि उन्हें किसमें (परीक्षा में) शामिल होना है, वरना इससे अन्य अभ्यर्थियों को और परीक्षा प्रक्रिया को भी नुकसान पहुंचेगा। शीर्ष अदालत बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान की परीक्षाओं की तारीख में बदलाव करने का अनुरोध करने वाली अमित कुमार कोहली और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

# फिल्म तेहरान में नजर आएंगी मानुषी छिल्लर



**मुंबई।** मॉडल-अभिनेत्री मानुषी छिल्लर एक्शन फिल्म तेहरान में अभिनेता जॉन अब्राहम के साथ नजर आएंगी। फिल्म के निर्माताओं ने मंगलवार को यह घोषणा की। सत्य घटनाओं पर आधारित इस फिल्म का निर्देशन अरुण गोपालन करेंगे। तेहरान का निर्माण दिनेश विजान की प्रोडक्शन कंपनी मैडडॉक फिल्म्स करेगी। मैडडॉक फिल्म्स ने इसकी जानकारी देते हुए अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर फिल्म में काम करने वाले कलाकारों की तस्वीरें भी साझा कीं। एक तस्वीर में मानुषी छिल्लर को बंदूक उठाए हुए जॉन अब्राहम के साथ देखा जा सकता है। सम्राट पृथ्वीराज फिल्म से अभिनय की दुनिया में कदम रखने वाली पूर्व विश्व सुंदरी मानुषी छिल्लर (25) ने कहा कि वह तेहरान में जॉन अब्राहम के साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। तेहरान की पटकथा रितेश शाह और आशीष प्रकाश वर्मा ने मिलकर लिखी है।

## राव की नियमित जमानत वाली याचिका पर एनआईए को न्यायालय का नोटिस

**भीमा कोरेगांव मामला**

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने भीमा कोरेगांव मामले में आरोपी पी. वरवर राव की चिकित्सा आधार पर नियमित जमानत दिए जाने की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को नोटिस जारी कर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। न्यायमूर्ति यू.यू. ललित, न्यायमूर्ति एस.आर. भट और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की एक पीठ ने एनआईए को नोटिस जारी किया और कहा कि मामले पर 10 अगस्त को सुनवाई की जाएगी।

न्यायालय ने कहा कि राव को दी गई अंतरिम सुरक्षा जारी रहेगी। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने 12 जुलाई को, राव को दी गई अंतरिम सुरक्षा अगले आदेश तक बढ़ा दी थी। राव ने चिकित्सा के आधार पर स्थाई जमानत संबंधी उनकी अपील को बंबई उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के फैसले को चुनौती देते हुए यह याचिका दाखिल की है। राव (83) चिकित्सा आधार पर जमानत पर हैं और उन्हें 12 जुलाई को आत्मसमर्पण करना था। शीर्ष अदालत ने मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस. वी. राजू से पूछा कि क्या वह मामले में कुछ पेश करना चाहते हैं, तो अदालत उसके लिए समय दे सकती है। पीठ ने कहा, हमने औपचारिक तौर पर नोटिस जारी नहीं किया है। अगर आप सहमत होते हैं, तो हम अंतिम सुनवाई करेंगे और अगर आप कुछ भी अदालत में पेश करना चाहते हैं तो हम उसके लिए समय देंगे। पीठ ने कहा ऐसे मामले में जहां केवल चिकित्सकीय आधार पर बात हो रही है, उसमें लंबी सुनवाई की जरूरत नहीं है। इसके बाद, एएसजी ने कहा कि वह मामले में कुछ पेश करना चाहते हैं, जिसके लिए उन्हें समय चाहिए।

## केरल में प्रदर्शन हुआ हिसक, परीक्षा एजेंसी ने कहा- लड़की का दावा मनगढ़ंत

**नीट परीक्षा**

**भाषा।** कोल्लम

**राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश** परीक्षा (नीट) के कर्मियों द्वारा तलाशी के दौरान छात्राओं को अपने अंत:वस्त्र हटाने के लिए कहने के खिलाफ दक्षिणी केरल में विरोध प्रदर्शन मंगलवार को हिंसक हो गया। वहीं केरल में छात्राओं को नीट परीक्षा में बैठने से पहले अंत:वस्त्र उतारने के लिए बाध्य करने में शामिल पांच महिलाएं गिरफ्तार की गयी हैं। उधर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने कहा कि छात्रा की ओर पुलिस को दी गई शिकायत में उसकी ओर से लगाया गया आरोप फर्जी है। वहीं केरल सरकार ने केंद्र के साथ इस मुद्दे को उठाया और एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्वाई की मांग की जिसने कथित तौर पर छात्राओं को ऐसा करने के लिए मजबूर किया। केरल महिला आयोग ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर एक मामला दर्ज किया। राज्य पुलिस पहले ही एक मामला दर्ज कर चुकी है। केरल के दक्षिणी कोल्लम जिले में एनटीए द्वारा तलाशी लेने के लिए रखी गई एजेंसी ने कथित तौर पर छात्राओं से अपने अंत:वस्त्र हटाने के लिए कहा।

17 वर्षीय एक लड़की ने पुलिस में एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है और कई अन्य छात्राओं ने भी इसी तरह के आरोप लगाए हैं, हालांकि उन्होंने अलग से शिकायत दर्ज नहीं की है। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमें कोई शिकायत या प्रतिवेदन नहीं मिला है। मीडिया की खबरों में किए गए दावों के आधार पर, केंद्र अधीक्षक और पर्यवेक्षक से तत्काल रिपोर्ट मांगी गई है। उन्होंने सूचित किया है कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई है और शिकायत फर्जी और गलत इरादे से दायर की गई है। एनटीए अधिकारी ने कहा कि नीट ड्रेस कोड ऐसी किसी भी गतिविधि की अनुमति नहीं देता है जिसका आरोप अभ्यर्थी के अभिभावकों द्वारा लगाया गया है। उन्होंने कहा कि ड्रेस कोड अभ्यर्थियों की तलाशी के दौरान लिंग, संस्कृति और धर्म के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखते हुए परीक्षा की शुचिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने का प्रावधान करता है। केरल की उच्च शिक्षा मंत्री आर. बिंदू ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को लिखे एक पत्र में छात्राओं की गरिमा और सम्मान पर हमले की खबर पर निराशा और हैरानी जताई।

## पीएफआई का घृणा पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा करने की आरोपी महिला पुलिसकर्मी निलंबित

**कोट्टायम (केरल)।** जिले के कंजीरपल्ली पुलिस थाने में तैनात एक महिला पुलिस कर्मी को पॉपुलर फ्रंट ऑफ़ इंडिया (पीएफआई)का कथित नफरत फैलाने वाल पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोप में मंगलवार को निलंबित कर दिया गया। एर्णाकुलम रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) ने यह कार्वाई कोट्टायम जिले के पुलिस प्रमुख के.कार्तिक की रिपोर्ट के आधार पर की। कार्तिक ने सोमवार को सहायक उप निरीक्षक रमला के खिलाफ विभागीय कार्वाई की सिफारिश की थी। रमला पर पांच जुलाई को फेसबुक पर पीएफआई के नेता का पोस्ट साझा करने का आरोप है। कार्तिक ने बताया, कल सिफारिश की गई थी और आज कार्वाई की गई है। रमला ने कथित तौर पर पीएफआई के राज्य सचिव सी.ए.राउफ की अलपुझा में संगठन की रैली के दौरान भड़काऊ बयान देने के आरोप में गिरफ्तार व्यक्ति को जमानत मिलने को लेकर किए गए पोस्ट को साझा किया था।

# ब्रिटेन के पीएम की दौड़ में बढ़त बनाए रखने के लिए ऋषि सुनक को और वोट मिले

**भाषा।** लंदन

**पूर्व चांसलर** ऋषि सुनक ने बोरिस जॉनसन को कंजरवेटिव पार्टी के नेता और ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में हटाने की दौड़ में अपनी बढ़त बना ली है। उन्हें संसद के टोरी सदस्यों द्वारा मतदान के नवीनतम दौर में 14 और वोट मिल गए हैं। पिछले हफ्ते मतदान शुरू होने के बाद से 42 वर्षीय सुनक लगातार सूची में शीर्ष पर रहे हैं और सोमवार को उन्हें तीसरे दौर में 115 वोट मिले, जिससे दौड़ में केवल चार उम्मीदवार रह गए। कारोबार मंत्री पेनी मोर्डौंट 82 मतों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, इसके बाद विदेश मंत्री लिज ट्रस को 71 मत मिले हैं और पूर्व समानता मंत्री केमी बैडेनोच को 58 मत मिले हैं। टोरी (कंजरवेटिव पार्टी) में और हाउस ऑफ कॉमन्स की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष टॉम तुगेंदहट ने पिछली बार मिले 32 से एक कम 31 वोट हासिल किए और प्रतिस्पर्धा से बाहर हो गए।

### बोरिस जॉनसन ने प्रधानमंत्री के रूप में कैबिनेट की अंतिम बैठक की अध्यक्षता की

**लंदन।** ब्रिटेन के निवर्तमान प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने मंगलवार को अपनी अंतिम कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक नए नेता के चुनाव के लिए कंजर्वेटिव पार्टी के सांसदों द्वारा चौथे दौर के लिए गुप्त मतदान किए जाने से पहले हुई। जॉनसन (58) ने देश में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच जलवायु परिवर्तन से निपटने में अपनी सरकार के रिकॉर्ड और प्रतिबद्धता का बचाव किया। डाउनिंग स्ट्रीट में अपने मंत्रियों से कहा, कौन संदेह कर सकता है कि हम नेट जीरो के मार्ग की ओर बढ़ने वाली पहली बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को लेकर एकदम सही हैं। कार्यवाहक प्रधानमंत्री को बदलकर एक नए निर्वाचित नेता की पांच सितंबर को होने वाली घोषणा से पहले ब्रिटेन की संसद का वार्षिक ग्रीष्मकालीन अवकाश निर्धारित है। संसद का अगला सत्र नए प्रधानमंत्री के कार्यभार संभालने के बाद होगा।

चौथे दौर का मतदान मंगलवार को होगा, जिसके अंत में सबसे कम मतों वाला एक अन्य उम्मीदवार बाहर हो जाएगा और बृहस्पतिवार तक केवल दो उम्मीदवार अंतिम सूची में जगह बनाएंगे।

सुनक को पिछले दौर में 101 वोट मिले थे। मतदान के नवीनतम दौर में उन्हें 14 और वोट मिले, जबकि मोर्डौंट ने पिछले हफ्ते दूसरे वोटिंग राउंड में हासिल 83 में से एक वोट कम हासिल किया। ट्रस ने अपने आंकड़े में सुधार किया है और 64 वोट से आगे बढ़ कर 71 पर पहुंच गईं। वहीं बैडेनोच अंतिम दौर में 49 के आंकड़े से आगे बढ़े और 58 वोट पर आ गए हैं। जादुई आंकड़ा 120 है, उम्मीदवार को अपने, कंजरवेटिव पार्टी के कम से कम 120 सहयोगियों का समर्थन प्राप्त करने के साथ टोरी सदस्यता वोट के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए दो उम्मीदवारों की अंतिम सूची में स्थान बनाना होगा।

# ईरान, तुर्की के नेताओं से बातचीत करने के लिए पुतिन तेहरान रवाना

**तेहरान।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मंगलवार से शुरू होने वाली ईरान यात्रा का मकसद क्षेत्रीय दिग्गजों के साथ संबंधों को गहरा करना है। पुतिन ऐसे समय में ईरान की यात्रा कर रहे हैं, जब अमेरिका तथा यूरोप, यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान को लेकर उसके विरुद्ध लामबंद हैं। पुतिन, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन के साथ सीरिया में संघर्ष और वैश्विक खाद्य संकट को कम करने के लिए यूक्रेन से अनाज के निर्यात को फिर से शुरू करने के लिए संयुक्त राष्ट्र समर्थित प्रस्ताव सहित क्षेत्र के समक्ष मौजूद विभिन्न मुद्दों पर बातचीत करेंगे। यूक्रेन में जारी युद्ध और पश्चिमी देशों के बढ़ते प्रतिबंधों के बीच पुतिन ईरान के साथ संबंध मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि ईरान पर भी अमेरिका ने कई प्रतिबंध लगा रखे हैं। पुतिन के विदेशी मामलों के सलाहकार यूशाकोव ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में ईरान को रूस का एक महत्वपूर्ण साझेदार करार देते हुए कहा था कि दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के एक नए स्तर पर ले जाने की इच्छा जाहिर की है। पुतिन अपनी ईरान की पांचवी यात्रा पर ईरान के सर्वोच्च नेता अली खमनेई से भी मुलाकात करेंगे।



श्रीलंका के कोलम्बों में नए राष्ट्रपति चुनाव करने के लिए ट्रेड यूनियन के कार्यकर्ताओं कार्यवाहक राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए।

# थाईलैंड की संसद में पीएम के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा

**बैंकॉक।** थाईलैंड की संसद में प्रधानमंत्री प्रयुत चान ओचा और उनके मंत्रिमंडल के 10 सदस्यों के खिलाफ पेश अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार को चर्चा शुरू हुई। विपक्ष ने सरकार पर भ्रष्टाचार और आर्थिक कुप्रबंधन का आरोप लगाया है। यह संभवतः आखिरी अविश्वास प्रस्ताव है, जिसका सामना प्रयुत सरकार अगले साल चार वर्षीय कार्यकाल समाप्त होने से पहले कर रही है। इस अविश्वास प्रस्ताव पर अगले चार दिन तक चर्चा होनी है और संसद के निचले सदन में शनिवार को इसपर मतदान होगा।

विश्लेषकों ने कहा कि प्रयुत पहले तीन बार पेश अविश्वास प्रस्ताव जीतने में सफल रहे थे और इस बार भी उम्मीद की जा रही है कि उनकी सरकार बच जाएगी, क्योंकि उनके गठबंधन को संसद में बहुमत हासिल है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करते हुए विपक्षी पार्टी फ्यू थाई के नेता चोलनन श्रीकावे ने सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन और अमीरों व गरीबों के बीच खाई बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा कि इसकी वजह से थाईलैंड आर्थिक रूप से पिछड़ गया है।

श्रीकावे ने आरोप लगाया कि प्रयुत, सरकारी एजेंसियों में भ्रष्टाचार की अनदेखी कर रहे हैं और लोकलुभावन नीतियों की वजह से बेवजह सार्वजनिक कर्ज को बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, थाईलैंड कोमा में पड़ा मरीज है। वह सरकार की वजह से भारी कर्जे में दब गया है। बचाव में प्रयुत ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले दो साल के दौरान सफलतापूर्वक अर्थव्यवस्था का संचालन किया और कोविड-19 महामारी का सामना किया। उन्होंने कहा, हम देश को दोबारा पटरी पर लाने, आय उत्पन्न करने और अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में सफल रहे।

# ब्रिटेन में अब तक का सबसे गर्म दिन रहा मंगलवार



इंग्लैण्ड में उच्च तापमान के चलते ब्रीच में स्नान करते करते हुए लोग।

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन के** इतिहास में मंगलवार का दिन अब तक का सबसे गर्म दिन रहा जब पहली बार तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। दक्षिण-पश्चिम लंदन के हीथ्रो में तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के सरे में पहली बार तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले 2019 में इंग्लैंड के कैमब्रिज बॉटैनिकल गार्डन में अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दरअसल, ब्रिटेन में इस समय लोगों को अप्रत्याशित गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी लंदन के कुछ हिस्सों में सोमवार की रात काफी गर्म रही और तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

ब्रिटेन के मौसम विभाग ने राजधानी लंदन समेत मध्य, उत्तरी और दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के इलाकों में भीषण गर्मी के कारण रेड अलर्ट जारी किया है। अनुमान है कि भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए नदियों और झीलों में नहाने के दौरान कम से कम पांच लोगों की डूबने से मौत हो गई। मौसम वैज्ञानिक रेचल आयर्स ने कहा, ब्रिटेन में मंगलवार का दिन गर्मी के मद्देनजर बेहद अप्रत्याशित हो सकता है, इंग्लैंड के कुछ इलाकों में इस दौरान तापमान संभवतः 41 डिग्री सेल्सियस के उच्च स्तर तक पहुंच जाएगा। यह एक रिकॉर्ड होगा। हमने पहली बार इंग्लैंड में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस देखा है। उनके मुताबिक, भीषण गर्मी के कारण कुछ सड़क

# संकटग्रस्त श्रीलंका में भारतीय अधिकारी घायल, उच्चायोग ने नागरिकों से हालात से अवगत रहने को कहा

**कोलंबो।** श्रीलंका में तैनात भारत सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी बेवजह किए गए हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। भारतीय उच्चायोग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उच्चायोग ने भारतीय नागरिकों से श्रीलंका में नवीनतम घटनाओं से अवगत रहने और उसके हिसाब से आवाजाही करने और अन्य गतिविधियों की योजनाएं बनाने के लिए कहा है। श्रीलंका में अभूतपूर्व आर्थिक संकट के कारण राजनीतिक उथल-पुथल के बाद श्रीलंका में अशांति की स्थिति है। कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने नया राष्ट्रपति चुनने के लिए बुधवार को होने वाले महत्वपूर्ण चुनाव से पहले सोमवार को आपातकाल लगा दिया।

भारतीय उच्चायोग ने एक ट्वीट में कहा कि भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच संबंध हमेशा सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण रहे हैं। उच्चायोग ने ट्वीट में कहा, मौजूदा स्थिति में, श्रीलंका में भारतीय नागरिकों से अनुरोध है कि वे नवीनतम घटनाओं के बारे में जागरूक रहें और हालात के हिसाब से आवाजाही और अन्य गतिविधियों की योजना बनाएं। आवश्यकता पड़ने पर आप हमसे संपर्क कर सकते हैं। उच्चायोग ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि उसके अधिकारियों ने सुबह भारतीय नागरिक और भारतीय वीजा केंद्र के निदेशक विवेक वर्मा से मुलाकात की जो सोमवार रात कोलंबो के पास बेवजह किए गए हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। यह मामला श्रीलंकाई अधिकारियों के ध्यान में लाया गया है। गोटबाया राजपक्षे के इस्तीफे के बाद विक्रमसिंघे ने शुक्रवार को कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA MOTOR ULTRA 1518 UP14HT4779- YOM -2018 MINIMUM RESERVE PRICE 723000
2) TATA MOTOR LPT 909 DL1MA3043- YOM -2019 MINIMUM RESERVE PRICE 555943
3) SWRJ_MAZDA DL1LAA6846- YOM -2018 MINIMUM RESERVE PRICE 398065
4) SML-SARTAJ DL1LAA6811- YOM -2018 MINIMUM RESERVE PRICE 398065
5) TATA LPT 1109 UP16GT0480- YOM -2019 MINIMUM RESERVE PRICE 769957
6) SML-SARTAJ DL1LAA6811 - YOM -2018 MINIMUM RESERVE PRICE 398065
7) E_1075SG EICHR_VECV DL1LY2263- YOM -2017 MINIMUM RESERVE PRICE 471671
8) 1075_GOODS EICHR_VECV HR38W6540- YOM -2017 MINIMUM RESERVE PRICE 439020
9) 1075_GOODS EICHR_VECV HR38W8105- YOM 2017 MINIMUM RESERVE PRICE 439020
10) CB_LPT1412 HR38AA1748- YOM -2019 MINIMUM RESERVE PRICE 811775
11) EICHR_VECVVE1110FB UP81CT5745- YOM -2019 MINIMUM RESERVE PRICE 910637
12) CB_TATA LPS 3518 FULLY BUILT TRAILER- HR38S3571 YOM -2012 MINIMUM RESERVE PRICE 617760
13) TATA MOTORS LTD. - CB_ TATA LPT 909- DL1M9283 YOM -2017 MINIMUM RESERVE PRICE 535034
14) CB_TATA XENON HR55AG3807- YOM -2019 MINIMUM RESERVE PRICE 409098
15) CB_TATA LPT 1518 UP17AT6198- YOM -2018 MINIMUM RESERVE PRICE 854071
16) TATA 909 DL1MA4418- YOM- 2019 MINIMUM RESERVE PRICE 819975
17) TATAMOTORSLPT1412 UP17AT5844- YOM -2018 MINIMUM RESERVE PRICE 805708
18) CB_MAHINDRA_FURIO_11_ FULLY_BUILT- UP14HT8805 YOM - 2019 MINIMUM RESERVE PRICE 1108380
19) TLPT1109FB UP14HT 7369- YOM -2019 MINIMUM RESERVE PRICE 923837
20) BOLERO_MUV UP14JT5634- YOM -2020 MINIMUM RESERVE PRICE 427232
21) SONALIKA RX-90 WORLD TRAC UP17AT3287- YOM -2017 MINIMUM RESERVE PRICE 154256

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 03.08.2022 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT : RAJESH ANTIL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 09711173320
EMAIL-rajesh.antil@kotak.com


# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 246 अंक और चढ़ा

**भाषा।** मुंबई

**घरेलू शेयर बाजार** शुरुआती गिरावट से उबरते हुए मंगलवार को लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच बैंक, धातु और ऊर्जा शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। डॉलर के मुकाबले रुपए में तेजी से भी धारणा को मजबूती मिली। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स की शुरूआत कमजोर रही। अंत में यह 246.47 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54,767.62 अंक पर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स ऊंचे में 54,817.52 अंक तक गया और नीचे में 54,232.82 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 62.05 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,340.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एक्सिस बैंक सबसे अधिक 2.35 प्रतिशत मजबूत



हुआ। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में नेस्ले इंडिया, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, डॉ. रेड्डीज और एशियन पेंट्स शामिल हैं। इनमें 1.37 प्रतिशत तक की गिरावट रही।सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 19 लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों के साथ आईटी और दवा क्षेत्र के शेयरों में कमजोर रुख के साथ घरेलू बाजारों में उतार-चढ़ाव रहा। बैंक, वाहन तथा धातु शेयरों में तेजी से बाजार को अच्छा समर्थन मिला। विकसित बाजारों में गिरावट का रुख रहा। इसका कारण आर्थिक नरमी की आशंका में एप्पल जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों की कम संख्या में नियुक्ति की घोषणा है। भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत होने के कारण हमें भरोसा है कि नरमी का तत्काल प्रभाव घरेलू अर्थव्यवस्था पर अन्य देशों के मुकाबले हल्का होगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि आईटी तथा धातु जैसे शेयरों में तेजी से घरेलू बाजार पर दबाव कम हुआ।

हमने सतर्कता के साथ सकारात्मक रुख को बरकरार रखा है और वाहन, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों तथा बैंक जैसे क्षेत्रों में दीर्घकालीन अवसर

## एल्युमीनियम एयर बैटरी के उत्पादन को लेकर भारत और इजराइल की प्रमुख कंपनियों में समझौता

**तेल अवीव।** भारत और इजराइल की प्रमुख कंपनियों ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अत्याधुनिक एल्युमीनियम एयर बैटरी के उत्पादन को लेकर हाथ मिलाया है। इन कंपनियों के बीच इस साझेदारी से भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन बढ़ेगा और चार्जिंग के बुनियादी ढांचे की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। साथ ही बैटरी का आयात भी कम होगा और ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के अभियान को बड़ा समर्थन भी मिलेगा। इन कंपनियों की तरफ से सोमवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, आदित्य बिड़ला समूह की धातु कंपनी हिंडाल्को ने इजराइल की धातु-एयर बैटरी तकनीक कंपनी फिनर्जी और आईओसी फिनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है। आईओसी फिनर्जी दरअसल आईओसी और फिनर्जी का संयुक्त उद्यम है। यह समझौता एल्युमिनियम एयर बैटरी तैयार करने को लेकर किया गया है।

# रिजर्व बैंक ने दो सहकारी बैंकों पर प्रतिबंध लगाया

● ग्राहकों के अपने खाते से निकासी पर रोक

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय रिजर्व बैंक** (आरबीआई) ने कर्नाटक के श्री मल्लिकार्जुन पटाना सहकारी बैंक नियमित और महाराष्ट्र के नासिक जिला गिरना सहकारी बैंक पर उनकी बिगड़ती वित्तीय स्थिति को देखते हुए प्रतिबंध लगा दिया है। इसके तहत दोनों बैंकों के ग्राहक अपने खातों से पैसा नहीं निकाल सकेंगे। केंद्रीय बैंक ने दो अलग-अलग बयान में कहा कि श्री मल्लिकार्जुन पटाना सहकारी बैंक, मस्की और नासिक जिला गिरना सहकारी बैंक पर प्रतिबंध छह महीने के लिए प्रभाव में रहेगा। रिजर्व बैंक ने नासिक जिला गिरना सहकारी बैंक के बारे में कहा कि 99.87 प्रतिशत जमाकर्ता जमा बीमा और कर्ज गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) बीमा योजना के दायरे में हैं। साथ ही श्री मल्लिकार्जुन पटाना सहकारी बैंक के 99.53 प्रतिशत जमाकर्ता भी डीआईसीजीसी बीमा योजना के दायरे में हैं। केंद्रीय बैंक ने कर्नाटक स्थित बैंक के बारे में कहा, बैंक की मौजूदा नकदी की स्थिति को देखते हुए सभी बचत बैंक या चालू खातों या जमाकर्ता के किसी अन्य खाते में कुल शेष राशि से कोई भी रकम निकालने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। लेकिन जमा को लेकर कर्ज को समायोजित करने की अनुमति है। इसी प्रकार की शर्त महाराष्ट्र स्थित बैंक पर लगाई गई है। पाबंदियों के मद्देनजर दोनों बैंक रिजर्व बैंक की पूर्व-मंजूरी के बिना कोई नया कर्ज नहीं दे सकते और न ही ऋण का नवीनीकरण कर सकते हैं। साथ ही उन्हें कोई निवेश करने की भी अनुमति नहीं होगी। वे कोई भी दायित्व नहीं ले सकते हैं, जिसमें उधार लेना और नई जमा की स्वीकृति शामिल है।


**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client i.e. Yes Bank Limited that Mr. Ankur Mohan is the owner of Shop No. 133/16/1 situated at Basai Road, Hidayatpur Chhaoni, Prem Nagar, Gurugram, Haryana by virtue of Transfer Deed dated 14.01.2020 (Doc No. 10739). All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to mortgage the said shop and intends to obtain loan from our client against the said shop, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said shop, its Sale/ Mortgage/ litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is given hereby to public at large that my client is in process of purchasing the lands falling in Khasra No. 114//10/2 (2-8), 11/1 (3-18), 20/2 (3-18), 21/1/1, (2-8) 115//15/2 (0-14), 16/1 (1-0) situated within the revenue estate of village Bijwasan, New Delhi from its recorded owners namely Sh. Mahabir Prasad S/o. Sh. Sohan Lal & Sh. Krishan Kumar S/o. Sh. Mahabir Prasad R/o. S-310, Panchsheel Park, New Delhi having 2/3rd Share in the above mentioned land. Whereas all persons including the individuals, companies, banks, financial institutions (banking and non banking), firms, creditors, claimants family members etc. having any right, interest, claim, objection in respect of above mentioned land or part of the said land thereof, by way of sale, exchange, mortgage, pledge, charge, maintenance easement, succession, lease etc. of whatsoever nature are hereby requested to the same in writing by registered post, support with the original documents, to the undersigned at the address below within the period of 10 days from the publication of the instant notice, falling which, the claim or right if any, of the such person shall be considered to have been waived of and /or abandoned.

ABHILASH VASHIST-ADVOCATE
Ch. No. 714, Lawyers Chamber Block, Dwarka Courts, Sec-10, Dwarka, New Delhi


# अफ्रीकी देशों के साथ व्यापार सहयोग बढ़ाने की जरूरत: गोयल

**भाषा।** नई दिल्ली

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री** पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत सौर ऊर्जा, अवसंरचना, सैन्य सहयोग एवं स्टार्टअप पारिस्थितिकी के अहम क्षेत्रों में अफ्रीकी देशों का एक मूल्यवान भागीदार हो सकता है। गोयल ने यहां 17वीं सीआईआई-एक्जिम बैंक संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एवं अफ्रीकी देशों के बीच व्यापार काफी हद तक संतुलित है। भारत इन देशों का जहां 40 अरब डॉलर का निर्यात करता है, वहीं इन देशों से आयात करीब 49 अरब डॉलर है।

गोयल ने कहा, हम आगे भी इस संबंध एवं भागीदारी को जारी रखना चाहेंगे जिसमें दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की आर्थिक वृद्धि में मददगार साबित हों। भारत एवं अफ्रीकी देश विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय आबादी के लिए किफायती एवं असरदार समाधान लाने में मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा, भारत अफ्रीका के 1.4 अरब लोगों के सपनों को पूरा करने के लिए अपनी तरफ से दोस्ती के रिश्ते को मजबूत करना चाहेगा। आपसी भागीदारी के चार ऐसे क्षेत्र हैं जो अफ्रीका एवं भारत के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर सकते हैं।

उन्होंने आपसी सहयोग के इन


THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Harish Singh S/o of Shri Gusai Singh R/o H.No. 7, Mithapur Village, Badarpur, New Delhi-110044. I have changed my name from Harish Mehra to Harish Singh for all future purpose.
PD(90134)C


## ओडिशा ने नई आईटी नीति पेश की, रोजगार बढ़ाने, निवेश जुटाने पर जोर

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने मंगलवार को राज्य की नई सूचना प्रौद्योगिकी नीति, 2022 की घोषणा की है। इस नीति का उद्देश्य राज्य को आईटी निवेश के प्रमुख गंतव्य के रूप में बदलना और रोजगार सृजन है। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस नीति को मंजूरी देने के बाद संसदीय कार्य मंत्री निरंजन पुजारी ने विधानसभा को नई आईटी नीति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस नीति का उद्देश्य आईटी क्षेत्र में रोजगार और निवेश पैदा करना है। यह गजट अधिसूचना की तारीख से पांच साल तक या इसे किसी अन्य नीति द्वारा बदले जाने तक लागू रहेगी। पुजारी ने कहा कि नीति का मसौदा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा तैयार किया गया है। आईटी नीति में आईटी पार्कों के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। वहीं, निश्चित पूंजी निवेश का 25 प्रतिशत पूंजी सब्सिडी के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा।

# यात्री वाहनों का निर्यात जून तिमाही में 26 प्रतिशत बढ़कर 1,60,263 इकाई पर

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत का** यात्री वाहन निर्यात चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़कर 1.60 लाख इकाई से अधिक रहा है। कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के कारण बीते वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यात्री वाहन निर्यात प्रभावित हुआ था। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में यात्री वाहनों का निर्यात बढ़कर 1,60,263 इकाई पर पहुंच गया।

इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की इसी तिमाही में भारत का वाहन निर्यात 1,27,083 इकाई रहा था। सियाम के आंकड़ों के अनुसार, तिमाही के दौरान यात्री कारों का निर्यात 88 प्रतिशत बढ़कर 1,04,400 इकाई पर पहुंच हुआ। वहीं, इस अवधि के दौरान यूटिलिटी वाहनों का निर्यात 18 प्रतिशत बढ़कर 55,547 इकाई रहा।

समीक्षाधीन तिमाही में वैन का निर्यात सालाना आधार पर घटकर 316 इकाई रह गया। एक साल पहले की इसी अवधि में यह 588 इकाई रहा था। आंकड़ों के अनुसार, तिमाही के दौरान देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया का यात्री वाहनों का निर्यात 53 प्रतिशत बढ़कर 68,987 इकाई पर पहुंच गया।

एक साल पहले समान अवधि में मारुति का निर्यात 45,056 इकाई रहा था। हुंदै मोटर इंडिया का निर्यात 15 प्रतिशत बढ़कर 34,520 इकाई और किआ इंडिया का 21,459 इकाई रहा। निसान मोटर इंडिया का निर्यात 11,419 इकाई और फॉक्सवैगन का 7,146 इकाई रहा।


**PUBLIC NOTICE**

It is hereby notified to the general public by this public notice that Mr. Gautam Malhotra S/o Shri Shiv Kumar Malhotra R/o N-25, Rajouri Garden, New Delhi-110027, had become owner of movable and immovable properties as per the details mentioned in the will dated **23-12-2022,** executed by his cousin sister Rubinder Kaur **(deceased on 18/06/2022),** D/o Captain Mehar Singh age **61 years** R/o 117, Central Avenue, Sainik Farms, Khanpur, New Delhi-110062.
This public notice is being given so that, if anyone has any abjection on the same may contact the undersigned, Gautam Malhotra, N-25, Rajouri Garden, New Delhi-110027

Sd/-
Bharat Kumar, Advocate.
D/1705/2019

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform general public that Mr. Prem Parkash and Mr. Manoj Kumar Bhutani are the owners of Property bearing no. D-102-A/1, area measuring 60 sq. yds., out of khasra no. 33/7, situated in the area of village Possangipur, in the colony known as Uttam Nagar, in Block D, East Uttam Nagar, New Delhi -110059 vide Relinquishment Deed dated 27.06.2007 Doc. No. 13019. Mr. Prem Parkash and Mr. Manoj Kumar Bhutani have misplaced the below mentioned document. a. Original Relinquishment Deed dated 27.06.2007 Doc. No. 13019 executed in favour of Mr. Prem Parkash and Mr. Manoj Kumar Bhutani in respect of the said property Doc. No. 13019. Anyone who find the above said document shall handover the same to Mr. Prem Parkash and Mr. Manoj Kumar Bhutani R/o. Property bearing no. D-102-A/1, village Possangipur, Uttam Nagar, in Block D, East Uttam Nagar, New Delhi -110059 in case anyone has any objection regarding the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172 /9818228636 (M).

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम् सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएँगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL1SN6761, | DL3CAP5756, | DL8SAE6239, |
| DL8SM2433, | DL4CAA8089, | DL9SE4438, |
| WB74B4550, | DL1CQ8936, | DL8SE5882, |
| DL8SY4976, | DDE1052, | DL6SR2792, |
| DL2SK2185, | UA06D4436, | DDF3803, |
| DL8SK3015, | DL8SAG4667, | DL4SNA1336, |
| DL1SA4920, | DL4SBD6237, | DL8SM3426, |
| DL8SE4382, | DL3SAZ1808, | DL4SBH6183, |
| DEE1515, | DL9SM6637, | DL6SZ6841, |
| DBS9255, | DL7SAA3441, | DL4SAW8363, |
| DL8SAX1423, | DL4SBE2686, | DL8SAF0265, |
| UA07A6935, | DL4SAM8821, | DL4SAE3600, |
| DL8CE4740, | DL6SY1897, | DL7SN5640, |
| DL9CB3895, | DL6SZ6302, | DL6SA0691, |
| DL2CAA1421, | DL4SAR6182, | DL4SS1493, |
| DL3CAD4245, | DL3SU6300, | DL4SAS6915, |
| DL9CW1953, | DNM0181, | DL4SQ5748, |
| DL3CR3730, | DL3SP1745, | DL4SAE0741, |
| HR51D7918, | DL3SAN0001, | DL9S7670, |
| DL6SP9053, | DL4SAN6837, | UP16C9373, |
| DL6S7224, | DL4SU4634, | DL8SU4688, |
| DL8SAE6291, | DL4SAW4722, | DL6SZ5459, |
| DL3SAK7528, | DL5SN4354, | HR29M1274, |
| DL2FBG5000, | DL4SAW2901, | DL6SH0473, |
| DL9SD5037, | DL8SD5476, | DL4SAM9609, |
| DL6SF2605, | DL4SAF9236, | DL4SAR1720, |
| HR20F3928, | DL4SX4406, | DL4SW4155, |
| DL6SR5721, | DL6ST0006, | DL4SAM3851, |
| DL3SP1522, | DL3SAE5226, | DL4SAN7165, |
| DL6SP1566, | DL8SJ7891, | DL6SSY4211, |
| DL8SY5281, | DL8SW7732, | DL4SAG0548, |
| DL6SS5885, | DL6SV6029, | DL8SS7574, |
| DL8SAD1247, | DL8SR9472, | DL8SP4706, |
| DDZ6448, | DL8SK3316, | DL8SAE6512, |
| DL8SZ7326, | DL8SP3841, | DL5SQ1073, |
| TN04AH0203, | DL8SAJ3035, | NO REG 18, |
| DL9CK5723, | DL2SA4643, | DL9TC0151, |
| DL4CAB6587, | DL8SF6550, | DL8SAF9508, |
| DL8CL0337, | DL4SAB7611, | DL4SAL5952, |
| DL6CH9887, | DL5S3392, | MH43L11, |
| DL2FQ0008, | DL8SN5296, | DL1LF2754, |
| DL2CL8625, | HR13A7425, | DL8CH7946, |
| DL3CAD0528, | DL4SM4370, | DL3CN8183 |
| PB13BJ3823, | DL6SY5099, | |
| DL2CAG1557, | DL8SAG8493, | |

# ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मंदिर परिसर मामले में कल भी होगी सुनवाई

**भाषा।** वाराणसी

**ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी** मंदिर परिसर मामले में हिंदू पक्ष के एक वादी की दलीलें यहां मंगलवार को जिला जज की अदालत ने सुनी और बृहस्पतिवार को भी यह सुनवाई जारी रहेगी। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता शिवम गौड़ ने बताया कि ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी परिसर मामले में मंगलवार को जिला जज की अदालत में हिन्दू पक्ष के एक वादी राखी सिंह की ओर से अधिवक्ता मान बहादुर सिंह ने दलील रखी। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 21 जुलाई का समय तय किया है। गौड़ ने बताया कि राखी सिंह की ओर से अधिवक्ता मान बहादुर सिंह ने बाकी रह गए प्रश्नों का जवाब अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया। गौड़ के अनुसार मुस्लिम पक्ष जिस उपासना स्थल अधिनियम, वक्फ अधिनियम और काशी विश्वनाथ अधिनियम को लेकर अदालत को भ्रमित और गुमराह करने का प्रयास कर रहा है उस पर अधिवक्ता मान बहादुर सिंह ने स्पष्टीकरण रखा। गौड़ ने बताया कि अगली सुनवाई पर हमारी दलील पूरी हो जाएगी। उनके अनुसार उसके बाद अंजुमन इंतेजामिया अपनी बहस करेगा। गौरतलब है कि हिन्दू पक्ष की वादी राखी सिंह की ओर से सोमवार को गौड़ ने दलील रखी थी। गौड़ ने बताया कि मुस्लिम पक्ष उनके मुकदमे को पोषणीयता योग्य नहीं बता रहा, यह पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम पक्ष बार बार जिस उपासना स्थल अधिनियम, वक्फ अधिनियम और काशी विश्वनाथ अधिनियम की दलील दे रहा है वह उनके मुकदमे में लागू ही नहीं होता।



गौरतलब है कि हिंदू पक्ष के चार अन्य वादियों के वकीलों ने शुक्रवार को दलील दी कि ज्ञानवापी क्षेत्र में आदिविश्वेश्वर (भगवान शिव) स्वयं प्रकट हुए और सदियों से उनकी पूजा की जाती रही है, लेकिन बाद में उनकी मूर्ति को छिपा दिया गया। इन चारों की सुनवाई पूरी हो चुकी है। राखी सिंह तथा अन्य ने ज्ञानवापी परिसर में स्थित श्रृंगार गौरी में विग्रहों की सुरक्षा और नियमित पूजा पाठ के आदेश देने के आग्रह के संबंध में वाराणसी के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में याचिका दायर की थी जिसके आदेश पर पिछले मई माह में ज्ञानवापी परिसर की वीडियोग्राफी सर्वे कराया गया था। इस दौरान हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में शिवलिंग मिलने का दावा किया था। सर्वे की रिपोर्ट पिछली 19 मई को अदालत में पेश की गई थी। मुस्लिम पक्ष ने वीडियोग्राफी सर्वे पर यह कहते हुए आपत्ति की थी कि निचली अदालत का यह फैसला उपासना स्थल अधिनियम 1991 के प्रावधानों के खिलाफ है और इसी दलील के साथ उसने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था। उच्चतम न्यायालय ने वीडियोग्राफी सर्वे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था, लेकिन मामले को जिला अदालत में स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। इसके बाद से इस मामले की सुनवाई जिला अदालत में चल रही है। इस मामले की पोषणीयता पर जिला न्यायाधीश ए. के. विश्वेश की अदालत में दलील पेश की जा रही है और इसी क्रम में मुस्लिम पक्ष ने पहले दलीलें रखीं।

## पुलिस से मुठभेड़ में इनामी पशु तस्कर और सिपाही घायल

**संभल (भाषा)।** संभल के नखासा थाना क्षेत्र में मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रुपए के एक इनामी पशु तस्कर और एक सिपाही घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आलोक जायसवाल ने बताया कि नखासा थाना क्षेत्र में सानी गांव दीपा मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोकने की कोशिश की तो उसने उसपर गोलियां चला दी जिससे आरक्षी राजेश कुमार घायल हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जवाबी फायरिंग की जिससे बदमाश घायल हो गया। उसकी शिनाख्त पशु तस्कर सुलेमान के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि पशु तस्कर पर 25 हजार रुपए का इनाम था। उन्होंने बताया कि विधिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है और घायल बदमाश तथा आरक्षी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## संभल में भगवान शिव की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के मामले में युवक गिरफ्तार

**संभल (भाषा)।** संभल जिले के चंदौसी थाना क्षेत्र में प्राचीन शिव मंदिर में भगवान शिव की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को एक युवक को गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक जायसवाल ने बताया कि चंदौसी थाना क्षेत्र के लोधियान मोहल्ले में सोमवार को प्राचीन शिव मंदिर में भगवान शिव की प्रतिमा को एक युवक ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। उन्होंने बताया कि चंदौसी थाने में युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जनपद न्यायालय माती भवन में स्थापित कराने में इन्द्रपाल सिंह की थी महत्वपूर्ण भूमिका: सम्पत लाल

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जनपद न्यायालय** माती भवन में स्थापित होने में स्वर्गीय इन्द्रपाल सिंह चौहान की है महती भूमिका है इसके लिए कानपुर देहात के अधिवक्ता लायर्स एसोसिएशन कानपुर के पूर्व अध्यक्ष इन्द्रपाल सिंह चौहान के कृतज्ञ है, यह बात एकीकृत बार एसोसिएशन अध्यक्ष सम्पत लाल यादव ने जनपद न्यायालय माती कानपुर देहात के स्थापना दिवस पर आयोजित गोष्ठी में कही। श्री यादव ने कहाकि कानपुर देहात बार एसोसिएशन के संस्थापक महामन्त्री जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के पिता स्वर्गीय इन्द्रपाल सिंह ने सन 2012-13 में लायर्स अध्यक्ष रहते वादकारियों के हित को सर्वोपरि मानते हुए वादकारियों को उनके घर के नजदीक सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने की मन्सा से कानपुर बार एसोसिएशन व लायर्स एसोसिएशन के घोर विरोध के बावजूद जनपद न्यायालय को माती कानपुर देहात भवन में स्थापित होने में महती भूमिका अदा की थी। देहात बार एसोसिएशन के संस्थापक महामन्त्री जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने कहाकि अधिवक्ताओं के चेम्बर निर्माण में कई बार संघ सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहाकि जनपद न्यायालय की नवीन भवन अधिवक्ताओं के चेम्बर निर्माण या चेम्बर भवन हेतु बार संघों के पक्ष में भूमि आवंटन न होने के कारण की जानकारी जनपद न्यायालय सूचनाधिकारी से जनसूचनाधिकार अधिनियम के तहत उन्होंने मांगी तो दी गयी सूचना में बताया गया कि हर एक बार संघ एकल रूप से अपने पक्ष में अधिवक्ताओं के चेम्बर भवन हेतु आरक्षित भूमि को अपने पक्ष में एकल रूप से लीजडीड कराने हेतु प्रयासरत रहा इसी विवाद के कारण किसी बार संघ के पक्ष में चेम्बर भूमि की लीजडीड नहीं हो सकी है। जितेन्द्र चौहान ने कहाकि अब ऐसे में कानपुर देहात में एकल बार की आवश्यकता है नहीं तो अधिवक्ताओ की दशा सुधरने वाली नही।जिला बार एसोसिएशन पूर्व महामन्त्री मुलायम सिंह यादव ने कहाकि अधिवक्ता सोते जागते वादकारियों के हित मे कार्य कर रहा होता है किन्तु कानपुर देहात का अधिवक्ता पिछले 9 वर्षों से आश्वासनों के झुमझुने लिए घूम रहा है जो अधिवक्ताओं की सहनशीलता की चरम पर एक विस्फोटक स्थिति में है।संचालन राजेन्द्र द्विवेदी ने किया। प्रमुख रूप से जिला बार उपाध्यक्ष रमेश चन्द्र सिंह गौर, वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध नारायण त्रिपाठी, अभय यादव भूपेन्द्र सिंह भदौरिया सन्देश पाल अवधेश निर्मल सर्वेन्द्र सिंह योगेन्द्र प्रताप सिंह चौहान प्रदीप सिंह कमल जितेन्द्र बाबू अनूप यादव श्रीप्रकाश पाल महेंद्र सिंह यादव संजय नायक शुभास यादव विश्वनाथ सिंह सद्दाम हुसैन ने गोश्ठी में अपने विचार रखे।

# एलबीएस को उच्च शिखर पर पहुंचाना प्राथमिकता: वर्षा सिंह

**संवाददाता।** गोंडा

**श्री लाल** बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज को शिक्षा के उच्च शिखर पर ले जाना प्रबंध तंत्र की प्राथमिकताओं में है। कालेज को अनुशासन, स्वच्छता एवं शिक्षा में उत्कृष्ट बनाते हुए छात्र छात्राओं को नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा प्रदान की जा रही है। उक्त बातें प्रबंध तंत्र की उपाध्यक्ष सुश्री वर्षा सिंह ने कॉलेज के ललिता सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान मीडियाकर्मियों से कही। इस दौरान कॉलेज की पत्रिका वागर्थ का विमोचन भी हुआ।

उपाध्यक्ष सुश्री सिंह ने मीडियाकर्मियों को बताया कि विगत डेढ़ वर्ष पूर्व उन्हें प्रबंध तंत्र के उपाध्यक्ष का कार्यभार मिला था। इसके बाद से वे निरंतर महाविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास के साथ ही यहां शिक्षा को उच्चीकृत करने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अगले साढ़े तीन वर्ष में यह कॉलेज देवीपाटन मंडल का आदर्श कॉलेज होगा। अपने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल के दौरान हुए कार्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के मुख्य परिसर में हस्त लिखित संविधान स्तंभ, कई नए कक्षों का निर्माण, छात्र-छात्राओं को शिक्षण हेतु फ्री वाईफाई, ओपन जिम, पेयजल हेतु आरओ प्लांट एवम हाइटेक लाइब्रेरी की स्थापना हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि कालेज में सर्वाधिक ऊंचा तिरंगा ध्वज लगवाया जाएगा। जिससे पूरे देवीपाटन मंडल में इसकी अलग पहचान बन सके। साथ ही जिले में इस कालेज को आईटी हब बनाने का प्रयास किया जाएगा। यह भी बताया कि कॉलेज में प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा तथा छात्र-छात्राओं के आर्थिक हित को देखते हुए फीस में कोई बढ़ोतरी हुई है। यह भी कहा कि छात्र-छात्राओं को मोटीवेट करने हेतु पुरातन छात्र-छात्राओं का सम्मेलन आयोजित कराया जाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान कॉलेज प्रबंध तंत्र के सचिव उमेश शाह, प्रबंध तंत्र के सदस्य रविचंद्र त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ आरके पांडेय, पूर्व मुख्य नियंता प्रोफेसर डॉ जितेंद्र सिंह, पूर्व मीडिया प्रभारी प्रोफेसर डॉ शैलेंद्रनाथ मिश्रा व शरद पाठक आदि मौजूद रहे।



वागर्थ पत्रिका का विमोचन करतीं प्रबंध तंत्र की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह व सचिव उमेश शाह

# आईजीआरएस पोर्टल-सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय से हो निस्तारण: डीएम

- कार्यों में लापरवाही बरतने पर तहसील नरैनी व बबेरू के राजस्व निरीक्षक व बबेरू के लेखपाल निलम्बित

**संवाददाता।** बांदा

**जिलाधिकारी** बांदा अनुराग पटेल द्वारा जन सुनवाई के दौरान प्राप्त एवं आईजीआरएस पोर्टल-सीएम हेल्पलाइन आदि के माध्यम से प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण ससमय निस्तारण हेतु जनपद के विभिन्न अधिकारियों चेतावनी पत्र जारी करते हुए सभी का स्पष्टीकरण तलब किया है और भविष्य में ऐसी गलती ना दोहराने पाए इस पर सचेत किया गया है अपर जिलाधिकारी विध्रा, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बांदा, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय प्रभारी अधिकारी, शिकायत कलेक्ट्रेट, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा नगर मजिस्ट्रेट, उप जिला मजिस्ट्रेट सदर समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत, समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारीए नगर पालिका परिषद नगर पंचायत को कड़े निर्देश निर्गत करते हुये भविष्य के लिये चेतावनी देते हुये निर्देशित किया गया कि प्राप्त होने वाली समस्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ससमय निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। जनपद में आईजीआरएस पोर्टल एवं सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण में अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों के प्रति शिथिलता एवं लापरवाही बरतने के आरोपों में ई.ड्रिस्ट्रिक्ट मैंनेजर संविदा राज कुमार सोनी को भविष्य के लिये सचेत करते हुये कठोर चेतावनी निर्गत की गई तथा यह भी सचेत किया गया कि यदि भविष्य में अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीनता बरती जाती है तो संविदा समाप्त करने पर विचार किया जायेगा। जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल द्वारा जनपद के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ताओं द्वारा जन सुनवाई के दौरान जो भी शिकायती प्रार्थना.पत्र प्रस्तुत किये जाते है उनका गुणवत्तापूर्ण ससमय निस्तारण करते हुये शिकायतकर्ता को भी सूचित किया जाये ताकि वहीं शिकायतकर्ता पुन: अपनी शिकायत लेकर उपस्थित न हो। समस्त अधिकारियों को सचेत किया गया कि यदि शिकायतकर्ता उसी शिकायत के सम्बन्ध में दोबारा उपस्थित होता है तो सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुये कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा हदबन्दी, सीमांकन एवं पथरगडी के कार्यो में लापरवाही बरतने के आरोपों में तहसील नरैनी के राजस्व निरीक्षक त्रिवेदीदीन तथा तहसील बबेरू के राजस्व निरीक्षक अकबर खां एवं लेखपाल भैरव प्रसाद को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुये विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गई है।



## सहारनपुर में स्टोन क्रशर के परिचालन और रेत, बजरी आदि की ढुलाई पर 27 जुलाई तक रोक

**सहारनपुर (भाषा)।** सहारनपुर जिले में प्रशासन ने कांवड़ियों की सुरक्षा के दृष्टिगत 20 जुलाई से 27 जुलाई तक स्टोन क्रशर (पत्थर तोड़ने की मशीन) के परिचालन और उपखनिजों की ढुलाई पर रोक लगा दी है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रजनीश कुमार मिश्र ने पीटीआईभाषा को मंगलवार को बताया कि कांवड़ियों की सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद में स्टोन क्रशर के परिचालन और अन्य जिलों से आने वाले उपखनिज (रेत, बजरी, मौरंग, सीमेंट आदि) लदे वाहनों को 20 जुलाई से 27 जुलाई तक पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा।

## बच्चों के विवाद में पड़ोसियों ने बहनों को पीटा

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के फरीदपुर उसरैना में सोमवार की शाम बच्चों-बच्चों के विवाद में आधा दर्जन दबंग परिजनों ने सगी बहनों लाठी डण्डो से पीट पीटकर बेदम कर दिया। गंभीर हालत में एक को उपचार के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार फरीदपुर गांव निवासी अजीम का 18 वर्षीय पुत्री साबरीन व उसकी बड़ी बहन सबीना पत्नी पत्नी शफीक निवासी रोशनपुर थाना अयाना जनपद औरैया जो वर्तमान समय में अपने मायके में ही रह रही है। सोमवार को बच्चों के विवाद को लेकर पड़ोसी रहीम, शलमान, इरफान, इमरान, नौशाद, रूकसाना पत्नी नौसाद, मुस्कान पुत्री रहीम समेत आधा दर्जन लोगों ने साबरीन व उसकी बहन शबीना को बुरी तरह पीट दिया। जिला चिकित्सालय इलाज करा रही साबरीन ने बताया कि 02 जुलाई को शबीना उसकी बड़ी बहन की पुत्री आसिया दो वर्ष को पड़ोसी ने मार दिया था। जब विरोध किया तो उन लोगों ने हम दोनों बहनों को पीटा था कल शाम वह सामान लेने जा रही थी तभी पड़ोसियों ने उसे व उसकी बहन को लात घूसों से पीट दिया।

# बांध की हालत दयनीय, जगह-जगह बने दरार व गड्ढे

**संवाददाता।** करनैलगंज (गोंडा)

**निर्धारित समय** सीमा के एक माह बाद भी एल्गिन-चरसडी व भिखारीपुर-सकरौर बांध की हालत जस की तस बनी हुई है। 52 किलोमीटर लंबे बांध पर हर पचास कदम पर बंधे में दरार और बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। जबकि बांध की मरम्मत कागजों में कराई जा चुकी है।

एल्गिन चरसडी व भिखारीपुर-सकरौराबांध के दो अतिसंवेदनशील स्थलों पर करीब 21 करोड़ रुपये से मरम्मत का कार्य भी कराया जा रहा है। शासन द्वारा बीते 15 जून तक बांध की मरम्मत व रखरखाव पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। मगर जुलाई माह का आधा महीना बीतने को है अब तक बांध पर बने बड़े बड़े गड्ढों को कोई देखने तक नही पहुंचा है। बाढ़ खंड एवं सिंचाई विभाग की लापरवाही आने वाले समय में क्षेत्र के लिए मुसीबत बन सकती है। घाघरा (सरयू) का जलस्तर लगातार धीरे धीरे बढ़ता जा रहा है और बाढ़ का रूप विकराल होता जा रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बरसात के चलते पहाड़ी नालों एवं विभिन्न बैराजों से छोड़े जा रहे पानी से घाघरा के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। वही बांध को बचाने की कवायद महज कागजों तक सीमित दिखाई दे रही है। पिछले वर्ष जहां बांध में कटान शुरू हुई मात्र उस उस स्थल पर मरम्मत का कार्य चलाया जा रहा है। बाकी ग्राम काशीपुर, परसावल, बांसगांव, नकहरा, नैपूरा, रायपुर के सामने एल्गिन चरसडी बांध पर जबरदस्त गड्ढे बने हुए हैं। जिस पर साइकिल से भी चलना दूभर है। बड़े-बड़े गड्ढों से बांध को खतरा है। बालू से बनाए गए बांध में जगह जगह पिछले वर्ष हुई बरसात में जो गड्ढे बन गए थे वह अभी तक बरकरार हैं। गड्ढों को देखने से यह प्रतीत होता है कि बांध की मरम्मत तो दूर कोई भी अधिकारी देखने तक नहीं आया है। बांध पर बसे बाढ़ पीड़ितों में सुखलाल, जय राम, बुधराम, माधव राज, विटाना, लक्ष्मी आदि का कहना है कि जब बाढ़ आती है तब अधिकारी देखने आते हैं। बाकी बीते वर्ष से अब तक बांध को कोई देखने नहीं आया है और घाघरा (सरयू) का पानी अब तेजी से बढ़ने लगा है। जिससे पानी अधिक बढ़ा तो बांध को खतरा उत्पन्न हो सकता है और सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं। वहीं बाढ़ खण्ड के सहायक अभियंता अमरेश कुमार सिंह बताते हैं कि बांध पर बने गड्ढों को सही कराया जा चुका है। बांध पूरी तरह सुरक्षित है। बाढ़ खण्ड के अवर अभियंता रवि वर्मा कहते हैं कि इस वर्ष हुई बरसात से बांध पर जो रैंनकट्स हुए हैं, उन्हें जल्द ही सही कराया जाएगा।

## लाल निशान को छूने को बेताब है घाघरा

**करनैलगंज (गोंडा)।** घाघरा का जलस्तर खतरे के निशान से मात्र 36 सेंटीमीटर नीचे है। घाघरा का पानी लगातार बढ़ रहा है। घाघरा का जलस्तर खतरे के निशान 106.07 के सापेक्ष 105.716 पर बह रही थी। लगातार विभिन्न बैराजों से पहाड़ी नालों का पानी सरयू (घाघरा) में छोड़ा जा रहा है। बताया जा रहा है कि पहाड़ों पर हो रही बरसात का पानी बैराजों के माध्यम से नदी में छोड़ा जा रहा है। अभी गोंडा व आसपास के जिलों में बरसात नही हुई है, उसके बावजूद नदी का जलस्तर बढ़ रहा है यदि आसपास के जिलों में बारिश शुरू होगी तो स्थिति बिगड़ सकती है।

# कम्पोजिट विद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार ने मंगलवार को विकास खंड झंझरी के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय लक्ष्मणपुर जाट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय के कक्षा 6, 7 व 8 में जाकर बच्चों से विद्यालय में हो रही पढ़ाई के बारे में जानकारी ली तथा बच्चों से भारत के नक्शे के बारे में पूछा। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने दूसरे क्लास में जाकर वहां के बच्चों से 9 से 12 तक के पहाड़ा के बारे में जानकारी ली तथा बच्चों ने डीएम को पहाड़ा भी सुनाया। इसके बाद जिलाधिकारी ने कक्षा तीन में जाकर ब्लैक बोर्ड पर लिखकर बच्चों को पढ़ाया तथा वहां पर उपस्थित प्रधानाध्यापिका एवं अन्य अध्यापक को निर्देश दिए हैं कि बच्चों को बहुत ही अच्छी तरह से पढ़ाया जाए और इनके खान-पान पर विशेष ध्यान रखा जाय तथा सभी बच्चों को प्रेरित किया जाय कि सभी बच्चे स्कूल के ड्रेस में पढ़ने आये। इसके साथ ही डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर वहां पर बच्चों को पढ़ा रही आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका से बच्चों के संबंध में पूछताछ की और निर्देशित किये की यहां पर पढ़ रहे बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाय एवं बच्चों को मिलने वाली सारी सुविधाएं समय से मुहैया कराई जाय। इसमें किसी ने किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



कम्पोजिट विद्यालय लक्ष्मणपुर जाट का निरीक्षण करते डीएम डॉ उज्ज्वल कुमार

## दलित छात्राओं की पोशाक उतरवाने के मामले में दो शिक्षिकाओं के खिलाफ प्राथमिकी, निलंबित

**भाषा।** हापुड़

**हापुड़ जिले** के एक प्राथमिक विद्यालय की दो दलित छात्राओं की स्कूल पोशाक उतरवाने के मामले में दो शिक्षिकाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और उन्हें निलंबित कर दिया गया है। पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार 11 जुलाई को धौलाना तहसील के दहीरपुर में प्राथमिक विद्यालय में दो शिक्षिकाओं --सुनीता और वंदना ने कक्षा चार की दो दलित लड़कियों को अपनी पोशाक उतारकर दो अन्य छात्राओं (जो स्कूल की पोशाक में नहीं थीं) को फोटो खिंचवाने के लिए देने को कहा था। इन दोनों दलित छात्राओं के परिजनों ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि अध्यापिका सुनीता तथा वंदना ने उनकी बेटियों की पोशाक उतरवाया था और उसे अन्य छात्राओं को पहनाकर फोटो खिंचवाई थी।

अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सर्वेश मिश्रा ने बताया कि इस तहरीर के आधार पर सोमवार को भारतीय दंड संहिता की धाराओं 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 504 (जानबूझकर अपमान), 166 (लोक सेवक कानून की अवहेलना), 505 (सार्वजनिक तौर पर शरारत), 355 (किसी का अनादर करने के लिए बल प्रयोग) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत अध्यापिकाओं के खिलाफ कपूरपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अर्चना गुप्ता ने कहा कि घटना को संज्ञान में लेते हुए पांच दिन पहले दोनों अध्यापिकाओं को निलंबित कर दिया गया और इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी को जांच के आदेश दिए गए हैं।

# कूड़ा गाड़ी में मोदी और योगी की तस्वीरें ले जाने के बाद बर्खास्त सफाई कर्मी की सेवा बहाल

**भाषा।** मथुरा

**मथुरा जिले** में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरें कथित रूप से कूड़ा गाड़ी से ले जाए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद नगर निगम से बर्खास्त किए गए एक सफाईकर्मी को मंगलवार को बहाल कर दिया गया है। नगर आयुक्त अनुनय झा ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि पूरी स्थिति तथा सफाई कर्मी और उसके परिवार की मांग पर पर विचार करने के बाद उसे चेतावनी देते हुए पुन: काम पर ले लिया गया है। मथुरावृन्दावन नगर निगम के अपर नगर आयुक्त सत्एन्द्र कुमार तिवारी ने रविवार को बताया था कि जनरल गंज क्षेत्र में कार्यरत सफाईकर्मी बॉबी द्वारा कूड़ा गाड़ी में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की तस्वीरें ले जाए जाने का वीडियो वायरल हुआ था।

तिवारी ने बताया था कि सफाई कर्मचारी ने कूड़े से उन तस्वीरों को नहीं निकाल कर गलती की, जिस कारण उसकी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गईं हैं। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि नगर निगम में संविदा पर कार्यरत सफाईकर्मी बॉबी कूड़ा एकत्र कर रहा था। इस बीच किसी ने सा2398ी-सफाई करने के दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की तस्वीर कूड़े में डाल दीं, जिन्हें देख कुछ लोगों ने आपत्ति करते हुए बॉबी से वादविवाद शुरु कर दिया। इस पर दोनों पक्षों में झगड़ा होने लगा। तभी कुछ लोगों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर बॉबी से कहकर तत्काल उन तस्वीरों को कूड़े की ट्रॉली से हटवा दिया लेकिन तब तक किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया जो वायरल हो गया। दूसरी ओर, बॉबी का कहना है कि उसने तो अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए कूड़ा इकट्ठा कर ट्रॉली में डाला था। उसके अनुसार कूड़े के साथ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की तस्वीरें भी आ गई तो इसमें उसकी क्या गलती है। निगम की इस कार्यवाही के बाद यह मामला चर्चा में आ गया और लोगों ने निगम का ही दोष निकालना शुरू कर दिया। लोगों की आपत्तियों एवं सफाई कर्मी के माफीनामे के बाद निगम के अधिकारियों ने इस मामले पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर निर्णय लेने की जानकारी दी। निगम द्वारा सफाई कर्मी को बहाल किए जाने के निर्णय पर सफाईकर्मी नेता उत्तम चंद्र सहजना आदि ने हर्ष व्यक्त किया है तथा सभी सफाईकर्मियों को भविष्य में यह ध्यान रखने की कड़ी हिदायत दी है कि राष्ट्रीय नेताओं अथवा प्रतीकों के साथ इस प्रकार की अवमानना जैसी घटना फिर कभी न हो।

## शासन के निर्देश की माफिया जमकर उड़ा रहे धज्जियां

**किशनपुर (फतेहपुर)।** थाना क्षेत्र में प्रजनन काल में रोक के बावजूद भी मछली का शिकार धड़ल्ले से किया जा रहा है और यह सब पुलिस के नाक के नीचे हो रहा है और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं है या फिर यह कहें कि पुलिस की मिलीभगत से यह पूरा खेल खेला जा रहा है। जुलाई और अगस्त के महीने में मछली गर्भ से होती है इस दौरान शासन द्वारा मछली के शिकार में पूरी तरीके से रोक लगा दी जाती है और अगस्त माह के बाद ही मछली का शिकार होता है, लेकिन यहां शासन के निर्देश की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और रोक के बावजूद भी धड़ल्ले से मछली का शिकार किया जा रहा है। किशनपुर थाना क्षेत्र के मडौली, असहट, एकडला, गंज, गढ़ा समेत कई जगहों पर भारी मात्रा में मछली का शिकार किया जा रहा है और सुबह से ही गाड़ियां मछलियों को लेकर रास्ते में फर्राटा भरती हैं और पुलिस है कि पूरे मामले से अनभिज्ञ बनी बैठी है। सूत्रों की माने तो मछली के कारोबारियों द्वारा पुलिस से सांठगांठ कर मछली का शिकार कराया जा रहा है यही कारण है कि शासन के रोक के बावजूद भी मछली के शिकार पर रोक लग पाना नामुमकिन हो गया है तो वहीं दूसरी ओर कई जगह पर मछली शिकार को लेकर मछली कारोबारियों में तनातनी का माहौल है। सूचना के अनुसार रविवार की देर शाम मछली कारोबारियों में शिकार को लेकर हवाई फायरिंग भी की गई खैर कुछ भी हो पर प्रजनन काल में मछली का शिकार कहीं ना कहीं शासन के निर्देशों की धज्जियां उड़ाना है। वही जहां एक और मछुआ समिति के कार्यकर्ता दिखावटी रूप से उच्च अधिकारियों से शिकायत कर मछली के शिकार पर रोक लगाए जाने की बात करते हैं तो वहीं दूसरी ओर वही लोग मिलीभगत कर मछली का शिकार कराते हैं और शासन को बखूबी बेवकूफ बनाने का काम कर रहे हैं।

# भारोत्तोलकों से एक बार फिर होगी कई पदक की उम्मीद

भाषा। नई दिल्ली

## राष्ट्रमंडल खेल 28 से बर्मिंघम में


मीराबाई चानू

**भारत नए नियम के** कारण अपने भारोत्तोलकों के भार वर्ग में बदलाव करके फायदा नहीं उठा पाया है लेकिन इसके बावजूद मीराबाई चानू की अगुआई में देश के 15 सदस्ईय मजबूत दल से बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में काफी पदक जीतने की उम्मीद है। राष्ट्रमंडल खेल हों या राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप इन दोनों ही प्रतियोगिताओं में भारतीय भारोत्तोलकों की झोली में काफी पदक होते हैं। भारत 1990, 2002 और 2018 में भारोत्तोलन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला देश रहा है। राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में इस खेल में भारत 125 पदक के साथ दूसरा सबसे सफल देश है। इन खेलों की भारोत्तोलन स्पर्धा में उससे अधिक पदक सिर्फ आस्ट्रेलिया (159) ने जीते हैं। पिछले कुछ टूर्नामेंट में हालांकि आस्ट्रेलिया का दबदबा कम हुआ है। गोल्ड कोस्ट में 2018 में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के भारोत्तोलकों का दबदबा रहा जिन्होंने पांच स्वर्ण सहित नौ पदक जीते। इस साल भी सभी 15 भारोत्तोलक पदक जीतने में सक्षम हैं। इनमें से हालांकि कुछ से ही स्वर्ण पदक की उम्मीद है। महिला स्पर्धा में भारत के अधिक स्वर्ण पदक जीतने की संभावना के लिए भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएलएफ) और मुख्य कोच विजय शर्मा ने तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता चानू को 55 किग्रा भार वर्ग में उतारने की योजना बनाई थी। चानू का राष्ट्रमंडल खेलों में पदक पक्का माना जा रहा है। इली डालबेहड़ा और एस बिंदियारानी देवी को क्रमश: 49 किग्रा और 59 किग्रा वर्ग में जबकि पोपी हजारिका को 64 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेना था। इनकी प्रविष्टियों को हालांकि नए नियम के आधार पर खारिज कर दिया गया जिसके अनुसार किसी वर्ग में सिर्फ शीर्ष रैंकिंग वाला भारोत्तोलक ही राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई करेगा। अगर वह हटता है तो अगले सर्वश्रेष्ठ भारोत्तोलक को उसकी जगह नहीं दी जाएगी। इस नियम के कारण चानू (49 किग्रा), बिंदियारानी (55 किग्रा) और पोपी (59 किग्रा) को एक भार वर्ग नीचे चुनौती पेश करनी पड़ेगी जबकि झिली राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा नहीं ले पाएंगी और 64 किग्रा वर्ग में भारत का कोई प्रतिनिधित्व नहीं होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि इन खेलों में सभी की नजरें चानू पर टिकी होंगी। पूर्व विश्व चैंपियन चानू का महिला 49 किग्रा वर्ग में निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 207 किग्रा (88 किग्रा और 119 किग्रा) जो राष्ट्रमंडल खेलों में इस वर्ग में प्रतिस्पर्धा पेश करने वाली दूसरी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी से 39 किग्रा अधिक है। तीसरा राष्ट्रमंडल पदक जीतने के लिए चानू को सिर्फ दो वैध भार उठाने होंगे, एक स्नैच में और एक क्लीन एवं जर्क में। चानू की निकटतम प्रतिद्वंद्वी नाइजीरिया की स्टेला किंग्सले का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सिर्फ 168 किग्रा (72 किग्रा और 96 किग्रा) है। राष्ट्रमंडल खेलों में पहले ही एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीत चुकी चानू की नजरें हालांकि क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा के अपने विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने और स्नैच में 90 किग्रा वजन के आंकड़े को छूने पर टिकी होंगी। अन्य भारतीय भारोत्तोलकों को हालांकि नाईजीरिया और मलेशिया के भारोत्तोलकों से क्रमश: महिला और पुरुष वर्ग में कड़ी चुनौती मिलेगी। युवा ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता जेरेमी लालरिनुंगा (67 किग्रा) की पदार्पण करते हुए स्वर्ण पदक जीतने की संभावनाओं में इजाफा हुआ है क्योंकि इस वर्ग में खिताब के प्रबल दावेदार पाकिस्तान के ताल्हा तालिब प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद निलंबित हैं। पदक के दो अन्य दावेदार पदार्पण कर रहे अचिंता श्युली (73 किग्रा) और अजय सिंह (81 किग्रा) हैं। दोनों ने दिसंबर में राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। जूनियर विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अचिंता का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 316 किग्रा (143 किग्रा और 173 किग्रा) है और उन्हें मलेशिया के एरी हिदायत को पछाड़ना होगा जिन्होंने भारतीय खिलाड़ी के बराबर वजन उठाया है। दूसरी तरफ अजय के पास आस्ट्रेलिया के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी काइल जॉन रेयान क्रिस्टोफर पार्क ब्रूस को पछाड़ने का अच्छा मौका होगा जिनसे उन्होंने छह किग्रा अधिक वजन उठाया है। चानू के अलावा भारतीय दल में पिछले राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता पी गुरुराज (61 किग्रा), अनुभवी विकास ठाकुर (96 किग्रा) और पूनम यादव (76 किग्रा) भी शामिल हैं। भारत पहली बार पूर्णिमा पांडेय (87 किग्रा से अधिक) और गुरदीप सिंह (109 किग्रा से अधिक) के रूप में शीर्ष भार वर्ग में खिलाद्धड़यों को उतारेगा। राष्ट्रमंडल खेल भारतीय भारोत्तोलकों के लिए पदक जीतने का संभवत: सबसे आसान मंच हैं ।

**टीमः महिलाः** मीराबाई चानू (49 किग्रा), बिंदियारानी देवी (55 किग्रा), पोपी हजारिका (59 किग्रा), हरजिंदर कौर (71 किग्रा), पूनम यादव (76 किग्रा), ऊषा कुमारी (87 किग्रा) और पूर्णिमा पांडे (87 किग्रा)। **पुरुषः** संकेत सागर (55 किग्रा), गुरुराज पुजारी (61 किग्रा), जेरेमी लालरिनुंगा (67 किग्रा), अचिंता श्युली (73 किग्रा), अजय सिंह (81 किग्रा), विकास ठाकुर (96 किग्रा), लवप्रीत सिंह (109 किग्रा), गुरदीप सिंह (109 किग्रा)

### राष्ट्रमंडल खेलों के 12 लाख टिकट बिके, भारत-पाक क्रिकेट मैच होगा आकर्षण का केंद्र

**नई दिल्ली।** बर्मिंघम मे 28 जुलाई से शुरू हो रहे राष्ट्रमंडल खेलो के 12 लाख टिकट बिक चुके है और आयोजको का कहना है कि स्थानीय जनता भारत और पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीमो के बीच होने वाले मैच मे काफी रूचि ले रही है। महिला क्रिकेट राष्ट्रमंडल खेलो मे पदार्पण करने जा रहा है और भारत-पाकिस्तान का मुकाबला 31 जुलाई को होगा। बर्मिंघम मे भारत और पाकिस्तान मूल के काफी लोग रहते है। बर्मिंघम खेलो के सीईओ इयान रीड ने पीटीआई से कहा कि सेमीफाइनल और फाइनल के टिकट बिक चुके है और भारत-पाकिस्तान मैच मे भी स्टेडियम पूरा भरा रहने की उम्मीद है। उन्होने कहा , मै खुद क्रिकेट का मुरीद हूं।भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप मे है तो यहां लोगो की उस मैच मे काफी दिलचस्पी है। भारतीय पुरूष टीम हाल ही मे यहां खेलकर गई है और अब यह मैच आकर्षण का केंद्र होगा। सेमीफाइनल और फाइनल के टिकट बिक चुके है। उम्मीद है कि भारत और इंग्लैंड उसमे खेलेगे। भारत और पाकिस्तान मैच के टिकट भी लगभग बिक चुके है। लंदन ओलंपिक 2012 के बाद इंग्लैड मे सबसे बड़े खेल आयोजन मे 72 राष्ट्रमंडल देशो के 5000 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है।

### हर्षदा को एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** तेजी से उभरती हुई भारतीय भारोत्तोलक हर्षदा गरूड़ ने ताशकंद में एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैम्पियनशिप मे महिलाओ का 45 किग्रा वर्ग का स्वर्ण पदक जीता। भारत की इस 18 वर्षीय भारोत्तोलक ने सोमवार को कुल 157 किग्रा (69 किग्रा और 88 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने मई मे जूनियर विश्व चैंपियनशिप मे खिताब जीतने के दौरान उठाए 153 किग्रा (70 किग्रा और 83 किग्रा) वजन से चार किलो वजन अधिक उठाया। भारत की सौम्या दलवी ने 45 किग्रा युवा वर्ग मे कांस्य पदक जीता। युवा विश्व चैंपियनशिप की इस कांस्य पदक विजेता ने 145 किग्रा (63 किग्रा और 82 किग्रा) भार उठाया। पुरूषो के 49 किग्रा युवा वर्ग मे एल धनुष ने 85 किग्रा वजन उठाकर स्नैच वर्ग मे कांस्य पदक जीता।

### साबले विश्व चैंपियनशिप के 3000 मीटर स्टीपलचेज फाइनल में 11वें स्थान पर रहे

भाषा। यूजीन

**भारत के** अविनाश साबले विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के चौथे दिन यहां निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा के फाइनल में 11वें स्थान पर रहे। इस 27 वर्षीय भारतीय धावक ने आठ मिनट 31.75 सेकेंड का समय लिया जो आठ मिनट 12.48 सेकेंड के उनके सत्र और निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आसपास भी नहीं है। उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। यहां हालांकि विश्व चैंपियनशिप के इतिहास का सबसे धीमा 3000 मीटर स्टीपलचेज फाइनल रहा जिसमें तीनों पदक विजेताओं ने अपने सत्र और निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी अधिक समय लिया। धावकों ने पदक को ध्यान में रखते हुए रणनीति के साथ फाइनल में हिस्सा लिया। सात मिनट 58.28 सेकेंड का सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मोरक्को के ओलंपिक चैंपियन सोफियान अल बक्काली ने आठ मिनट 25.13 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। इथोपिया के लामेच गिरमा (सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सात मिनट 58.68 सेकेंड) ने आठ मिनट 26.01 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया।

### कोंकाकाफ महिला चैम्पियनशिप में जमैका तीसरे स्थान पर

**मोंटेरी।** कलिसा वैन जांटेन के अतिरिक्त समय मे किए गए गोल के दम पर जमैका ने कोंकाकाफ (उत्तरी, मध्य अमेरिका और कैरेबियाई देशो के फुटबॉल संघ का परिसंघ) महिला चैम्पियनशिप मे कोस्टा रिका को 1-0 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल मैच मे हार का सामना करने वाली टीमो का यह मैच काफी करीबी रहा और नियमित समय मे कोई भी टीम गोल नही कर सकी। मैच के 99वे मिनट मे मैदान मे उतरने वाली जांटेन ने तीन मिनट के अंदर ही इयू स्पेस के पास को गोल मे पहुंचा दिया।

### नासिर ने क्रिकेट कार्यक्रम को मजाक करार दिया

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम की आलोचना करते हुए इसे खिलाड़ियों के लिए काफी थका देने वाला करार दिया। हुसैन की यह प्रतिक्रिया इंग्लैड को 2019 मे विश्व कप का खिताब दिलाने मे अहम भूमिका निभाने वाले हरफनमौला बेन स्टोक्स के एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास की घोषणा करने के बाद आई है।

### दूसरी वरीय झैंग और सोरिबेस दूसरे दौर में

**पालेर्मो।** चीन की तीसरी वरीय झैंग शुआई ने दूसरे सेट मे विषम परिस्थितियो से उबरते हुए सोमवार को यहां पालेर्मो लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर मे जगह बनाई। दूसरे सेट की शुरुआत मे झैंग ने दो बार सर्विस गंवाई लेकिन इसके बाद वापसी करते हुए स्पेन की रेबेका मसारोवा को 7-6 (3), 7-6 (7) से हराने मे सफल रही। झैंग दूसरे दौर मे जैस्मिन पाओलिनी से भिड़ेंगी। इटली की खिलाड़ी ने पहले दौर मे अन्ना कैरोलिन स्मीडलोवा को 6-3, 6-1 से हराया।

### इटली को हराकर बेल्जियम यूरो 2022 क्वार्टर फाइनल में

**मैनचेस्टर।** बेल्जियम ने सोमवार को यहां इटली को 1-0 से हराकर उलटफेर करते हुए पहली बार महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाई। विजेता टीम की ओर से मैच का एकमात्र गोल टाइन डि केग्नी ने 49वें मिनट मे किया। बेल्जियम को इसके बाद पहले ही अंतिम आठ मे प्रवेश कर चुके फ्रांस और आइसलैंड के बीच मैच के नतीजे का इंतजार करना पड़ा। यह मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के साथ ही बेल्जियम ने अंतिम आठ मे जगह बनाई जबकि आइसलैंड की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

### खाचानोव, क्रेसिकोवा हैम्बर्ग यूरोपीय ओपन के दूसरे दौर में

**हैम्बर्ग।** करेन खाचानोव ने दो मैच प्वाइंट बचाते हुए सोमवार को यहां हैम्बर्ग यूरोपीय ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरूष एकल के दूसरे दौर मे प्रवेश किया जबकि महिला एकल मे बारबरा क्रेसिकोवा भी पहले दौर का मुकाबला जीतने मे सफल रही। सातवें वरीय खाचानोव ने यान लेनार्ड स्ट्रफ को पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-6, 6-3, 7-6 (2) से हराया। एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने उलटफेर करते हुए पांचवे वरीय बोटिक वान डि जेंडशुल्प को सीधे सेट मे 6-4, 6-4 से हराया।

### प्लेस्टेशन में भी लंकाशर की टीम ही चुनता था: वाशिंगटन

**लंदन।** वाशिंगटन सुंदर लंकाशर के साथ खेलने के दौरान दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन से सीखने को लेकर उत्साहित है और उन्होने कहा कि वह अपने प्लेस्टेशन पर खेलने के दौरान भी इसी टीम को चुनते थे। पिछले साल जुलाई मे अंगुली मे चोट लगने के बाद 22 साल के वाशिंगटन इंग्लैड की काउंटी टीम के साथ खेलकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट मे वापसी करेंगे।

# कोहली की मदद करने को तैयार गावस्कर



● अगर मैं कोहली के साथ 20 मिनट बिता सका तो इससे उन्हें लाभ होगा


नोएडा के मैडम टूसाड म्यूजियम में विराट कोहली की वैक्स की प्रतिमा लगी

भाषा। नई दिल्ली

**भारत के पूर्व** दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर को लगता है कि वह खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली की आफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर कमजोरी को दूर करने में मदद कर सकते हैं। खराब लय चल रहे कोहली ने 2019 के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में शतक नहीं लगाया है। इंग्लैंड के हालिया दौरे पर छह पारियों (टेस्ट , टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय) में सिर्फ 76 रन बना सके। गावस्कर ने कहा, अगर मुझे कोहली के साथ 20 मिनट का समय मिले तो शायद मैं चीजों को कुछ ठीक कर सकूं। मैं यह नहीं कह रहा हूं मैं उनकी मदद करूंगा लेकिन खासकर ऑफ स्टंप की बाहर जाती गेंदों के साथ उनकी परेशानी को दूर कर सकता हूं। उन्होंने खुद का जिक्र करते हुए कहा, एक सलामी बल्लेबाज के तौर पर आप ऐसी गेंदों पर काफी परेशानी का सामना करते हैं, ऐसे में आप इससे निपटने के लिए काफी कुछ करते हैं। कोहली के साथ यह भी परेशानी हो रही है कि वह अपनी पहली गलती पर ही आउट हो जा रहे हैं। वह बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे इसलिए हर गेंद पर रन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में बल्लेबाज उन गेंदों पर भी रन बनाने के बारे में सोचता है जिसे वह आमतौर पर छोड़ देता है। गावस्कर ने इस मौके पर इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में जिम्मेदारी से बल्लेबाजी करने के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की तारीफ की। पंत ने दक्षिण अफ्रीका में जो गलतियां की थी उससे उन्होंने सीख ली है।

### विराट की प्रतिबद्धता और ऊर्जा का कायल हूंः स्टोक्स

**लंदन।** इंग्लैड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि मैदान पर उनकी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के वह हमेशा से कायल रहे है। स्टोक्स ने सोमवार को वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया था जिसके बाद कोहली ने उन्हे सबसे प्रतिस्पर्धी प्रतिद्वंद्वी बताया था।स्टोक्स ने स्काइ स्पोर्ट्स से कहा , विराट क्रिकेट के तीनों प्रारूपो मे महानतम खिलाड़ियो मे से एक रहेगे। वह शानदार खिलाड़ी है। उसके जैसे खिलाड़ी के खिलाफ खेलने मे मुझे बहुत मजा आता है। खेल मे उनकी ऊर्जा और प्रतिबद्धता का मै हमेशा से कायल रहा हूं। उसके जैसे खिलाड़ी के खिलाफ खेलने से पता चलता है कि इसके क्या मायने है।

### वॉर्नर की कप्तानी पर लगा प्रतिबंध खत्म करें :चैपल

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल ने मंगलवार को कहा कि डेविड वॉर्नर की कप्तानी पर लगा आजीवन प्रतिबंध खत्म कर देना चाहिए क्योंकि इस स्टार बल्लेबाज मे आस्ट्रेलिया का सफल कप्तान बनने की क्षमता है। दक्षिण अफ्रीका मे 2018 के गेंद से छेड़खानी मामले के कारण वॉर्नर, स्टीव स्मिथ और कैमरन बेनक्रॉफ्ट को प्रतिबंध झेलना पड़ा है। वॉर्नर और स्मिथ पर एक साल का और बेनक्रॉफ्ट पर नौ महीने का प्रतिबंध लगाया गया। स्मिथ से कप्तानी छीन ली गई और दो साल के लिए कप्तानी पर प्रतिबंध लगा दिया गया जबकि वॉर्नर पर कप्तानी के लिए आजीवन प्रतिबंध लगाया गया। चैपल ने फॉक्स स्पोर्टस न्यूज से कहा , जो कुछ हुआ, उसमे उसकी मुख्य भूमिका थी लेकिन सिर्फ उसी की भूमिका नही थी।

# स्थगित हुए एशियाई खेलों का आयोजन 2023 में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक

भाषा। कुवैत सिटी–बीजिंग

**स्थगित हुए** एशियाई खेलों का आयोजन 2023 में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक किया जाएगा। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने मंगलवार को यह घोषणा की। एशियाई खेलों के 19वें सत्र का आयोजन इस साल 10 से 25 सितंबर तक होना था लेकिन चीन में कोरोना वायरस मामले के बढ़ने के बाद इस साल छह मई को इन खेलों को स्थगित कर दिया गया था। कार्यबल ने पिछले दो महीनों में चीन ओलंपिक समिति , हांग्जो एशियाई खेलों की आयोजन समितिऔर अन्य हितधारकों के साथ खेलों के आयोजन के लिए उपयुक्त समय ढूंढने काफी विचार–विमर्श किया। इन खेलों के आयोजन को अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की तारीखों से अलग रखना था। उन्होंने बताया, कार्यबल द्वारा अनुशंसित तिथियों को ओसीए ईबी द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। आयोजकों ने दावा किया कि एशियाई खेलों की तारीख किसी अन्य बड़े आयोजन से नहीं टकराएंगी लेकिन 2023 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप की तारीख इस स्पर्धा की शुरुआती तिथि से टकरा रही है। ओलंपिक क्वालीफाइंग स्पर्धा विश्व चैम्पियनशिप का आयोजन रूस के कार्सनोयार्क्स में 16 से 24 सितंबर तक होगा। विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों में भाग लेने वाले पहलवानों को बहुत कम दिनों के अंतराल में दो बड़े खेल आयोजनों में भाग लेना होगा। यह प्रतिद्वंद्वी के साथ संपर्क वाले खेल के लिए आदर्श स्थिति नहीं है। भारतीय पहलवानों को बहुत कम समय के अंदर रूस से चीन पहुंचना होगा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) संशोधित कार्यक्रम से संतुष्ट नहीं है। डब्ल्यूएफआई के महासचिव विनोद तोमर ने कहा, विश्व चैम्पियनशिप ओलंपिक क्वालीफाइंग स्पर्धा होगी, ऐसे यूडब्ल्यूडब्ल्यू (वैश्विक कुश्ती संचालक) इसके लिए कैसे तैयार हुआ।

### लॉस एंजिलिस ओलंपिक 14 जुलाई 2028 से शुरू होंगे



**लॉस एंजिलिस।** लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 की छह साल की उलटी गिनती शुरू हुई और इस दौरान शहर में खेलो की वापसी की तारीख की घोषणा की गई। उद्घाटन समारोह 14 जुलाई को होगा जबकि स्पर्धाएं 30 जुलाई तक चलेंगी। पैरालंपिक खेलो का आयोजन 15 से 27 अगस्त तक किया जाएगा। पांच बार की ओलंपिक पदक विजेता तैराक और लॉस एंजिलिस की मुख्य एथलीट अधिकारी जेनेट इवान्स ने कहा, इसके साथ ही सभी खिलाड़ी अपने लॉस एंजिलिस 2028 सपने को साकार करने के लिए सक्रिय रूप से ट्रेनिंग शुरू कर देंगे। लॉस एंजिलिस इससे पहले 1984 और 1932 मे ओलंपिक खेलो की मेजबानी कर चुका है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक भी इस दौरान मौजूद थे। उन्होने भविष्य के आयोजन स्थलो का दौरा किया और लॉस एंजिलिस 2028 खेलो के अधिकारियो से मिले। मै लॉस एंजिलिस 2028 टीम की प्रगति और रचनात्मकता से बेहद प्रभावित हूं। उन्होने कहा, वे ओलंपिक खेलो की ताकत का इस्तेमाल करके युवाओ को खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रहे है।

# नीना वेंकटेश का 50 मीटर बटरफ्लाइ में नया रिकॉर्ड

● जूनियर राष्ट्रीय तैराकी

भाषा। भुवनेश्वर

तैराक नीना वेंकटेश ने जूनियर राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप में मंगलवार को 50 मीटर बटरफ्लाइ ग्रुप एक बालिका वर्ग में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। कर्नाटक में जन्मी इस तैराक ने 28 . 27 सेकंड की टाइमिंग निकालकर अपना ही 28 .51 का रिकॉर्ड तोड़ा जो उन्होंने पिछले साल बेंगलुरू में बनाया था। बंगाल की निलाबजा घोष दूसरे और पंजाब की जसनूर कौर तीसरे स्थान पर रही। वहीं ग्रुप दो बालिका वर्ग में कर्नाटक की धिनिधि ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 29 . 45 सेकंड का तनीशी गुप्ता का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा। तनीशी को रजत और महाराष्ट्र की अनन्या नायक को कांस्य पदक मिला। लड़कों के 200 मीटर बैकस्ट्रोक ग्रुप एक में कर्नाटक के उत्कर्ष संतोष पाटिल को स्वर्ण, गुजरात के देवांश परमार को रजत और तमिलनाडु के नितिक एच को कांस्य पदक मिला। लड़कियों के 200 मीटर बैकस्ट्रोक ग्रुप एक में कर्नाटक की रिधिमा वीरेंद्र कुमार ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

# अनीश-रिद्धम का कांसे पर निशाना

● निशानेबाजी विश्व कप




भाषा। चांगवन

युवा निशानेबाजों अनीश भानवाला और रिद्धम सांगवान ने मंगलवार के यहां आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने कांस्य पदक के प्ले आफ मुकाबले में अन्ना देदोवा और मार्टिन पोद्रास्की की चेक गणराज्य की जोड़ी को 16–12 से हराया। आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में जोड़ी के रूप में यह अनीश और रिद्धम का दूसरा पदक है। इस जोड़ी ने इस साल मार्च में काहिरा विश्व कप में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। संजीव राजपूत एवं अंजुम मौदगिल और ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर एवं आशी चौकसे की दो अन्य भारतीय जोड़ियां 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन मिश्रित टीम स्पर्धा में क्रमश: पांचवें और छठे स्थान पर रहने के बाद पदक के दौर से चूक गए। प्रतियोगिता के नौवें दिन विजयवीर सिद्धू और सिमरनप्रीत कौर बराड़ 25 मीटर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में छठे स्थान पर रहे

### आनन्देश्वर पाण्डेय को उत्तर प्रदेश के खेल संघों ने किया सम्मानित




**लखनऊ।** गुजरात में होने वाले 36वें राष्ट्रीय खेल के लिए भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा गठित राष्ट्रीय खेल 2022 समन्वय समिति का चेयरमैन बनाया गया है। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले उत्तर प्रदेश के पहले खेल प्रशासक होंगे। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में आज लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित समारोह में प्रदेश के खेल संघों ने हर्षोल्लास के साथ सम्मानित किया। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा थे। समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी मुरलीधर आहूजा ने की। समारोह का संचालन करते हुए डा.सैयद रफत महासचिव लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन ने उनके खेल में योगदान को देखते हुए आगामी पद्म पुरस्कार देने का प्रस्ताव रखा जिसका उत्तर प्रदेश के सभी खेल संघों ने समर्थन किया।

### ताइपे ओपन : तनीषा-ईशान की जोड़ी प्री क्वार्टर फाइनल में

**ताइपे।** भारत की तनीषा क्रास्टो और ईशान भटनागर की जोड़ी स्वेतलाना जिल्बरमैन और मीशा जिल्बरमैन को हराकर ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। दुनिया की 47वें नंबर की जोड़ी ने इस साल सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 टूर्नामेंट भी जीता था। उन्होंने इस्राइली जोड़ी को 21–15, 21–8 से हराया। लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल ने महिला एकल से नाम वापिस ले लिया जबकि उनके पति पारूपल्ली कश्यप पुरूष एकल में स्थानीय खिलाड़ी चि यू जेन से खेलेंगे। भारत के एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यन और केयुरा मोपाती क्वालीफाइंग दौर में हार गए।

### सिटी क्लब और पुलिस ब्वायज आगे बढ़े



**लखनऊ।** जिला फुटबॉल लीग में सिटी क्लब ने डिवाइन क्लब को जबकि पुलिस ब्वायज ने मार्डन अलीगंज को पराजित किया। पहले मैच में सिटी क्लब ने डिवाइन क्लब को 1–0 से हराया। सिटी क्लब की ओर से हर्ष ने 50 वे मिनट में गोल किया। दूसरे मैच में पुलिस ब्वॉयज ने मॉर्डन अलीगंज को 3–0 से हराया। पुलिस ब्वॉयज की ओर से अर्श ने 6.39 वे मिनट, हम्ज़ा 35 वे मिनटए मिनट में गोल किया। तीसरे मैच में चौक स्पोर्टिंग क्लब ने एल डी ए क्लब सी को 3–0 से हराया । चौक स्पोर्टिंग क्लब की ओर से काशिफ़ ने 12 वे,अलोक 22 वे मिनट, तालिब 49 वे मिनट में गोल किया। कल पहला मैच न्यू ब्वॉयज क्लब और टाइगर क्लब व दूसरा मैच 11 स्टार क्लब और रेड स्टार क्लब के बीच होगा।

# सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज विनीत सरन बीसीसीआई के आचरण अधिकारी नियुक्त

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** के पूर्व न्यायाधीश विनीत सरन को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का आचरण अधिकारी और लोकपाल नियुक्त किया गया है। ये दोनों पद पिछले एक साल से रिक्त थे। सरन ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) डी के जैन का स्थान लिया है। जैन का कार्यकाल पिछले साल जून में समाप्त हुआ था। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, माननीय न्यायमूर्ति सरन की नियुक्ति पिछले महीने हुई है। सरन ओडिशा उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रहे हैं। उन्होंने कर्नाटक और इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में भी काम किया है। सरन से जब संपर्क किया गया तो 65 साल के इस पूर्व न्यायाधीश ने खुद को क्रिकेट का प्रशंसक करार देते हुए कहा, मैंने पिछले महीने कार्यभार संभाला है, लेकिन अभी तक कोई आदेश पारित नहीं किया है। बोर्ड से जुड़ी एक अन्य खबर में इंडियन प्रीमियर लीग में मीडिया अधिकारों से रिकॉर्डतोड़ कमाई करने के बाद बीसीसीआई घरेलू मैचों की मीडिया अधिकारों को लेकर चर्चा करेगी। बीसीसीआई की शीर्ष समिति की आगामी बैठक में घरेलू मैचों (2023 से आगे) के मीडिया अधिकारों को लेकर चर्चा होगी। कोरोना वायरस महामारी के कारण पिछले दो साल में बोर्ड की ज्यादातर बैठक ऑनलाइन हुई है लेकिन मुंबई में होने वाली इस बैठक में सभी सदस्यों के मौजूद रहने की उम्मीद है।

### सीएसए ने ग्रीम स्मिथ को नई टी20 लीग का आयुक्त नियुक्त किया

**जोहानिसबर्ग।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ को अपनी नई टी20 लीग का आयुक्त नियुक्त किया। इस टी20 लीग को अगले साल जनवरी और फरवरी में आयोजित किए जाने का कार्यक्रम है। सभी प्रारूपो मे दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल कप्तान स्मिथ टूर्नामेंट के क्रिकेट से जुड़े और इसके इतर के भी सभी पहलुओ को देखेंगे। सीएसए ने बयान में कहा, स्मिथ काफी अनुभव और खेल की बेजोड़ समझ लेकर आता है, वह एक खिलाड़ी, कप्तान, कमेंटेटर, दूत, सलाहकार और हाल में सीएसए के क्रिकेट निदेशक के रूप मे खेल से जुड़ा रहा है।

# न्यूजीलैंड ने पहले टी20 में आयरलैंड को 31 रन से हराया

भाषा। बेलफास्ट

**न्यूजीलैंड ने** सोमवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आयरलैंड को 31 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1–0 की बढ़त बना ली। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 173 रन बनाए और फिर 10 गेंद शेष रहते आयरलैंड को 142 रन पर समेट दिया। आयरलैंड का कोई बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया और टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। टीम की ओर से सिर्फ कर्टिस कैंफर (29) और मार्क एडेयर (25) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। न्यूजीलैंड की ओर से तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन ने 14 रन देकर चार विकेट चटकाए। नीशाम (19 रन पर दो विकेट) और कप्तान मिशेल (36 रन पर दो विकेट) ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए दो–दो विकेट हासिल किए। इससे पहले न्यूजीलैंड की शुरुआत भी खराब रही थी और टीम ने 54 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे।

### शफीक के शतक से श्रीलंका के खिलाफ पाक बेहतर स्थिति में

**गॉल ( श्रीलंका )।** सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक की नाबाद 112 रन की पारी की मदद से पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में जीत के लिए 342 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मंगलवार को चौथे दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट पर 222 रन बना लिए। शफीक ने 289 गेंद की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाने के साथ दो बड़ी साझेदारियां की। उन्होंने सलामी बल्लेबाज इमाम–उल–हक (35) के साथ पहले विकेट के लिए 87 और कप्तान बाबर आजम (55) के साथ तीसरे विकेट के लिए 101 रन की शानदार साझेदारी की।